
रांची, सोमवार
24.06.2024
वर्ष : 9, अंक : 203 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org bihanbharat@gmail.com @bihan_bharat Bihan Bharat RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### के आईईडी विस्फोट में दो जवान शहीद

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के सिलगेर इलाके में रविवार को नक्सलियों ने जवानों के ट्रक पर शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट किया जिसमें में दो जवान शहीद हो गए जबकि कई अन्य घायल हो गये। जिले के एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। सिलगेर इलाके में जवान नक्सलियों के तलाश अभियान पर निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने उनके ट्रक पर आईईडी ब्लास्ट कर दिया। नक्सलियों के इस हमले में दो जवान शहीद हो गए जबकि कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को इलाज के अस्पताल लाया जा रहा है। इधर, नक्सली हमले की सूचना पर अतिरिक्त बल को मौके पर भेजा गया है। इलाके में अब तलाश अभियान तेज कर दिया गया है।

### यूजीसी पेपर लीक मामले की जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर हमला, चार गिरफ्तार

**नवादा।** यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) टीम के साथ हमला किये जाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने रविवार को यहां बताया कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम शनिवार को नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। पेपर लीक में शामिल एक व्यक्ति के मोबाइल लोकेशन के आधार पर सीबीआई टीम कसियाडीह पहुंची थी, लेकिन सीबीआई टीम को नकली बताकर ग्रामीणों ने मारपीट किया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर दिया। सीबीआई की जांच टीम में चार अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस की एक महिला कंस्टेबल भी थी। ग्रामीणों के हमला से घबराई सीबीआई टीम ने इसकी सूचना रजौली पुलिस को दी। रजौली पुलिस ने ग्रामीणों को किसी तरह शांत कराया। इसके बाद स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में सीबीआई की टीम ने जांच पड़ताल किया, जिसमें लोकेशन के आधार पर दो मोबाइल फोन को जब्त किया है।

### शिक्षा व्यवस्था माफिया के हवाले : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने नीट-यूजी सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को माफिया और भ्रष्टाचारियों के हवाले कर दिया है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के ठीक एक दिन पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार निकाय राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा और परीक्षा में सुधार की सिफारिशों के लिए एक समिति गठित की है।

# सभी के सहयोग और भागीदारी से राज्य की बदलेंगे तस्वीर और तकदीर : मुख्यमंत्री

बिभा संवाददाता




जमशेदपुर। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को संवारना है। इस राज्य को नई दिशा देना है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को हमारी सरकार कई नई सौगात देने जा रही है। अब बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगा। वहीं, 25 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम उम्र की बहनों और बेटियों को सरकार आर्थिक सहायता देने जा रही है। किसानों के दो लाख रुपए तक का कृषि लोन माफ करने का भी निर्णय सरकार ने लिया है। इन योजनाओं के जरिए राज्य की जनता को आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने का प्रयास हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं। आप इस बात से वाकिफ हैं कि सरकार गठन के साथ कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से सामना करना पड़ा। ऐसे हालत में भी हमारी सरकार ने जीवन और जीविका के लिए बेहतरीन कार्य किया। इसके बाद जब विकास को गति गति देने की शुरूआत हुई तो कई विपरीत परिस्थितियां आ खड़ी हुई। लेकिन, इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए हम विकास को लगातार गति देने का काम कर रहे हैं ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने दम पर अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीबों और जरूरतमंदों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि इस राज्य में कोई भी व्यक्ति मिट्टी का कच्चा घर या झुग्गी झोपड़ी पर रहने को मजबूर नही रहे। सबके पास अपना पक्का मकान हो यह राज्य सरकार का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपकी भावनाओं, उम्मीदों और आकांक्षाओ को पूरा करने की दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में ₹आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार₹ कार्यक्रम के जरिए सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम आगे भी चलाया जाएगा, क्योंकि जनता से जुड़कर हम राज्य को नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बना रहे हैं। लगभग 15 हजार किलोमीटर लंबी सड़के बना रही हैं । वहीं सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार समेत सभी सभी सेक्टर की व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम हो रहा है। लोगों को आगे बढ़ने के लिए के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर देने का प्रयास जारी है।

खेतों में सालों भर पानी रहे, इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। राज्य में स्थित निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय को नौकरी देने का कानून सरकार ने बनाया है। अब अभियान चलाकर यहां के युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दिलाई जाएगी। शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बना रहे हैं। यहां के गरीब बच्चे भी इंजीनियर डॉक्टर और अफसर बनें, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना समेत कई और योजनाएं चल रही है। इन तमाम योजनाओं के माध्यम से यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, गरीब, मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, युवा हर किसी को सशक्त करने का प्रयास निरंतर जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक और खनिज संसाधनों के मामले में काफी धनी है। यहां कोयला, तांबा, लोहा, सोना और यूरेनियम समेत कई खनिज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि इस राज्य की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है । यहां के लोग गरीबी और अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों ने झारखंड अलग राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया था। अलग राज्य की लड़ाई में कई आंदोलनकारी शहीद हुए थे। लेकिन अलग राज्य बनने के बाद उनके सपनों का झारखंड नहीं बन सका, लेकिन हमारी सरकार इस राज्य के आंदोलनकारियों और यहां की जनता की भावनाओं के अनुरोध राज्य का नवनिर्माण करने की दिशा में मजबूती कदम बढ़ा दिए हैं।

### कई योजनाओं का मिला तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 79 लाख 99 हजार 980 रुपए की 2141 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। इसमें 14 करोड़ 88 लाख 44 हजार 580 रुपए की 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ 91 लाख 55 हजार 400 रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन पट्टा वितरण योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के 20, 484 लाभुकों के बीच 71 करोड़ 63 लाख 4 हजार 200 रुपये की परिसम्पतियों का वितरण किया।

# एनजीटी के बावजूद बालू के अवैध कारोबार का हब बना कर्रा प्रखण्ड


बिभा संवाददाता





**रांची ।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के कारो नदी से माफियाओं को बालू से प्रतिदिन लाखों रुपए की आमदनी होता है। लेकिन भयभीत जनता इसके विरुद्ध बोलने से भी डर रही है। उनका मानना है कि इतना बड़ा तस्करी बिना मिलीभगत का हो नहीं सकता तो निरीह जन दुखित होने के अलावा और क्या कर सकते हैं। ये सभी जरिया वन क्षेत्र के अंतर्गत बहनेवाली कारो नदी के लापा मोरहाटोली, मुरुचकेल क्षेत्र तथा कौवा खाप जंगल के बीच बहता नदी पर से बालू के अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। कर्रा थाना व जरिया गढ़ थाना के सामने से प्रतिदिन रात को दो सौ से अधिक वाहन बालू ढुलाई का काम करते हैं। जिसे वाहन मालिकों द्वारा रेकी भी किया जाता है। जगह जगह वाहन मालिक जमे रहते हैं। ताकि किसी प्रकार का खतरा महसूस हो तो सावधान हो जाएंगे। झारखण्ड सरकार ने बालू पर एनजीटी लगाया हुआ है लेकिन यह मात्र फाईलों व वेबसाइट में ही मात्र सिमट कर रह गया है। लेकिन कोई व्यक्ति अबुआ आवास के लिए बालू उठाव कर लें तो उसके उपर केस व जुमार्ना लगा दिया जाता है। परंतु माफियाओं द्वारा बेधड़क थाना गेट के सामने से हाईवा परिचालन होता है। जबकि लगातार समाचार में यह मामला आ रहा है लेकिन सरकार मौन और प्रशासन आँख बंद करके रखी हुई है। जिस प्रकार जलस्तर नीचे जा रहा है जिसका नतीजा भविष्य में परेशानी का सबब बन जाएगा। जो कि फिर से पानी बचाव के नाम पर सरकार करोड़ों रुपए खर्च करेगी। वनरोपण पर खर्च करेगी लेकिन तब तक अन्य नदियों की भांति कारो नदी का भी आस्तित्व समाप्त हो जाएगा। पिछली बार जेएमएम की सरकार में बाहर के लोगों को बालू ठीका दिए जाने वाली बात काफी जोर शोर से उठी थी और बालू मामले में ही सरकार बदनाम हुई थी। और इस बार भी बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। जिसपर कोई लगाम नहीं है। एक तरफ सरकार एनजीटी लगाती है तो बेखौफ बालू कारोबारी अपना काम करने में लगे हुए हैं।

### बीस से अधिक बालू लदे हाईवा को ग्रामीणों ने रोका, प्रशासन पर जमकर बरसे




**खूँटी(बिभा)।** सरकार एक तरफ बालू पर एनजीटी लगाया हुआ है तो दूसरी ओर कौवा खाप से धड़ल्ले से बालू की अवैध कालाबाजारी जारी है। वहीं प्रशासन की मौन अवस्था को देखते हुए त्रस्त ग्रामीणों ने तस्करों के विरुद्ध रविवार की रात मोर्चा खोल दिया। इस दौरान जलंगा के ग्रामीण महिला पुरुषों ने बालू लदे बीस से अधिक हाईवा को रोक दिया। साथ ही, ग्रामीणों ने प्रशासन को भी जानकारी दी। तभी उक्त स्थल पर जरियागढ़ थाना से पुलिस पहुँची जिस पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया। वहीं थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया जाता रहा की सभी वाहनों को थाना ले जाया जाएगा और इन पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन ग्रामीण थाना प्रशासन को भी खरी खोटी सुनाई। एसडीओ अनिकेत सचान ने बताया कि कौवा खाप से बालू लदा अनेक हाईवा तस्करी करते हुए जाने की बात आयी है और जिसे ग्रामीणों के द्वारा रोके जाने का मामला आया है। वहाँ पुलिस बल भेजा गया है। ताकि सभी वाहनों को सीज किया जा सके।

### धनबाद में अवैध बालू लदे तीन हाइवा समेत पांच वाहन जब्त, तीन गिरफ्तार

**धनबाद(बिभा)।** खनन विभाग और धनबाद पुलिस की एक विशेष टीम ने शनिवार की देर रात छापेमारी कर गोबिंदपुर थाना क्षेत्र में बालू लदे तीन हाइवा ट्रकों और हाइवा का स्कॉट कर रही दो कार को जब्त किया। साथ ही इस मामले में तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में डीएसपी मुख्यालय 01 शंकर कामती ने रविवार को गोबिंदपुर थाने में पत्रकार वार्ता में बताया कि गोबिंदपुर के बरवा दलदली रोड हेरिटेज स्कूल के समीप बालू लदे तीन हाइवा ट्रकों को पकड़ा गया। साथ ही बालू लदे इन हाइवा का स्कॉट कर रही दो कार को भी पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इन हाइवा ट्रकों का स्कॉट कर रहे कार सवार कमरूजमा को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दो हाइवा चालक अब्दुल अंसारी और समीम अंसारी को भी धर दबोचा गया है। एक हाइवा चालक मौके से फरार हो गया है। इन सभी पर मामला दर्ज कर इन्हें जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। डीएसपी शंकर कामती ने बताया कि बालू का अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। अब कारोबार और वाहन को स्कॉट करने वालों की भी पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से, सांसदों का शपथ ग्रहण



एजेंसी

**नई दिल्ली:** देश की 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का पहला दिन आज से शुरू होने जा रहा है. आज सुबह सुबह 10 बजे भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाएंगी. सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर प्रोटेम स्पीकर अन्य सदस्यों को शपथ दिलाने का काम शुरू करेंगे. इसके साथ ही सत्र के दौरान 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसद के तौर पर सबसे पहले शपथ लेंगे. पीएम मोदी के शपथ लेने के बाद प्रोटेम स्पीकर की मदद के लिए बनाए गए पैनल के सदस्य सांसद के तौर पर शपथ लेंगे. इस पैनल के सदस्य प्रोटेम स्पीकर की अनुपस्थिति में सदस्यों को शपथ दिलाएंगे. अभी पैनल में 5 सदस्यों को रखा गया है.

पैनल में कांग्रेस से के सुरेश, बीजेपी के राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते, डीएमके के टीआर बालू और टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय शामिल हैं. हालांकि विपक्षी पार्टियों ने कहा है कि उनके सांसद पैनल का हिस्सा नहीं होंगे और इसलिए वो सदस्यों को शपथ नहीं दिलाएंगे. वो के सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नहीं बनाए जाने का विरोध कर रहे हैं. पैनल के सदस्यों की शपथ के बाद कैबिनेट मंत्रियों का शपथ ग्रहण शुरू होगा. इसमें सबसे पहले राजनाथ सिंह शपथ लेंगे. उसके बाद क्रमवार अमित शाह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान और मनोहर लाल खट्टर और अन्य कैबिनेट मंत्री शपथ लेंगे. कैबिनेट मंत्रियों के बाद राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) और फिर राज्य मंत्री शपथ लेंगे.

### राष्ट्रपति नई सरकार के कामकाज की रूपरेखा करेंगी पेश

जानकारी के मुताबिक, इस सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी. साथ ही पांच साल के लिए नई सरकार के कामकाज की रूपरेखा पेश करेंगी.

# इसरो ने आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग प्रयोग पूरा किया

एजेंसी



**बेंगलुरु:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा किया नया मील का पत्थर स्थापित किया है। । कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स -03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ।

पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया।

इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किए गए एक बयान में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक है, और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।

'पुष्पक' नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया,यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है। टचडाउन के बाद, ब्रेक पैराशूट का उपयोग करके यान की गति को लगभग 100 किमी प्रति घंटे तक कम कर दिया गया, इसके बाद गति को कम करने और रनवे पर रोकने के लिए लैंडिंग गियर ब्रेक का उपयोग किया गया। इस ग्राउंड रोल चरण के दौरान, पुष्पक ने स्थिरता और सटीकता बनाए रखने के लिए अपने पतवार और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम का उपयोग किया। इस मिशन ने अंतरिक्ष से लौटने वाले यान के लिए दृष्टिकोण और लैंडिंग स्थितियों का अनुकरण किया। एक पुनः प्रयोज्य लॉन्च यान (आरएलवी) के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को प्राप्त करने में इसरो की विशेषज्ञता की पुष्टि की।

# जमशेदपुर में विदेशियों को साइबर ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम/रांची :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) पुलिस ने गोलमुरी के मुस्लिम बस्ती में छापेमारी कर विदेशियों को साइबर ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 13 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, सात लैपटॉप चार्जर, एक स्वीपर मशीन और 13 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं।

गिरफ्तार आरोपितों में गोलमुरी टुइलाडुंगरी निवासी अमरीक सिंह उर्फ रिंकू, कोलकाता दत्ता लेन निवासी विवेक गुप्ता, कोलकाता बगोई पाड़ा निवासी तनुप दास, हावड़ा निवासी गौरव चौधरी, मनीष चौधरी, संदीप कुमार राम और प्रवीण चौधरी शामिल हैं। हालांकि, गिरोह का मुख्य सरगना टेल्को घड़ी पार्क के पास रहने वाला सौरभ कुमार सिन्हा और साइबर क्राइम के लिए जगह उपलब्ध कराने वाला रमिज रजा खान पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोलमुरी में साइबर ठगी का काम किया जा रहा है। सूचना पर बिष्टुपुर थाना में रमिज रजा खान के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद बिष्टुपुर थाना प्रभारी उमेश कुमार ठाकुर और गोलमुरी पुलिस ने संयुक्त रूप से मुस्लिम बस्ती स्थित रमिज रजा खान के घर छापेमारी की। मौके से पुलिस ने सातों आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला प्रशस्ति पत्र



**मांडर(बिभा)।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह-विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, रांची ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 66-माण्डर विधानसभा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, माण्डर मनोरंजन कुमार और सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर(निर्वाचन) अब्दुल मन्नान अंसारी को प्रशस्ति पत्र से नवाजा ।प्रशस्ति पत्र मिलने पर मनोरंजन कुमार ने कहा कि इस तरीके से काम करने का हौसला बढ़ता है। भविष्य में इससे बेहतर काम करने की कोशिश करूंगा। वहीं अब्दुल मन्नान ने कहा कि लोकतंत्र का पर्व देश के भविष्य निर्माण का काम करती है। वैसे मैं अच्छा काम करने का प्रोत्साहन मिले तो एक नई प्रेरणा का संचार होता है।

### ग्यारह हजार वोल्ट तार गुजरने से दस बारह घर प्रभावित

**मांडर(बिभा)।** प्रखंड के हेसमी पानी टंकी के पास ग्रामीणों के घर के ऊपर से ग्यारह हजार वोल्ट का तार गुजरा हुआ था। उनके चपेट मे आने से दस-बारह घर के लोग प्रभावित हुए। जिसमे सुधीर साहू का दुधरू गाय एवं बछड़ा की मौत हो गयी, सुखदेव साहू का गाय का बछड़ा घायल हो गया, एवं अतिरिक्त घर का पंखा, टीवी एवं वायरिंग तार जल गया। रविवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को पार्टी कार्यकर्ता द्वारा जानकारी मिलने के पश्चात विधायक के निदेर्शानुसार विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी को घटना स्थल निरीक्षण करने भेजा, निरीक्षण के दौरान पश्चात पता चला की घटना के बाद अभी तक कोई विभागीय पदाधिकारी वहाँ नही पहुंचे थे। विधायक ने विभागीय पदाधिकारी को फोन करके फटकार लगाया। और कहा कि जल्द जाकर लाइट काटने एवं जो नुकसान हुआ है उसका जल्द मुआवजा देने के लिए मांग किया।

### कर्ज का पैसा मागने पर किया मारपीट

**रातू(बिभा):** रातू थाना क्षेत्र के नावा सोसो चटकपुर निवासी अनीता देवी पति मनोज राय के साथ एक दर्जन महिलाओं ने मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूपसे जख्मी हो गई। इस मामले में पीड़ित। महिला ने रातू थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। रातू थाना में दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि उसके मोहल्ले में महिलाओं की एक कमेटी चलती है। कमेटी से मोहल्ले की ही यशोदा देवी पति मनोज शर्मा ने ?40 हजार कर्ज लिया था। जब अनीता देवी कर्ज का पैसा मांगने यशोदा देवी के पास पहुंची तब विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते यशोदा देवी उसका पति मनोज शर्मा ,इंद्रजीत शर्मा ,चंदन शर्मा ,राघवजी शर्मा ,अमित शर्मा एवं रंजीत पांडे ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुनः रात्रि 10 बजे इन लोगों ने महिला के घर जाकर फिर से मारपीट कर उसे तथा झगड़ा छुड़ाने आए उसके पति को पीट कर घायल कर दिया। महिला का आरोप है कि चुन्नी देवी ने मोबाइल तथा पिंकी देवी ,बबिता देवी, कुसुम देवी, पानो देवी ने उसके जेव रात लूट लिए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### दुष्कर्म आरोपी को भेजा गया जेल

**रातू(बिभा):** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में जहानाबाद बिहार के सागरपुर ग्राम निवासी अखिलेश चौहान पिता बाबूलाल चौहान को रातू पुलिस ने रविवार को पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।मामले को लेकर पीड़िता की मां ने आरोपित के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाया है ।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपित अखिलेश पेशे से वाहन चालक है और पीड़िता के घर अक्सर आता जाता था। इसी बीच इसी साल जनवरी में उसने नाबालिग को नशीला दवा खिलाकर दुष्कर्म किया। साथ ही धमकी भी दी कि घटना के बारे में किसी को कुछ भी बताया तो जान से मार देगें ।इसके बाद आरोपित लगातार ब्लैकमेल कर पीड़िता से दुष्कर्म करता रहा ।महीने भर पहले जब अचानक उसके पेट में दर्द होने लगा तो उसने पूछने पर अपनी मां को सारी बातें बताई। मां ने पीड़ित बेटी को साथ लेकर रातू थाना पहुंची तथा मामला दर्ज कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रातू पुलीस ने त्वरित करवाई करआरोपीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### तलाब में डूबने से हुई मौत

**रातू(बिभा):** रातू थाना क्षेत्र के मलमाडू तालाब में शनिवार की दोपहर नहाने गये स्व हावड़ा मुंडा का 43 वर्षीय पुत्र जतरु मुंडा की डूबने से मौत हो गयी ।चार भाइयों में मंझिल जतरु तीन दिन पूर्व ही ईंट भट्ठा से काम करके घर लौटा था । घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस को उसका भाई शनिचारवा मुंडा व मंगरु मुंडा ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी. इसलिये वे मृतक का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं ।पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थित में पंचनामा बनाकर गांव के श्मशान घाट में उसकी अंत्येष्ठि कर दी गयी।

### बैटरी स्कूटी में लगी आग

**रातू(बिभा):** रातू थाना क्षेत्र के आनंदमई नगर निवासी अरविंद तिवारी की बैटरी स्कूटी जेएच 01ईजी 8031में चार्जिंग के दौरान आग लग गई। देखते ही देखते पूरा स्कूटी जल कर राख हो गया।



### आजसू पूर्व अध्यक्ष के श्राद्धकर्म में पहुंचे आजसू सुप्रीमो



**तमाड़(बिभा)।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो रविवार को आजसू पूर्व अध्यक्ष ललित महतो के तमाड़ स्तिथ आवास पहुंचे। कुछ दिनो पूर्व ललित महतो के माता सत्यवती देवी का आकस्मिक निधन हो गया था। आजसू सुप्रीमो ने ललित महतो से मिल कर दुख प्रकट करते हुये ढांढस बांधा। आजसू सुप्रीमो ने शोक प्रकट करते हुये ललित महतो के माता सत्यवती देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर एक मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, केंद्रीय सचिव रामदुर्लभ सिंह मुंडा, केंद्रीय महासचिव परमेश्वरी सांडिल, केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, केंद्रीय सदस्य हीरा दास, प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, संजय महतो, चितरंजन महतो आदि आजसू पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन





बिभा संवाददाता

**खलारी:** चतरा जिला ओलंपिक संघ के द्वारा मोहन नगर डकरा फुटबॉल खेल मैदान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि 10+2 झारखंड पब्लिक स्कूल के वरिष्ट शिक्षिका सह अकैडमी को ऑर्डिनेटर श्रीमती किरण देवी जी के द्वारा फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 16 एवं 18 बालक एवं बालिका आयु वर्ग के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक, 100 मी, 200 मी, 400 मी एवं 600 मी दौड़ का इवेंट कराया गया। इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियों को चतरा जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव सह गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक गणेश कुमार महतो जी के द्वारा मेडल पहानाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा ।कोयलांचल क्षेत्र के एथलेटिक्स खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन करें इसके लिए चतरा ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव सह गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक गणेश कुमार महतो जी के द्वारा मोहन नगर डकरा खेल मैदान एवं चार नंबर मैदान बचरा दो जगहो पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। ताकि इस कोलांचल क्षेत्र के बच्चे एथलेटिक्स के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर सके। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम योगदान देने वाले चतरा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव श्री राकेश कुमार सिंह, चतरा जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव सह गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक गणेश कुमार महतो, किरण देवी, आकांक्षा कुमारी, मुकेश पासवान, मनोज यादव, रमेश कुमार, नरेश कुमार, पूजा कुमारी साजिया परवीन,नाजिया परवीन, प्रिया कुमारी, अनुष्का कुमारी एवं आकाश कुमार आदि लोग थे।

## राहे के सोसो गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



बिभा संवाददाता

**राहे :** राहे प्रखंड के सोस गांव में रविवार को विधायक श्री सुदेश महतो के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाकर विधिवत रूप से किया गया। गांव में 15 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विधायक सुदेश महतो को दिया। विधायक सुदेश महतो ने तत्काल पहल करते हुए गांव में नया ट्रांसफार्मर भेजवा दिया। रविवार को प्रखंड प्रभारी बबलू खान की उपस्थिति में ग्रामीणों ने विधिवत पूजन के बाद ट्रांसफार्मर को चालू किया। मौके पर वार्ड सदस्य भूपेन महतो, अनंत अहीर, विजय अहीर, अनिल साहू, मगन चंद्र लोहरा, विकास साहू, मगन साय महतो, बंधु महतो, मिलन साहु आदि मौजूद थे।

# पीजीटी के सफल अभ्यर्थियों ने अंबा प्रसाद के प्रति आभार प्रकट किया

बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए पीजीटी के सफल अभ्यर्थियों ने सुश्री अंबा प्रसाद के प्रति उनके सहयोग के लिए आभार एवं सम्मान प्रकट किया। सैकड़ो की संख्या में पीजीटी के सफल अभ्यर्थी उनके हजारीबाग निवास स्थान में एकत्रित हुए। अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा देने के बाद जब परीक्षा कैलेंडर के अनुसार से रिजल्ट का प्रकाशन नहीं हुआ तब वे लोग अपनी व्यथा को लेकर अंबा प्रसाद के पास पहुंचे थे।



अंबा प्रसाद ने यह बिना देखे कि वे उनके चुनाव क्षेत्र से नहीं बल्कि पूरे झारखंड राज्य से हैं निस्वार्थ भाव से कई बार मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयो में जाकर रिजल्ट प्रकाशन में सहयोग प्रदान किया।

परिणाम स्वरूप सरकार द्वारा मार्च माह में 11 विषयों में से चार विषयों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिया गया। आचार संहिता समाप्ति के पश्चात अन्य सात विषयों का भी रिजल्ट प्रकाशित कर सोमवार से जैक में काउंसलिंग प्रारंभ किया जा रहा है ।

अंबा प्रसाद के द्वारा इतने लंबे समय अंतराल तक सहयोग प्रदान करते रहने के लिए अभ्यार्थियों ने उनके आवास में पहुंचकर आभार प्रकट किया ।

अभ्यर्थियों ने अंबा प्रसाद को गुलदस्ता दिया साथ ही माल्यार्पण करते हुए मुंह भी मीठा करवाया इसके साथ-साथ पुष्पवर्षा भी की गई ।

अंत में अभ्यर्थियों के द्वारा लाये गए आम के वृक्ष को अंबा प्रसाद ने अपने परिसर में लगाकर सुशोभित किया। अंबा प्रसाद ने सभी अभ्यर्थियों को तहे दिल से उनके आभार एवं सम्मान के लिए धन्यवाद दिया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इस दौरान देवेंद्र कुमार, अभय कुमार, गोपाल कुमार, सीताराम कुमार, श्रीकांत कुमार,प्रभात कुमार, पिंटू कुमार ,नेहा सिंह, नेहा यादव, रितु कुमारी, नीतू सिंह, पंकज कुमार,महेंद्र कुमार,रवि कुमार,भरत दांगी, टिंकू कुमार, सूरज कुमार, मोहम्मद सलमान सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता आलोक, लाल किशोर और राजेश निलंबन मुक्त

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर रविवार को आलोक कुमार दुबे सहित तीन नेताओं को निलंबन मुक्त कर दिया गया। इनमें लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता शामिल है। तीनों को सम्यक विचारोपरांत तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त कर दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन के बाद यह निर्णय लिया गया है। साथ ही यह उम्मीद जताई गई है कि तीनों वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पर पूरी दृढ़ता से कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत 12 फरवरी को कांग्रेस की अनुशासन समिति की अनुशंसा पर आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू और साधुशरण गोप को तत्काल प्रभाव से अगले छह वर्षों के लिये झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा पार्टी से निलंबित कर दिया गया था।

# पुरुलिया बस ऑनर संस्था के अध्यक्ष बनें सातों मुखर्जी



बिभा संवाददाता

**रांची :** पश्चिम बंगाल झारखंड प्रदेश सीमाना में पुरुलिया बस ऑनर संस्था की वार्षिक बैठक हुआ, जिसमें झारखंड पश्चिम बंगाल से करीबन 160 बस मालिकों के उपस्थिति में सर्व सम्मति से पारित करते हुए नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। जिसमें 18 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन हुआ जिनका नाम क्रमशः इस प्रकार है। अध्यक्ष सातों मुखर्जी, उपाध्यक्ष अनूप चेटर्जी, सचिव प्रतिभा रंजन सेनगुप्ता,सह सचिव प्रदीप बनर्जी, देवाशीष सिंहदेव,एवं देवदास सहना, कोषाध्यक्ष भागवत होता, कार्यकारी सदस्य मनोज मुखर्जी,कृष्ण मुरारी साहू,प्रदीप कुंडू,देवदास बनर्जी जीम ,सेनु सिंहदेव,एम डी सद्दू ,सुशील गोप,आशीष कुमार गोस्वामी,बापी देवघरिया, दो और सदस्य को मिलाकर कुल 18 सदस्यों का चयन किया गया। इस बैठक में टाटा मोटर्स से जी एम, सेल्समेनेजर , टेक्निकल मैनेजर सभी ने अपना टाटा कंपनी का के बसों के विभिन्न मॉडलों के बारे में बस ऑनर लोगो को विस्तार से समझाया। इस साल दो बस ऑनर के निधन पर उन्हें दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

## डायनेमिक आइडियल कंप्यूटर केंद्र ने डीसीए एडीसीए व टैली के प्रशिक्षण प्राप्त 250 छात्रों को परीक्षा ली

### इस युग में प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर ज्ञान जरूरी : निर्देशक



बिभा संवाददाता

**सिल्ली :** डायनेमिक आइडियल कंप्यूटर सेंटर न्यू बुंडू रोड सिल्ली ने रविवार को सिल्ली इंटर कॉलेज सिल्ली में डीसीए, एडीसीए और टैली की पढ़ाई करने वाले कुल 250 छात्र-छात्राओं को परीक्षा लिया। केंद्र के निर्देशक घनेश्याम कोईरी ने कहा आज का युग कंप्यूटर का युग है और इस युग में प्रत्येक व्यक्ति अर्थात युवा वर्ग तक को कंप्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। चाहे स्वयं का व्यवसाय हो या फिर किसी भी कंपनी या शासन के विभाग में नौकरी करना है तो कंप्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। हम छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर का ज्ञान अर्थात प्रशिक्षण दिलवाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं ।डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन बेसिक लेवल कंप्यूटर एमएस एक्सेल ऑफिस के काम के लिए एक अत्यधिक उपयोग किया जाने वाला सॉफ़्टवेयर है और दिन-प्रतिदिन के पेशेवर जीवन में इसकी आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा टैली अकादमी का कोर्स किसी कार्यालय में शामिल होने से पहले इसका उपयोग करना सीखना अनिवार्य है। मौके पर निर्देशक घनेश्याम कोईरी, शिक्षक अंकुर एक्का यातिन विश्वकर्मा सनुप आस भुनेश्वर सर आदि उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला की मौत

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के तमाड़ रायडीह हाड़ामलोहर निमार्धीन सड़क पर सारजमडीह बड़ा तालाब के समीप दो बाइक की टक्कर में एक महिला फागनी देवी उम्र (52 बर्ष) की मौत हो गयी। मृतक महिला बिरगांव लोहरा टोला निवासी है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया की मृतिका अपने नाती मुकेश लोहरा के साथ बाइक पर सवार होकर पंडरानी जा रही थी। तभी सारजमडीह बड़ा तालाब के सामने तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल (जेएच 05 वाई 8499) नशे में धुत युवकों ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मृतिका फागनी देवी और उसका नाती मुकेश महतो सड़क के बीचों बीच गिर पड़े। लोगों के सहयोग से इलाज के लिए फागनी देवी को रिम्स भेज दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा टक्कर मारने वाले मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया। मोटरसाइकिल सवार शम्भू उरांव ओर सुरेश उरांव मोदीडेरा सारजमडीह निवासी घटना के बाद फरार हो गये।

# कोटांगदाग निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र का दूसरा तल्ला का छज्जा गिरा

बिभा संवाददाता

**राहे।** ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत राहे प्रखंड के कोटांगदाग गांव में 50 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कार्य किया जा रहा है ।शुक्रवार को भवन का दूसरा तल्ला का ढलाई किया गया था। दोपहर तक ढलाई हुई और शाम तक एक हिस्सा का छज्जा गिर गया ।छज्जा गिरने से ग्रामीणों ने अनिमियता करने का आरोप लगाया है। छज्जा गिरने की सूचना पर स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियो ने भी भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संवेदक पर निर्माण कार्य में अनिमियता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि निम्न स्तर का सेंटरिंग किया गया था जो छत ढलाई का भार सहन नही कर पाया तथा ढलाई के दौरान वाइब्रेट मशीन का प्रयोग किया गया। जिससे छत का छज्जा धरासाई हो गया।

इस संबध में निर्माण कार्य को देख रहे कनीय अभियंता राहुल कुमार ने कहा की मिस्त्री के गलती के कारण छत का छज्जा गिरा है। कहीं कोई अनिमियता नही है। ढलाई के दौरान वाइब्रेट मशीन छज्जा में चला दिया गया जिससे एक हिस्सा गिरा है। संवेदक की जिम्मेवारी है छत को अच्छे से ढलाई करेगा।



### जेबीकेएसएस के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने किया निरीक्षण

**राहे (बिभा):** कोटांगदाग गांव में निर्माणधीन उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य में गड़बड़ी के शिकायत की सूचना पर जेबीकेएसएस केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो रविवार को गांव पहुंच कर भवन निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत कार्य का क्वालिटी का जानकारी मिस्त्री, मजदूर ,मुंशी और ठिकेदार से लिया। विभागीय इंजीनियर से बात कर क्वालिटी और एस्टीमेट के अनुरूप काम करने को कहा। इस दौरान देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि भवन निर्माण में गड़बड़ी बर्दास्त नहीं किया जायेगा, गड़बड़ी का जांच कर दोषीदार को करवाई किया जाय अन्यथा आंदोलन के बाध्य होंगे।

# सौर ऊर्जा की ओर पूर्व मध्य रेल के बढ़ते कदम, जीरो कार्बन उत्सर्जन मिशन पर तीव्र गति से कार्य प्रगति पर

**वर्तमान में कुल 2197.52 KWp क्षमता का लगाया गया सोलर पैनल**

**तथा 9432 KWp क्षमता का सोलर पैनल लगाने का कार्य प्रगति पर**

**वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 18.54 लाख यूनिट बिजली का हुआ उत्पादन**

**इससे बिजली बिल के मद में 77.81 लाख रुपए की हुई बचत**

बिभा संवाददाता

**हाजीपुर/रांची :** पूर्व मध्य रेल द्वारा एक जीरो कार्बन उत्सर्जन मिशन की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए प्रचलित उर्जा के प्रयोग को कम करने और सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु कई स्टेशनों एवं प्रशासनिक भवनों तथा समपार फाटकों पर सोलर सिस्टम लगाया गया है। वर्तमान में पूर्व मध्य रेल में पांचों मंडलों एवं मुख्यालय, हाजीपुर में कुल 2197.52 KWp क्षमता का सोलर पैनल लगाया जा चुका है। इन सोलर पैनलों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 18.54 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ जिससे बिजली बिल के मद में 77.81 लाख रुपए की बचत हुई ।

इनमें मुख्य रूप से महाप्रबंधक कार्यालय भवन, हाजीपुर में 510.4 KWp तथा दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय एंड हॉस्पीटल में 500 KWp क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित है । इसी तरह गया मेमू शेड में 272 KWp , पाटलिपुत्र स्टेशन पर 140 KWp तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, सोनपुर में 110.4 KWp क्षमता के सोलर प्लांट कार्य कर रहे हैं । समस्तीपुर मंडल के 30 स्टेशनों यथा - जयनगर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, मोहम्मदपुर, ककरघाटी, टेक्टर, तारसराय, भैरापट्टी, अलीनगर टोला, रूपौली, जोगिआरा, राजनगर, पण्डौल, हरपट्टी, सोनबरसा कचहरी, रामभद्रपुर, चमुआ, परसौनी, मुरलीगंज, रून्नी सैदपुर, डुमरा, बाजपट्टी, कमतौल, मुक्तापुर, किशनपुर, हायाघाट, मनीगाछी, बिरौल एवं लोहना रोड स्टेशन तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कुल 222.38 KWp क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। दानापुर मंडल के 07 स्टेशनों यथा - पाटलिपुत्र, फुलवारीशरीफ, पटना साहिब, फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ, राजगी स्टेशनो तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सेंट्रल हॉस्पीटल एवं पटना पावर हाउस में कुल 862.4 KWp क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। धनबाद मंडल के 08 स्टेशनों यथा - नेसुब गोमो, गढ़वा रोड, पारसनाथ, हजारीबाग, गझंडी, बरकाकाना, नगर उंटारी एवं सिंगरौली स्टेशनों पर कुल 85.94 KWp क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया है। पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 07 स्टेशनों यथा - फेसर, कजरत नावाडीह, इस्माइलपुर, चिरैलापौथू बिहार, बगहा बिशुनपुर, गुरारू, जाखीम स्टेशनों पर तथा वैगन केयर सेंटर/डीडीयू, मेमू शेड/गया एवं सिक लाईन/गया में कुल 386 KWp क्षमता का सोलर प्लांट कार्य कर रहा है। सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन एवं पहलेजा स्टेशन पर कुल 130.4 KWp क्षमता का तथा महाप्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर में 510.4 KWp क्षमता का सोलर प्लांट कार्य कर रहा है ।

इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के कुल 260 स्टेशनों, 120 अन्य भवनों तथा 116 समपार फाटकों पर कुल 9432 KWp क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य प्रगति पर है ।इनमें दानापुर मंडल में 39 स्टेशन, 30 अन्य भवनों तथा 20 समपार फाटकों पर कुल 2630 KWp क्षमता का सोलर प्लांट; सोनपुर मंडल में 60 स्टेशन, 14 अन्य भवनों तथा 16 समपार फाटकों पर कुल 1375 KWp क्षमता का सोलर प्लांट; समस्तीपुर मंडल में 50 स्टेशन, 28 अन्य भवनों तथा 80 समपार फाटकों पर कुल 1027 KWp क्षमता का सोलर प्लांट; धनबाद मंडल में 91 स्टेशन एवं 39 अन्य भवनों पर कुल 3760 KWp क्षमता का सोलर प्लांट; पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 20 स्टेशन एवं 09 अन्य भवनों पर कुल 640 KWp क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है।

विदित हो कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रचलित ऊर्जा का कम-से-कम प्रयोग करना आवश्यक है । सोलर ऊर्जा से एक ओर जहां बिजली खरीदने में होने वाले व्यय को कम करते हुए राजस्व की बचत हो रही है वहीं दूसरी ओर स्वच्छ पर्यावरण बनाये रखने में भी सहायक सिद्ध होगी ।

## संक्षिप्त खबरें

### कल्पना सोरेन ने मोरारी बापू से लिया आशीर्वाद



**रांची/गिरिडीह(बिभा)** : गाण्डेय विधायक कल्पना सोरेन ने मधुबन में आयोजित 9 दिवसीय रामकथा के समापन के दिन पहुँच कर मुरारी बापू जी की श्री राम कथा में शामिल हुईं इस दौरान उन्होंने मोरारी बापू द्वारा आशीर्वचन लिया। इस दौरान गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी उपस्थित रहे ।

### रांची के रितेश गुप्ता जी-20 युवा उद्यमिता सम्मेलन के लिए ब्राजील पहुंचे



**रांची(बिभा)** : रांची के प्रतिष्ठित उद्योगपति और यंग इंडियंस रांची के संस्थापक अध्यक्ष रितेश गुप्ता जी-20 युवा उद्यमिता सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ब्राजील पहुंचे हैं। इस सम्मेलन में भारत के 21 राज्यों से सदस्य शामिल हुए हैं और रितेश गुप्ता ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया है। रितेश गुप्ता अब के राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा हैं। रितेश गुप्ता की कंपनी, पारागोन फाइनेंस लिमिटेड, बीएसई में 1992 से सूचीबद्ध है। यह कंपनी 1986 से रांची में ऑटोमोबाइल वित्त और अन्य व्यापारिक ऋण प्रदान कर रही है। उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वैश्विक उद्यमिता के मुद्दों पर चर्चा करना और भारत की ओर से युवा उद्यमियों की आवाज को विश्व पटल पर प्रस्तुत करना है। रितेश गुप्ता की इस उपलब्धि से न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड का गौरव बढ़ा है। उनके अनुभव और नेतृत्व के माध्यम से भारतीय युवा उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

### पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपनी मां के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगाये : संजय सेठ



**रांची(बिभा)** : रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने आज एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के निमार्ता आज मोराबादी स्थित शहीद संकल्प शुक्ला पार्क में अपनी मां के चित्र के साथ वृक्षारोपण किया इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने कहा यह धरती हमारी मां है और इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। आज पूरे देश में एक पेड़ अपनी मां के नाम से लगाया जा रहा है आज विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं कंक्रीट का जाल बीछ रहा है इसका दुष्परिणाम हम सबों के सामने हैं इसे बचाने के लिए हम सबों को जल, जंगल, जमीन, को सुरक्षित करने की आवश्यकता है। हम सबों को अपनी मां के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगानी चाहिए यही नहीं जिस तरह हम अपने बच्चों की देखभाल करते हैं ठीक उसी प्रकार हमें वृक्षों को भी देखभाल करनी होगी। आज के इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, हेमंत दास, प्रेम मित्तल, रमेश सिंह, ललित ओझा, संजय जयसवाल, मुनचुन राय, कृष्ण कुमार दयाल, रंजीत चौरसिया, सरदार गोविंद सिंह, प्रकाश नारायण, हरि नारायण गुप्ता, नीरज पासवान, राजेश सिन्हा, रामेंद्र कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे

### ओलम्पिक दिवसः तलवारबाजी प्रतियोगिता 26 को

**रांची(बिभा)** :अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समारोह 2024 का आयोजन प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाया जा रहा है इसी के तहत झारखंड फेंसिंग संघ ने आगामी बुधवार 26 जून को एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन करेगी यह जानकारी झारखंड फेंसिंग संघ के सेक्रेटरी श्री जय कुमार सिंह ने दी उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता बिरसा स्टेडियम मोराबादी के फेंसिंग हाल में आयोजित किए जाएंगे प्रतियोगिता ओपन वर्ग की होगी. पेरिस ओलम्पिक में भाग लेने जा रहे भारतीय दल का उत्साहवर्धन ओलम्पिक दिवस समारोह का उद्देश्य होगा. फ्यूल योर जर्नी टू ओलम्पिक सक्सेस के थीम के साथ ये समारोह आयोजित होंगे. इस वर्ष का ओलंपिक दिवस समारोह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि पेरिस ओलंपिक के कगार पर हैं। हमारी टीम इस भव्य खेल आयोजन में भाग लेने की तैयारी कर रही है, और निश्चित रूप से हमें उन्हें पदक जीतने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### भारतीय जनसंघ के संस्थापक को बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**रांची(बिभा)** : पहाड़ी मंदिर के निकट चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एक राष्ट्र,एक निशान एवं एक विधान के प्रणेता श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मुकेश मुकेश मुक्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम वर्मा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सत्येंद्र वर्मा,रविंद्र वर्मा,फिरंगी साहू,संतोष कुमार, सच्चिदानंद सोनी,शिव किशोर शर्मा,अविनाश वर्मा,मुकेश गुप्ता, बिंदुल वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।यह जानकारी भाजपा नेता शिव किशोर शर्मा ने दी है।

---

मुख्यमंत्री माझी परगना महाल के 14वें महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

# माझी परगना महाल व्यवस्था की मजबूती से आदिवासी समाज आगे बढ़ेगा : मुख्यमंत्री



बिभा संवाददाता

**रांची/घाटशिला** : माझी परगना व्यवस्था जब मजबूत होगा तभी आदिवासी समाज आगे बढ़ेगा। हमारी सरकार इस राज्य की आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन आज पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला स्थित पावड़ा में माझी परगना महाल के 14वें महासम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों को और अधिकार देने की कार्य योजना बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संताल समुदाय झारखंड समेत कई राज्यों के अलावा नेपाल और भूटान जैसे कई देशों में भी प्राचीन काल से निवास करता आ रहा है। ये भले ही अलग-अलग क्षेत्र में रहते हैं पर उनकी परंपरा और संस्कृति लगभग एक जैसी ही है। लेकिन, आज उनकी समृद्ध परंपरा पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में आदिवासी समुदाय की परंपरा, भाषा औ? कला- संस्कृति के संरक्षण और बढ़ावा के लिए सभी को आगे आना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आदिवासी समुदाय को अपने हक- अधिकार के लिए एकजुट होना होगा। आदिवासियों में सामाजिक एकता और चेतना जगाने की जरूरत है, ताकि उनकी सामाजिक- पारंपरिक व्यवस्था से जो खिलवाड़ हो रहा है उस पर प्रहार किया जा सके । यह तभी संभव है, जब सभी आदिवासी समुदाय मिलकर पूरी ताकत के साथ आवाज बुलंद करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी हितों का सरकार पूरा ख्याल रखेगी। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड के लिए सरकार प्रयास जारी रखेगी। इसके साथ वन अधिकार और सीएनटी तथा एसपीटी एक्ट में वैसे किसी भी तरह के छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिससे आदिवासी समुदाय की पारंपरिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो। उन्होंने माझी परगना महाल के सम्मेलन में भरोसा दिलाया कि उनकी जो मांगें है, उसपर पहले से ही काम प्रारम्भ कर दिया गया है।

इस महासम्मेलन में विधायक रामदास सोरेन, समीर मोहंती और संजीव सरदार, देश परगना बाबा बैजू मुर्मू और माझी परगना महाल के सभी अगुवागण मौजूद थे।

## बुरुडीह डैम को बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप विकसित करना प्राथमिकता : चम्पाई सोरेन



**पूर्वी सिंहभूम** : मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अवलोकन के क्रम में बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से एक बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं यही कारण है कि हमारी सरकार राज्य में चिन्हित कई धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, डैम, फॉल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से मैं जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरुडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं, इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मेरे मन में था। इस डैम का पानी बुरुडीह आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को मिले इसी उद्देश्य से हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर सेक्टर में विकास की एक लम्बी लकीर खींचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम का सौंदर्यीकरण कार्य सहित राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन के सभी जरूरी व्यवस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित यह राज्य सरकार का लक्ष्य है। यहां गेस्ट हाउस, खेल मैदान, पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से लोग इस पर्यटन स्थल में आकर यहां की खूबसूरती का आनंद ले सकें, इस निमित्त डैम को कनेक्ट करने वाला सड़क सहित बिजली, पानी और पर्यटकों के ठहरने की पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम को विकसित कर घाटशिला क्षेत्र को एक नई पहचान देनी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया तथा पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर वृक्ष को संरक्षित करने का संदेश भी दिया।

मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान अधिकारियों से राज्य सरकार द्वारा बुरुडीह डैम में किए जाने वाले कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग, वन विभाग और पूर्वी सिंहभूम जिला के अधिकारियों को बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर बुरुडीह डैम के विकास कार्य को निश्चित समय सीमा के अंतर्गत मूर्त रूप देने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर घाटशिला विधायक श्री रामदास सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अरवा राजकमल, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर श्री किशोर कौशल सहित संबंधित विभाग के वरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# झारखंड सरकार देश में सबसे भ्रष्ट, राज्य में अबकी बार बनेगी भाजपा सरकार : शिवराज

बिभा संवाददाता

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं ने लोकसभा चुनाव में परिश्रम की पराकाष्ठा की है। इसी का नतीजा है कि भाजपा ने यहां शानदार सफलता हासिल की है। हम झारखंड में नौ सीटें जीते हैं और लगभग 52 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रहे। इसके लिए यहां के नेतृत्व और कार्यकताओं का अभिनंदन करता हूं।

शिवराज सिंह चौहान रविवार को रांची में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राज्य में चारों तरफ केवल लूट का माहौल है। चंपाई सोरेन सरकार में चाहे रेत हो, चाहे कोयला हो, चाहे खनिज हो या फिर ट्रांसफर पोस्टिंग हो। हर तरफ केवल लूट ही मची है। उन्होंने कहा कि जेएमएम के नेता गिरफ्तार हो रहे हैं। इनके मंत्री जेलों में हैं। हम एक-एक काला चिठ्ठा खोलेंगे और भ्रष्टाचार में लिप्त हर एक को सजा दिलाएंगे।

शिवराज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि झारखंड को भ्रष्टाचार की तबाही से मुक्त कराना है। इसके लिए हम सब फिर से झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर राज्य को कुशासन से मुक्त करेंगे और सुशासन लाएंगे ताकि जो विकसित भारत के निर्माण का संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है उसके लिए हम विकसित झारखंड बना सकें।

चौहान ने कहा कि झारखंड की सोरेन सरकार हिंदुस्तान की सबसे भ्रष्ट सरकार है। इस सरकार ने भोली-भाली जनता से जो वादे किए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस सरकार ने युवाओं से सरकारी नौकरियों का वादा किया था लेकिन आज तक एक भी नियुक्ति पत्र किसी को नहीं दिया। इन्होंने बेरोजगार युवाओं के साथ भी बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छलावा किया। बेरोगजारी भत्ते का वादा किया लेकिन निभाया नहीं।

शिवराज ने कहा कि अकेले केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड को पिछले कुछ वर्षो में मनरेगा में अकेले ही 21 हजार 55 करोड़ रुपये दिए लेकिन न तो मनरेगा का काम ठीक से हो पाया न ही झारखंड का विकास हो पाया। यहां की भ्रष्ट सरकार मनरेगा और विकास कार्यों की राशि भी डकार गई।

शिवराज ने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि जहां-जहां बूथ जीते हैं वहां शानदार सफलता के लिए अभिनंदन कार्यक्रम किए जाएंगे। अब झारखंड को कुशासन से मुक्त कराने का संकल्प यहां के नेतृत्व और कार्यकताओं ने लिया है। विधानसभा चुनाव में पूरी टीम दिन और रात मेहनत, लगन के साथ परिश्रम करेगी। कार्यकताओं में आज जो विजय का आत्मविश्वास दिखाई दिया है, उससे हम आश्वस्त हैं कि झारखंड में इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

इस दौरान चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के साथ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित थे।





### मां और प्रकृति दोनो जीवन के आधारः शिवराज

**रांची** : प्रदेश भाजपा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के रूप में मनाया। अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर आए केंद्रीय मंत्री एवम भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर परिसर नामकुम में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनो जीवन के आधार हैं। दोनो के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पार्टी कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण केलिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर कार्यकर्ता 23जून से 6जुलाई तक लाखों पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देंगे। प्रकृति भी मां के समान है। कहा कि कि प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लें और समाज के हर व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित भी करें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज दुनिया की प्राथमिकता है। दुनिया बढ़ती गर्मी से परेशान है।

## नीट-यूजी परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ कांग्रेस ने धमेन्द्र प्रधार का पुतला फूंका



बिभा संवाददाता

**रांचीः** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर रविवार को रांची जिला एवं रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में नीट-यूजी-2024 परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ अल्बर्ट एक्का चौक, रांची में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे। पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने किया।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कहा कि प्रधानमंत्री जी अपनी चुप्पी तोड़कर अविलंब नीट यूटी परीक्षा को रद्द करें तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान जी अपनी इस्तीफा दें।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी डायरेक्टर को हटाकर एनडीए सरकार मामले को लीपापोती करने में लगी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए।

देश में पिछले पांच सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुई है। भारत जैसे युवा देश में केन्द्र की एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य को अधंकारमय बनाने पर तुली हुई है। करोड़ों होनहार मेहनतकश छात्रों के साथ खिलवाड करना घोर नाइंसाफी है।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, अमरेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, सोनाल शांति, बेलस तिर्की,ि महानगर- शहबाज खान, जितेन्द्र त्रिवेदी, गौरव सिंह, विक्की ठाकुर, सदाब खान, साकेत कुमार, मोहित राज, विपुल सिंह, सोनू तुषार, समीर, रोहित पांडे, अमन, अब्दुल रहमान, अजय सिंह विनोद सिंह, एनूल हक, मदन मिश्रा, वसीम अकरम, खगेन्द्र महतो, सरदार उरांव,सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

प्रेस क्लब में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री का हुआ सम्मान समारोह

# मैं रांची प्रेस क्लब का सदस्य हूँ, इस क्लब पर समाज को नाज है : संजय सेठ



बिभा संवाददाता

**रांची** : राँची प्रेस क्लब में जब भी मैं आता हूँ, लगता है कि अपने परिवार में आया हूँ। पूरे देश में ऐसा प्रेस क्लब दूसरा नहीं है। इस क्लब पर समाज को नाज है। यह कहना था राँची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का, वे आज राँची प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में हिस्सा ले रहे थे। श्री सेठ द रांची प्रेस क्लब के एसोसिएट मेंबर भी हैं। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होने कहा की प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। श्री सेठ ने कहा कि जीवन में पैसे से, पद से कुछ हासिल नहीं कर सकते, अपने व्यवहार से ही हम सब कुछ हासिल कर सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार राँची प्रेस क्लब पहुँचे श्री सेठ का स्वागत क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन और सचिव अमरकांत ने शॉल ओढ़ाकर किया। उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि, सह सचिव रतन लाल और कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, आलोक कुमार सिन्हा, अंजनी कुमार, आरजे अरविंद, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, मोनू कुमार ने पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश राय, प्रमोद झा, निलय सिंह, सुनील सिंह, सुशील सिंह मिंटू, दिलीप सिंह, परवेज कुरैशी, आमिर, काजल मेहता, अजय लाल, प्रभात जायसवाल, आदि मौजूद थे।

## रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की द्वितीय कार्यकारिणी की हुई बैठक



बिभा संवाददाता

**रांची** : रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी सदस्यों की द्वितीय बैठक महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई है एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक मे महामंत्री विनोद कुमार जैन ने सम्मेलन द्वारा आयोजित हुई प्रतिभा सम्मान समारोह की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सम्मान समारोह में 170 बच्चों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर में स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम में एक स्थाई आधुनिक प्याऊ लगाने की योजना है।

ललित कुमार पोद्दार ने सम्मेलन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विगत 2 वर्षों से दो अन्नपूर्णा सेवा सम्मेलन द्वारा सफलतापूर्वक चलाए जा रहा है। अगर उचित स्थान मिलने पर तीसरा अन्नपूर्णा सेवा प्रारंभ करने की योजना है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला मारवाड़ी सम्मेलन जन सेवा के साथ-साथ शिक्षा, चिकित्सा, वृक्षारोपण एवं अन्य सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखेगी।

बैठक का संचालन संयुक्त महामंत्री कौशल राजगढ़िया ने की तथा धन्यवाद- ज्ञापन मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष किशन साबु ने किया। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक मे-भागचंद पोद्दार, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद जैन, कमल कुमार केडिया, पवन शर्मा, नंदकिशोर पाटोदिया, पवन पोद्दार, कौशल राजगढ़िया अशोक नारसरिया, ज्योति बजाज, अनिल अग्रवाल, मनोज चौधरी, मनोज रूईया, किशन साबू, नरेश बंका, आनंद जालान,दीपेश निराला, संजय सर्राफ,प्रमोद अग्रवाल, रमण वोडा, निर्मल बुधिया,प्रमोद बगड़िया, बबलू हारित, विकास अग्रवाल, सौरभ बजाज, विशाल पाड़िया, रौनक झुनझुनवाला, आकाश अग्रवाल, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 8महास्नान के बाद एकांतवास में गए भगवान जगन्नाथ



**बोकारो(बिभा) :** आषाढ़ पूर्णिमा पर महास्नान के बाद भगवान श्री जगन्नाथ एकांतवास में चले गए। शहर के सेक्टर-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर में आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर महास्नान का अनुष्ठान किया गया। आज से सात जुलाई तक मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन नहीं होंगे। उसी दिन रथ यात्रा निकाली जाएगी। जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्य व बीएसएल अधिकारी लंबोदर उपाध्याय ने बताया कि भगवान जगन्नाथ अब एकांतवास में रहेंगे। एकांतवास खत्म होने के बाद भगवान जगन्नाथ का श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद उन्हें गर्भगृह से बाहर निकला जाएगा। तब वह आम जनों के दर्शन के लिए सुलभ होंगे। सात जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। लंबोदर उपाध्याय ने बताया कि आज शुभ मुहूर्त में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की सभी मूर्तियों को 108 घड़ों में रखे सुगंधित जल व पंचामृत से मंदिर परिसर में महास्नान कराया गया। महास्नान के बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र को फूल मालाओं से सजाकर भक्तों के दर्शन के लिए हॉल में रखा गया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### 13 दिनों से लापता पुत्री का अब तक कोई सुराग नहीं, पिता ने लगाया पुलिस से मदद की गुहार



**बोकारो(बिभा) :** विगत 13 दिनों से लापता निशु कुमारी बोकारो जिलों के पिंडरा जोड़ा थाना कसमार निवासी एक पिता सूर्य कांत महतो ने अपने पुत्री को लेकर पुलिस से लगातार मदद की गुहार लगा रही है सूर्यकांत महतो ने सोमवार को बताया कि उनकी पुत्री विगत 13 दिनों से लापता है जिसका किसी भी तरह से कोई पता नहीं चल पा रहा है मंगलवार को 11 तारीख रात 11 बजे से लापता है इसी संदर्भ में गांव के माल वाहक छोटा हाथी चालक अपने गाड़ी में मेरी बेटी को बैठते हुए सीसीटीवी फुटेज पुलिस को प्रस्तुत किया गया है जिसमें पुलिस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है पर अभी तक इस बात को लेकर सवालिया निशान लगा हुआ है कि चालक ने अब तक पुलिस प्रशासन को क्या बताया है अभी तक प्रशासन द्वारा पूछताछ के बाद किसी भी बात को लेकर परिजनों से अभी तक कोई भी जिक्र नहीं की गई है यहां तक की जो माल वहां से मेरी बेटी को ले जाया गया था प्रशासन अभी तक उसे माल वाहन को थाने में भी लेकर नहीं आई है चालक ने जान से मारने की धमकी भी दिया गया हैं।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर बोकारो जूडो संघ की बैठक संपन्न



**बोकारो(बिभा) :** जूडो संघ के द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक डे दिवस के अवसर पर बोकारो जूडो संघ के सभी पदाधिकारी एवं बोकारो जिले में प्रशिक्षण दे रहे सभी जूडो पर शिक्षकों के साथ बैठक मिथिला अकैडमी स्कूल सेक्टर 4 में बोकारो जूडो संघ के सचिव श्री राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में खेल के महत्व को समझते हुए बोकारो जिले में किस प्रकार जूडो को हर एक बच्चे तक पहुंचाया जाए इस पर चर्चा हुई तथा आगामी छठवीं बोकारो जिला जूडो प्रतियोगिता जो कि अगस्त में होने जा रही है इस प्रतियोगिता के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी सभी जूडो प्रशिक्षकों को दी गई ज्ञात हो कि बोकारो के विभिन्न स्कूलों तथा बोकारो के ब्लॉक एवं प्रखंडों के जूडो प्रशिक्षक इस बैठक में उपस्थित हुए प्रशिक्षकों में चिन्मय कुमार, नईम अंसारी, वासुदेव कुमार, नितेश कुमार पांडे,राहुल प्रताप सिंह, धानांतर कुमार, आयुष कुमार ठाकुर, दीपक रंजन, संजय राजभर, दुर्गा प्रसाद, उमेश नायडू तथा संतोष कुमार दत्ता मौजूद रहे

### रक्तदान शिविर में 25 नवयुवक और नवयुवतियों बच्चों ने किया पहला रक्तदान



**बोकारो(बिभा) :** बारी कोऑपरेटिव स्थित अपना लाइब्रेरी, दी एकचीवर्स अकेडमी रितुडीह एवम दी लाइब्रेरी रितुडीह और बोकारो रक्तवीर परिवार के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी नवयुवक और नवयुवतियों का पहला रक्तदान था। इस शिविर के मुख्य अतिथि मराफारी थाना प्रभारी कमल किशोर मौर्य ने रक्तदान कर शरुआत की। उन्होंने कहा की रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है बल्कि फायदा ही होता है। संस्था के निदेशकों को बहुत धन्यवाद किया जिन्होंने सभी रक्तदाताओं को खासकर जिन्होंने पहला रक्तदान किया, रक्तदान के लिए प्रेरित कर रक्तदान करवाया। संस्था के निदेशक सुधीर कुमार, सुशील कुमार, एवम सोनी कुमारी ने कहा की यहाँ पर बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल प्रदान करना एवम समाजिक महत्व को भी बताया जाता है। रक्तदान शिविर इसी कड़ी की एक शुरूआत है। हमलोग हमेशा समाचार पत्रों, सोशल मिडिया के माध्यम से देखते पढ़ते रहते है की रक्त की कमी के चलते थैलेशिमिया पीड़ित बच्चे, और भी जरूरतमंदो को रक्त की कमी के चलते परेशानी होती है। संस्था के सभी बच्चों ने इस रक्तदान को सफल बनाने में सहयोग किया। शिविर में संस्था के 25 बच्चों ने रक्तदान किया। रक्त संग्रह इण्डियन रेड क्रॉस, ब्लड सेंटर, बोकारो के द्वारा किया गया। ब्लड सेंटर के संजय शर्मा, बिनय कुमार, रंजन कुमार, चुरामन, विकाश के द्वारा सहयोग किया गया।

# नीट परीक्षा में हुए धांधली को लेकर बोकारो कांग्रेस कमेटी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का किया पुतला दहन

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में बिरसा चौक नया मोड़ में नीट पेपर लिक और परीक्षाओं में हुई धांधली के दृष्टिगत केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर उनकी बर्खास्तगी मांग करते हुऐ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

मौके पर श्री गुप्ता जी ने कहाँ कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक लाखों युवाओं का भविष्य तबाह कर रहे हैं। देश की नींव को कमजोर कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र अपना करियर



बनाने के लिए पढ़ाई नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से लड़ाई लड़ने को मजबूर है। अब यह स्पष्ट है - हर बार चुप-चाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक रैकेट और शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह से बेबस हैं।

इंडिया इन युवाओं की न्याय की लड़ाई में इनके साथ है - मिल कर पूरी शक्ति के साथ हम बदलाव लाएंगे। नरेंद्र मोदी की अक्षम सरकार स्टूडेंट्स के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

इंडिया किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देंगे। हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा। मोदी सरकार को झुकना ही पड़ेगा।

मौके पर वरिष्ठ कोंग्रेसी सुशील झा, रास नारायण सिंह, भरत रावत, संजय सिंह,कमरुल हसन, रीता सिंह, प्रशांत बाउरी, सतेंद्र यादव, हाजी अब्दुल मालिक, बनमाली बाउरी,नागेंद्र चौधरी, नजीर अहमद, मसकुरर आलम सिद्दीकी, अरविन्द ठाकुर, बिकास गुप्ता, अनवर साह, नागेंद्र गुप्ता सहित जिला कमिटी के सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकेने में लड़कियों की भूमिका अहम: कल्याणी

## कसमार में हजारीबाग की 36 किशोरियों ने किया एक्सपोजर विजिट

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** जिले मे सहयोगिनी द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर चलाएं जा रहे अभियान को समझने के लिए सोमवार को हजारीबाग की महिला मुक्ति संस्थां की किशोरियां कसमार पहुंची। सभी किशोरियां एक्पोजर विजिट में आई थीं। एक्पोजर विजिट के दौरान किशोरियों ने सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह को रोकने को लेकर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी ली। प्रखंड के धधकिया गांव में कार्यक्रम आयोजित करके बाल विवाह रोकने के अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान किशोरियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह से होने वाली समस्या एवम असर की



जानकारी दी। दोनों संस्था की किशोरियों ने बाल विवाह रोकने के लिए अपनी-अपनी जानकारी भी साझा की। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने जानकारी देते हुए कहा कि किशोरिया बाल विवाह तथा सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए आगे आ रही हैं। अब क्षेत्र की किशोरियां गांवों में हो रही बाल विवाह का खुलकर विरोध करना शुरू कर दी है। महिला मुक्ति संस्था की सचिव देवयानी वर्मा ने कहा कि संस्था के द्वारा हजारीबाग की इचाक प्रखंड में किशोरियों द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर के सतत प्रयास किया जा रहा है। जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। हजारीबाग की किशोरियां भी प्रखर है। इस दौरान किशोरियों ने बाल विवाह रोकने का संकल्प दोहराया। मौके पर सहयोगिनी की कुमारी किरण सूरजमणि देवी, मंजू देवी, निक्की कुमारी, पूनम कुमारी, महिला मुक्ति संस्था की लीला देवी, ज्योति मिर्धा, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी,गुनगुन कुमारी, पम्मी खातून, प्रेणना कुमारी, नैना कुमारी , रवि कुमार, चंदन कुमार तथा गौतम सागर उपस्थित थे।

## गवर्नर अप्रिशिएसन की विजेता रही चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी मंडल 3250 के सत्र 23-24 के रोटरी गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने संपूर्ण मंडल के सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर मंडल के क्लब और रोटरी सदस्यों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया ।रविवार को जमशेदपुर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिष्ठापरक गवर्नर अप्रिशिएसन का अवार्ड चास की अध्यक्ष पूजा बैद को मिला । इसके साथ ही क्लब को विभिन्न श्रेणियां में कुल छह पुरस्कार मिले।

अध्यक्ष पूजा बैद ने अपने साथी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों के साथ तालिया की घोष के मध्य इन पुरस्कारों और सम्मान को ग्रहण किया। गौरतलब है कि मंडल 3250 की विभिन्न रोटरी क्लबों को विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों को पूर्ण करने पर सत्र के अंत में उनके सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर उन्हें सम्मानित किया जाता है।

रोटरी मंडल 3250 के सत्र 3250 के गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने मानवीय सेवा कार्यों के लिए रोटरी क्लब चास की भूरि भूरि प्रशंसा की। अध्यक्ष पूजा बैद, सचिव डिंपल कौर, कोषाध्यक्ष बिनोद चोपड़ा, सहित नरेंद्र सिंह, मुकेश अग्रवाल, मंजीत सिंह,रितु अग्रवाल,माधुरी सिंह,संजय बैद आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

## विकास कच्छप बने झारखंड के पहले इंटरनेशनल मेडलिस्ट पहलवान

बिभा संवाददाता

**रांची।** अम्मान (जॉर्डन) में 21 जून से आयोजित अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में राज्य के विकास कच्छप ने पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। 30 जून तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में रविवार को विकास ने कोरिया के पहलवान को हराकर भारतीय कुश्ती टीम की झोली में कांस्य पदक डाला। पदक जीतने के साथ ही वह झारखंड का पहला इंटरनेशनल पहलवान बना, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता है।

दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित भारतीय कुश्ती टीम के चयन ट्रायल में विकास कच्छप ने 48 केजी भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया था और भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया था।

झारखंड के पहलवान विकास कच्छप को अंडर-17 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर,(भाप्रसे), अभिभावक के रवि कुमार (भाप्रसे), खेल निदेशक, झारखंड सुशांत गौरव, (भाप्रसे), संघ के मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव-रजनीश कुमार, जेएसएसपीएस सीईओ जीके राठौर के अलावा विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, उप निदेशक, खेल राज किशोर खाखा, सीनियर प्रशिक्षक राजीव रंजन एवं सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष, सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार एवं खेल विभाग के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## सिविल कोर्ट अब नियमित 10:30 से 4:30 तक चलेगा : एसडीजेएम

**बोकारो :** मौसम में आये बदलाव को लेकर 24 जून से तेनुघाट सिविल कोर्ट का समय बदल जायेगा। सिविल कोर्ट का समय अब सुबह 10:30 बजे से 4:30 बजे तक रहेगा। इस संबंध में पूर्व में ही अधिसूचना जारी किया गया था। उक्त जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने 22 जून को दी। उन्होंने बताया कि गौरतलब है कि वर्तमान में राज्य भर के सिविल कोर्ट में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। बीते एक अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में सुबह 7 बजे से दिन के 12 बजे तक सुनवाई हो रही थी।



## झारखंड +2 शिक्षक संघ की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर समीक्षा

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** रविवार को झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो इकाई की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की । बैठक में जिले के टीजीटी शिक्षकों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों का लगभग तीन माह से वेतन करने, महीने में दो शनिवार विद्यालय बन्द रखने, शिक्षकों का प्रमोशन प्रत्येक 10 वर्ष में होने, सत्र 2024- 25 के लिए संघ की सदस्यता अभियान तेज करने, विद्यालय में सकारात्मक माहौल बनाते हुए छात्र हित में पठन- पाठन को सुचारू बनाने पर चर्चा की गई। झारखंड सरकार द्वारा विद्यालयों में संचालित प्रोजेक्ट इम्पैक्ट और प्रोजेक्ट रेल के सुचारू



रूप से संचालन करने, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के सजीव क्रियान्वयन आदि पर चर्चा की गयी। बैठक में संघ के सचिव डॉ अवनीश कुमार झा , संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, उपाध्यक्ष दीपा पंकज लाटा, डॉ शशिकांत पांडेय, इर्वि रानी, कौशल कुमार मुखर्जी, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो, राजेश कुमार विश्वकर्मा, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, गौरव कुमार दुबे, प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार, विद्यालय प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, सृष्टिधर महतो,मुकेश कुमार यादव, राजीव रंजन, नमिता कुमारी, जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस प्रारम्भ, एक हफ्ते तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

बिभा संवाददाता

रांची :आज यहाँ रांची स्थित मोराबादी मैदान गाँधी प्रतिमा के पास झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के द्वारा ओलम्पिक दिवस समारोह प्रारम्भ कर दिया गया. आज के इस समारोह में मोराबादी मैदान में क्रॉस कंट्री दौड़ के साथ साथ साइकलिंग और स्केटिंग का भी आयोजन किया गया.

आज प्रातः अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ की शुरूआत मॉर्निंग वॉकर और धारावाहिक रामायण के अकंपन श्री मुरारी लाल गुप्ता के द्वारा झंडा दिखा कर किया गया. इसके अलावे साइकिलिंग और स्केटिंग की शुरूआत झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक के द्वारा फ्लैग ऑफ के द्वारा किया गया. इस अवसर पर डॉ मधुकांत पाठक ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहाँ की इस वर्ष का




अंतराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस इस लिए काफी महत्वपूर्ण है की हमारी टीम पेरिस ओलम्पिक में भाग लेने जा रहें हैं जिनका हमें उत्साहवर्धन करना हैं. उन्होंने कहा की आज के दिन पूरी दुनिया में यह समारोह मनाया जा रहा हैं और झारखण्ड में यह दिनांक 29 जून तक चलेगा.उन्होंने कहा की हमारा देश 2036 ओलम्पिक की मेजबानी करने के लिए कृतसंकल्पीत है और हम सभी 2025 से इसके लिए पुरे झारखण्ड के स्तर पर प्रयास करेंगे की 2036 ओलम्पिक में हमारी ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो.

आज आयोजित किये गए समारोह के अवसर पर डॉ पाठक सहित, शिवेन्द्र दुबे, चंचल भट्टाचार्य, मिथिलेश साहू, उदय साहू, अमर प्रियदर्शी, मनोज साहू, शैलेन्द्र दुबे,राजकुमार जैन,विनोद सिंह, सुनील कुमार,विभूति भूषन प्रसाद, गोविन्द झा, प्रभाकर वर्मा, राकेश कुमार सिंह, जी बाबुदेव, राजेश सिंह, कर्मवीर,अजय झा, राम भट्ट,रामप्रसाद, राजू मुंडा, दीपक गोप, एल प्रदीप कुमार सिंह,प्रभात रंजन तिवारी,वरद राज राव,विष्णु, साईं के कोचेस और विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी, मॉर्निंग वॉकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे आज आयोजित हुए समारोह के अवसर पर एथलेटिक्स, वुशु, साइकिलिंग, कबड्डी, योग, मालखम्ब, लॉन बॉल्स, स्केटिंग, फेंसिंग, हॉकी के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भागीदारी दिखाई.

अंतराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस समारोह को सफल बनाने में भारतीय खेल प्राधिकरण और रांची जिला ओलम्पिक संघ के साथ साथ अन्य संघो का सक्रिय सहयोग रहा.

अन्य कार्यक्रम होंगे आयोजित, 29 को होगा प्रमाण पत्र वितरण समारोह :

आगामी 29 जून तक कबड्डी, योग, वुशु, सेपक टकरा, फेंसिंग, हैंडबॉल आदि की प्रतियोगिता होंगी.

श्री पाठक ने इसकी जानकारी. देते हुए बताया की आज झारखण्ड के सभी जिलों में जिला ओलम्पिक संघो के द्वारा विभिन्न राज्य खेल संघो की इकाइयों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाया गया और यह क्रम 29 जून तक जारी रहेगा.

## राज्य के सभी माध्यमिक शिक्षक करेंगे आंदोलन:अखिलेश

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** जिले के माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान एवं शिक्षकों की बैठक नगर के सिटी पार्क में अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ झारखंड के महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह शामिल हुए। बैठक में डीईओ के अनुशंसा पर उपायुक्त द्वारा जिले के 61 माध्यमिक व उच्चतर विद्यालयों के 400 प्रधानाध्यपक एवं शिक्षकों का मासिक वेतन पर लगे रोक, शिक्षकों को हो रही आर्थिक परेशानियों, सभी माध्यमिक - उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार शिक्षको की कमी, इस वर्ष परीक्षा का पैटर्न अचानक बदल दिया जाने,सत्र से 20 दिन पहले ही परीक्षा का आयोजन किये जाने, कोरोना कल के बाद से ही आगामी 3 वर्षों के लिए सत्र का अलग तरीके से निर्धारण किये जाने , सिलेबस स्पष्ट नहीं कर पाने, नित नए-नए गैर शैक्षणिक कार्यों, यथा जाति प्रमाण पत्र, निर्माण वोटर आईडी कार्ड, निर्माण सावित्रीबाई फुले छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, प्री बोर्ड मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक से संबंधित कार्य उसके अलावे यू डाइस में कई तरह के बदलाव करते, पिछले कई सत्रों से विलंब से पाठ्य पुस्तक उपलब्ध किये जाने व संख्या बल के अनुपात में पुस्तकों को कम देने आदि विषय पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा उपायुक्त को छात्र संख्या से संबंधित गलत डाटा प्रेषित करने की वजह से डीसी ने कठोर कार्यवाही करते हुए शिक्षकों के वेतन निकासी पर रोक लगा दी है। जबकि शिक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा टीम बनाकर विद्यालयों में उत्तीर्णता में कमी की समीक्षा करवाई गई है। फिर भी उस जांच के बाद भी वेतन निर्गत करने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। बैठक में जिले के 150 से अधिक शिक्षकों ने सहभागिता की। अगर जिला प्रशासन वेतन निर्गत नही करता है तो राज्य संघ के निर्देश पर बोकारो जिला के माध्यमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ राज्य के सभी माध्यमिक शिक्षक सड़क पर उतर कर आंदोलन को विवश होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### समाजसेवी भीमसेंट संगा के निधन पर लोगों ने किया शोक व्यक्त



**खूँटी (बिभा)**। प्रखंड क्षेत्र के हुटार के समाजसेवी भीमसेंट संगा का शुक्रवार आधी रात को हृदयाघात से निधन हो गया। हाड़मबानम निवासी भीमसेंट संगा काफी वर्षों से चलागी रोड हुटार के घर में सपरिवार रहते थे। लोकप्रिय व मृदुभाषी भीमसेंट संगा का रात को तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल ले जाया गया। पर, सुधार नहीं हुआ और निधन हो गया। उनके देहांत पर हुटार, चलागी, घाघरा हाड़मबानम आदि क्षेत्र में गम का माहौल है। भीमसेंट संगा समाज में मिलनसार, अति मृदुभाषी, सभी वर्गों में अपनी व्यक्तित्व पर पैठ रखते थे। लोगों के बीच हमेशा सुख-दुख के साथी रहने वाले भीमसेंट संगा के निधन पर संदीप सोनी, पंकज कुमार, उनीत कश्यप, रोहिनदास महतो, महेंद्र खलखो, मदनदास गोश्वामी , सोमा मुण्डा, सुपेंदर महतो, विजय मिश्रा, पप्पू खान, आदि अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### सौंडिक समाज की हुई बैठक



**सिमडेगा (बिभा)**: होटल अपर्णा पैलेस में जिला सौंडिक समाज की बैठक हलधर प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई. इसमें प्रमुख रूप से विधानसभा चुनाव मे ओबीसी आरक्षण पर चर्चा करते हुए कहा गया कि जिस पार्टी के द्वारा सौंडिक समाज का समर्थन किया जाएगा इस पार्टी को समाज का समर्थन मिलेगा.कई विषय पर चर्चा किया गया मुख्य रूप से विवाह परिचय सम्मेलन करने पर इसके अलावा कई बिंदुओं पर चर्चा हुई समाज को संगठित करने और शिक्षित बनाने के लिए भी कई दिनों पर चर्चा हुई बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अरविंद साहू बैठक की अध्यक्षता हालदार प्रसाद अमित रंजन.अमित कुमार साहू. कुलदीप प्रसाद. रेखा रानी. सतीश प्रसाद. अनूप साहू. कृष्णा साहू. जितेन्द्र अशोक. सूरज साहू. अनिल साहू उपस्थित थे।

### पेट्रोलियम डीलर्स की वार्षिक अधिवेशन में नई कमिटी के अध्यक्ष बने राजहंस मिश्रा




**रांची(बिभा)** : पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन साऊथ छोटनागपुर की वार्षिक अधिवेशन रांची के बोरया स्थित गीतांजलि बैंक्वेट में हुई,जिसमें रांची,खूंटी,लोहरदगा,गुमला ,सिमडेगा जिलों के हिंदुस्तान पेट्रोलियम,भारत पेट्रोलियम,इंडियन ऑयल के करीब 215 पंप संचालक मौजूद रहे।अधिवेशन में डीलर कमीशन बढ़ाने,प्रदूषण जांच केंद्र से संबंधित समस्याओं,माप तौल विभाग के क्रियाकलापों ऑयल कंपनियों के अधिकारीयों के तानाशाह रवैया,टैंकर से तेल चोरी,तेल डिपो के अधिकारियों के मनमाने रवैए , डी टी ओ लाइसेंस के नवीनीकरण में हो रही परेशानी जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा हुई।और आंदोलन करने की रूप रेखा भी तय की गई। पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। जिस में सर्वसहमति से अध्यक्ष राजहंस मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष नीरज भट्टाचार्य उपाध्यक्ष सुदीप तिग्गा,विनोद रंजन,कुशध्वज नाथ शाहदेव,महासचिव कमलेश सिंह,सचिव प्रशांत चौधरी,संघठन सचिव नरेंद्र कुमार,कोषाध्यक्ष निपुण मृणाल,राहुल जयसवाल,मीडिया प्रभारी सुबोध दुबे समेत हर जिले से 4 ज्वाइंट सेक्रेटरी कुणाल कच्छप, राजेश महतो,दुर्गा नायक,अमित सोनी का चयन किया गया साथ ही सभी पांचों जिलों से एक्सक्यूटिव मेंबर का भी चयन किया गया ।

### ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

**रांची (बिभा)**: दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल एवं रांची मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु ब्लॉक लिया जाएगा अतः रांची रेल मंडल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

ट्रेन रद्द रहेगी :ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर झ हटिया एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 24/06/2024 को रद्द रहेगी

ट्रेन का आंशिक समापन : ट्रेन संख्या 18036 हटिया झ खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 24/06/2024 का आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन होगा ।

### पति ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अपनी पत्नी को मार डाला



**गुमला(बिभा)**। घाघरा थाना क्षेत्र के खंभा गांव में देर रात एक महिला संपति उरांव ( 40 ) की उसके पति ललितेश उरांव ग्रामीणों ने मिलकर टांगी से मार कर हत्या कर दी। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आयी मृतका की मां समिया उरांव के साथ भी मारपीट की गई। घटना के पीछे जमीन विवाद बताया जा रहा है। इस बाबत मृतका के पिता पुनई उरांव ने रविवार को बताया कि शनिवार को सुबह गांव के लोगों और मृतका के पति के द्वारा बारी में रास्ता देने को लेकर विवाद हुआ था, जिस पर पुनई उरांव ने कहा कि अगर बगल जमीन का मालिक बंधु उरांव भी अपना जमीन देने को तैयार है तो मैं भी अपना कुछ हिस्सा जमीन रास्ता के लिए दे दूंगा। उसने बताया कि शाम होने पर सुधीर लोहरा अपना ट्रैक्टर लेकर आया और पुनई उरांव के बारी में तार से बने बाउंड्री को तहस-नहस कर तोड़ डाला ।मृतका का 14 वर्षीय बेटा करीब नौ बजे बारी को देखने के लिए गया हुआ था ।इस दौरान मृतका संपत्ति उराईन भी अपने बेटे को बुलाने बारी में चली गई। इधर ताक लगाए बैठे अपराधियों ने उसपर हमला कर दिया ।हमलावरों में मृतका के पति ललितेश उरांव भी शामिल था। प्रत्यक्षदर्शी मृतक के बेटे रामचंद्र उरांव ने बताया कि सबसे पहले ललितेश ने संपत्ति उराईन पर हमला किया। उसके बाद दो महिलाओं ने उसकी पिटाई की। फिर गांव वालों ने महिला के साथ मारपीट किया ।किसी ने इसी बीच टांगी से मार कर उसकी हत्या कर दी। वहीं बीच बचाव करने आई मृतका के मां सामिया उरांव पर भी हमला किया गया। मृतका के पिता पुनई उरांव ने बताया कि ललितेश उरांव पेशे से एक पारा टीचर है और पांच वर्ष पूर्व अपने पत्नी को छोड़ चुका है संपत्ति उराईन अपने दो बच्चों रामचंद्र उरांव,सलामी के साथ अपने मायके में ही रहती है।

#### ड्रग्स के विरुद्ध जागरूकता मोटरसाइकिल यात्रा

# ड्रग्स का सेवन आने वाली पीढ़ी के लिए बन रहा है अभिशाप : राणा प्रताप

बिभा संवाददाता





**खूँटी** । नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो राँची के द्वारा ड्रग्स के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत 50 से अधिक बाइकर्स रविवार को खूँटी पहुँचे। जिन्हें खूँटी के केदार महतो की अगुवाई में लोगों ने नेताजी चौक के समीप सभी बाईकर्स को गुलाब कली देकर स्वागत किया। वहीं एनसीबी के बाईकर्स ग्रुप द्वारा स्थानीय लोगों के हाथों में रिबन बांध कर उन्हें ड्रग्स के विरुद्ध जागरूकता के लिए स्वागत किया। एनसीबी के बैनर तले रॉयल किंग मोटरसाइकिल क्लब जमशेदपुर के बाइकर्स 26 जून को होनेवाले अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स निरोधक दिवस के उपलक्ष में ड्रग्स निरोधक पखवाड़ा के तहत लोगों के बीच जागरूकता फैलाने हेतु जमशेदपुर से चलकर राँची होते हुए खूँटी पहुँचे थे। जिसमें 50 से अधिक बाइकर्स इसके बाद खूँटी मुख्यपथ होकर सीआरपीएफ 94 बटालियन मुख्यालय में जाकर समाप्त हुआ। वहीं मंचीय कार्यक्रम में ड्रग्स के विरुद्ध जागरूकता के तहत जानकारी साझा की गयी। मौके पर, बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 94 बटालियन के कमांडर विनोद कुमार ने बताया कि खूँटी नशा का हब बनता जा जा रहा है। इसे समाप्त करना आवश्यक है। नहीं तो आनेवाली पीढ़ी पर इसका सीधा असर पड़ेगा। इस कार्यक्रम के बारे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सहायक निदेशक राणा प्रताप यादव ने बताया कि ड्रग्स का सेवन आने वाली पीढ़ी के लिए अभिशाप बनता जा रहा है जिसे रोकना और नशा कोरी से होने वाली खराबी को बतलाना आवश्यक है। इसलिए नारकोटिक्स ब्यूरो आगामी 26 तारीख तक ड्रग्स के विरुद्ध अभियान चला कर लोगों को जागरूकता के प्रति ध्यान आकर्षित करेगी। इसी के तहत रोयल किंग मोटरसाइकिल चालकों ने 100 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करके जागरूकता मोटरसाइकिल यात्रा चलाया गया। जिसमें रॉयल किंग मोटरसाइकिल क्लब जमशेदपुर के बाइकर्स 26 जून को अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स निरोधक दिवस के उपलक्ष में ड्रग्स निरोधक पखवाड़ा में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने हेतु जमशेदपुर से चलकर राँची होते हुए खूँटी पहुँचे। इस मौके पर एनसीबी के सुपरिटेंडेंट सारीत उमर, इंटेलिजेंस ऑफीसर कुमार मनोहर मंजुल, प्रदीप कुमार सिंह, जूनियर इंटेलिजेंस ऑफीसर राजीव राजन, राकेश कुमार गोस्वामी, आकाश पवार सहित ब्यूरो के अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### अखिल भारतीय किसान महासभा का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन 29 से

**हजारीबाग**। अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले 29 एवं 30 जून को पतरातु डैम रामगढ के अतुल कुमार अंजन नगर में प्रदेश के किसानों का महाजुटान होगा। इस दौरान राज्य के किसानों के समस्याओं पर विशेष रूप से चर्चा होगी। साथ ही नई कमेटी का गठन भी होगा। राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि कम्युनिस्ट पार्टी के जनरल सेक्रेटरी डी राजा और विशिष्ट अतिथि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सह हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता होंगे। यह निर्णय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय मंजूर भवन में एक बैठक कर लिया गया, जिसकी अध्यक्षता कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता गुलाम जिलानी ने की। बैठक के मुख्य अतिथि भुवनेश्वर प्रसाद मेहता थे। बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र राम शंभू कुमार, डॉक्टर अनवर हुसैन, मजीद अंसारी, निजाम अंसारी, स्वदेशी पासवान, राम प्रकाश सिंह, अवधेश कुमार, मोहम्मद शमी, लालजी शर्मा, प्रभु बैठा, मोहम्मद इम्तियाज, केदार दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने मोबाइल टावर बैटरी चोरी के गिरोह में और तीन लोग गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । विगत 14जून को धारा 379 के तहत थाना में दर्ज मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर और तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। जिसे पुलिस ने चैलेंज केड रूप में स्वीकार किया और इस कांड के अप्राथमिकि अभियुक्तों में राँची जिले के धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत मौसीबाड़ी दूसरा हुलहुण्डू मियाटोली निवासी संतोष उरॉव (पिता टूना उराँव), व प्रदीप मिंज (पिता जरिया मिंज) को मोबाइल टावर के तीन प्रति बैटरी के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि अभियुक्त खूँटी बाजार टाँड़ के तरफ घुम रहे है जो किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है, त्वरित कार्रवाई करने पर पकड़ा जा सकता है। इस आशय का सनहा दर्ज कर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए एक छापामारी दल का गठन कर सशस्त्र बल के साथ थाना से प्रस्थान किया, समय करीब 11.00 बजे खूँटी त्तमाड़ रोड गोल चक्कर के पास से काण्ड के अभियुक्त आनन्द कुमार साव पिता उमेश साव, सा० मौसीबाड़ी, थाना- धुर्वा को मोबाईल के साथ पकड़ा गया एवं इनके निशानदेही पर संतोष उराँव पे० टुना उराँव, सा० मियां टोली, थाना- धुर्वा एवं प्रदीप मिंज पे० जरिया मिंज, सा० हुलहून्डू को पकड़ा गया एवं खूँटी जिलान्तर्गत विभिन्न मोबाईल टॉवरों से इनलोगों के द्वारा चोरी की गयी सफेद रंग का बैट्री लिखा हुआ तीन पीस बैट्री को संतोष उराँव पे० टुना उराँव, सा० मियां टोली, थाना- धुर्वा के घर से बरामद कर जप्त किया गया तथा पकड़ाये तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय, खूँटी को अग्रसारित किया गया।

## बिरदा में मुखिया फंड से बना सौर जलमीनार खराब, ग्रामीण परेशान

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । सोलर जलमीनार की बात करें तो फण्ड का बंदरबाँट सभी जगह सामने आता दिखाई देता है। सरकारी मदों का लाखों रुपए लगाकर निर्माण किया गया जलमीनार गुणवत्ता के अभाव में ठीकेदारी की भेंट चढ़ जाता है। लेकिन जिसे सम्बधित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण सिद्ध करके फण्ड का सदुपयोग खर्च दर्शा देते हैं। जिसका भुक्तभोगी जनता ही होती है। जिसमें से एक कर्रा प्रखंड के डुमरगड़ी पंचायत अन्तर्गत बिरदा गाँव में तहसील कार्यालय के समीप मुखिया फंड से बना सौर ऊर्जा संचालित जलमीनार का है। जो लगभग तीन वर्ष पहले बना सौर जलमीनार पिछले 15 दिनों से खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा की हमलोग करीब 60 परिवार इसी सौर उर्जा से पानी पीते थे। लेकिन इस भीषण गर्मी में सौर ऊर्जा द्वारा संचालित जलमीनार खराब हो जाने के कारण पेयजल के लिए कुआँ और चुआँ का दूषित जल पीने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का कहना कि नहाने और मवेशियों को पानी पिलाने के लिए एक किलोमीटर दूर बलारी नदी जाते हैं। नदी में भी पानी नहीं है। इसलिए नदी खोदकर पानी जमा करने के बाद नहाने और मवेशियों को पानी पिलाने का व्यवस्था करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि नहाने के बाद घर लौटते तक पुरा शरीर पसीने से तरबतर हो जाता है। जिस समस्या का समाधान के लिए जनप्रतिनिधि और अन्य लोगों को भी जानकारी दिया गया लेकिन पूरा गर्मी हमें परेशान होता हुआ सभी देखते रह गए, लेकिन इस बेधाषा गर्मी में किसी ने भी इस जल मीनार का मरम्मती नहीं कराया।

## बुंडू में होगी झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बदलाव संकल्प महासभा, तैयारियां शुरू

बिभा संवाददाता



**रांची** : आगामी 6 जुलाई को बुंडू पांच परगना हाई स्कूल मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा आयोजित बदलाव संकल्प महासभा कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए रविवार को कुशवाहा भवन बुंडू में तैयारी बैठक का आयोजन मदन महतो के अध्यक्षता में किया गया।

मौके पर जेबीकेएसएस महिला मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने बताया कि बदलाव संकल्प महासभा कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो तथा विशिष्ट अतिथि केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, अल्प संख्यक मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष रिजवान अंसारी , केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता होंगे, कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी, कलाकार, बुद्धिजीवी व्यवसाय वर्ग के अलावा अन्य हजारों आदिवासी मूलवासी शामिल होंगे।

कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए आजोजक प्रबंधक कमिटी प्रभारी भागीरथ सिंह मुंडा, जयराम महतो, दमयंती मुंडा, प्रवीण प्रसाद, ग्राम प्रधान दोलगोविन्द मुंडा नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रचार - प्रसार , आमंत्रण वितरण, सफल कार्यक्रम के लिए 24 जून तक पांच परगना क्षेत्र के तमाड़ विधान सभा और सिल्ली विधान सभा के सभी प्रखंड में प्रखण्ड प्रभारी तथा 26 जून 2024 तक पंचायत प्रभारी गठन करने का निर्णय लिया गया है । आगामी तैयारी बैठक 1 जुलाई 2024 को का करने का निर्णय लिया गया है।

बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप भागीरथ मुंडा, जयराम महतो, रंजित, बिपिन, सरोज, लकी रामू राज, पंकज, शंकर महतो, वासुदेव, दिनेश, सुदर्शन, पंचानन के अलावा अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस ने किया धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भगतसिंह चौक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूँका। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में पार्टी का झंडा तले पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा सरकार होश में आओ। धर्मेंद्र प्रधान मुदार्बाद , छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करना बंद करो के नारेबाजी की गयी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने बताया कि भाजपा पहले दो टर्म में मजदूरों का किसानों का और व्यवसायियों का जीवन बर्बाद किया है और इस बार छात्रों का जीवन बर्बाद करने मे लगी हुई है। इसलिए धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर इस्तीफा मांगा जा रहा है। मौके पर गोपाल भगत, जयसिंह नाग, पौलुस पुर्ती, जेम्स तोपनो, सुशील सांगा, फुलचंद टुटी, शांता खाखा, हेलेन होरो, मगरीता खेस, सुषमा भेंगरा, किशुन हस्सा, सुसारी होरो, तौफीक खाँ, अविनाश टुटी, वाहिद खाँ, विल्सन होरो, हेरमन सोय, एडवर्ड हंस, अनमोल होरो, विजय कुमार स्वाँसी, ईन्दुआन्ना हस्सा, अनिता नाग, सुन्दर मनी हंस, सुसारी होरो, आदि उपस्थित रहे।

#### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## जीवन में कुछ कर गुजरना है तो अभावग्रस्त स्थिति को कोसना नहीं बल्कि उसे चैलेंज के रूप में लेना : निक्की

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर बिरसा महाविद्यालय परिसर स्थित फुटबॉल स्टेडियम में रविवार को ओलंपिक मान्यता प्राप्त विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, ताइक्वांडो, शूटिंग, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं अन्य खेलों का प्रतियोगिता किया गया। इस दौरान बिरसा मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में ओलंपियन दो बार खेल चुकी निक्की प्रधान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिहार और झारखंड की प्रथम महिला सावित्री पूर्ति एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी पुरुष कमल होरो इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिन सभी का अंग वस्त्र मोमेंटो एवं पौधा देकर उनका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ओलंपियन निक्की प्रधान ने अपने उपलब्धि के बारे में जानकारियाँ दी। उन्होंने कहा कि हमारे समय में टर्फ, खेलने के लिए किट एवं स्टिक की कमी होने के कारण भी मैं कुछ कर गुजरने की इच्छा रखती थी। जिस कारण से आज हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं आपको आज के इस वातावरण में सरकार के द्वारा सभी व्यवस्था खेलने हेतु खिलाड़ियों को उपलब्ध करा रही है। मौके पर, सावित्री पूर्ति ने बच्चों को खेल के प्रति तकनीक बतायी। इस समारोह में हॉकी प्रशिक्षक प्रतिमा बरवा, सुशांति हेरेंज टोपनो, सुभाषी हेमरोम, तीरंदाजी के प्रशिक्षक बसंत कुमार, शूटिंग के प्रशिक्षक अनुज कुमार एवं विभिन्न खेल के प्रशिक्षक इस आयोजन को सफल बनाने हेतु उपस्थित थे।

## धनबाद नगर निगम ने नशे के खिलाफ निकाली जागरुकता रैली



**धनबाद**। मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध नगर निगम ने रविवार को जागरुकता रैली निकाली। यह रैली नगर निगम कार्यालय से शुरू होकर बेकारबांध तक गई। बेकारबांध में नगर निगम ने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे सहायक नगर आयुक्त संतोषनी मुर्मू एवं सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक ने कहा कि मादक पदार्थों से दूर रहकर अपने जीवन को बेहतर बनाएं। नशा से जीवन बर्बाद हो जाता है। समाज पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। अपराधिक घटनाओं से क्षेत्र में अशांति का माहौल कायम हो जाता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रहने की अपील की।

# टूटती सांसों पर राजनीति करने वालों को सिखाना होगा सबक

डा. रवीन्द्र अरजरिया

सत्ता के नशे की आदत में मदहोश हो चुके लोगों को किसी भी कीमत पर सिंहासन की दरकार होने लगी है। आदर्श, सिध्दान्त और मान्यता के मायने खोने लगे हैं। सरकार बनाने के लिए विरोधी विचारधाराओं के पोषक अब आपस में आलिंगनबध्द हो रहे हैं। पार्टियों के आधारभूत दर्शन से लेकर व्यवहारिक स्वरूप तक में परिवर्तन दिखने लगे हैं। सार्वजनिक मंचों से अतीत का संदर्भ लेकर कडी आलोचना करने वाले अब स्वार्थपूर्ति हेतु एक-दूसरे की शान में कसीदे पढने लगते हैं ऐसे में पार्टी के पक्ष में मतदान कर चुके लोगों के पास स्वयं को कोसने के अलावा कोई चारा नहीं बचता।

देश के लोकतंत्र की व्यवस्था का स्याह पक्ष प्रारम्भ हो चुका है। विधायिका की नींव में राजनैतिक दलों ने मट्ठा पिलाना शुरू कर दिया है। सत्ता, सिंहासन और सल्तनत के लोलिपों व्दारा न केवल परम्परागत मयार्दायें ही तार-तार की जा रहीं हैं बल्कि स्वार्थपरिता की चरमसीमा पर बैठकर संविधान की आड में षडयंत्रकारी योजनाओं को भी अमली जामा पहनाया जा रहा है। कार्यपालिका के अनेक नौकरशाह निरंतर बेलगाम होते जा रहे हैं। नियम, कानून और अनुशासन की धज्जियां उडाने की होड सी लगी है। सरकार के सामने समस्यायें पैदा करने में महारत पाये वेतनभोगियों व्दारा अपनी मनमानियों, लापरवाहियों और अवैध उगाही पर पर्दा डालने के लिये दलगत कीचड उछालने के नये-नये तरीके सुझाये जा रहे हैं। ऐसे में कार्यपालिका और विधायिका के संयुक्त विशेषज्ञ व्दारा तो न्यायपालिका तक को धाराओं, अनुच्छेदों और व्यवस्थाओं में उलझाकर रख दिया है। उनकी पार्टी के सिपाहसालार अपने दायित्वों की पूर्ति के प्रयासों के स्थान पर समस्याओं का ढीकरा दूसरों के सिर पर फोडने में जुटे हैं। दिल्ली में विकराल होते जल संकट को निपटाने के लिए चिट्ठी-चिट्ठी खेल खेला जा रहा है। समस्या समाधान में देरी के लिए कभी उपराज्यपाल के सिर दोष मढा जाता है तो कभी हरियाणा सरकार को कोसा जाने लगता है। कभी केन्द्र को पहल न करने के लिये कटघरे में खडा किया जाता है तो कभी व्यवस्था के लिए विपक्ष पर अंगुली उठायी जाती है। इतना सब करने वाली आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने पंजाब राज्य की अपनी ही पार्टी की सरकार के साथ मिलकर व्यवहारिक समाधान निकालने में रुचि नहीं दिखाई। सियासी दावपेंचों के मध्य आम आदमी की जिन्दगी दांव पर लगाने वाले नेता धरने पर बैठकर अपने कर्तव्यों की इति मान लेते हैं जबकि हरियाणा सरकार व्दारा आंकडों के साथ दिल्ली की जलापूर्ति का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत किया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर संवैधानिक व्यवस्था के लचीलेपन का फायदा उठाकर इस आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल जेल के अन्दर से दिल्ली की सरकार चला रहे हैं। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब आरोपी के रूप में सलाखों के पीछे पहुंचा व्यक्ति मुख्यमंत्री पद पर आसीन ही नहीं है बल्कि निरंतर



दिशा निर्देश भी जारी कर रहा है। राजनैतिक दलों के आपसी रसायन से घातक अम्लराज बनने की स्थिति निर्मित हो चली है जिसका उपयोग आम आवाम पर होना लगभग तय है। दिल्ली में गठबंधन के मंच पर समान विचारधारा का बन्दिस प्रस्तुत करने वाले पंजाब में अलग-अलग ढपली पर अलग-अलग राग अलापते रहे। कहीं प्रशंसा तो कहीं निंदा करने वालों की चालों से अल्पसंख्यक ही सबसे ज्यादा ठगे गये हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि साम्प्रदायिकता का भय दिखाकर वोट लेने वाले अब कौन सी नई चाल चलने वाले हैं। वहीं दिल्ली के जल संकट को लम्बा खींचने हेतु राजनैतिक बयानबाजी करने, विपक्ष की सरकारों को कोसने और केन्द्र को घेरने का क्रमबध्द सिलसिला शुरू हो गया है ताकि नागरिकों को विपक्षी दलों के विरोध में उत्तेजित किया जा सके। बैंगलोर, पूना, मुम्बई जैसे अनेक महानगरों में लम्बे समय से चल रही जल समस्या अब विकराल होती जा रही है मगर वहां की सरकारें अपने स्तर पर समाधान कर रहीं हैं। पानी का परेशानी से जूझ रहे अनेक महानगरों में दसियों कोस दूर से जलापूर्ति हो रही है मगर फिर भी वहां के उत्तरदायी लोगों की स्वीकृति पर बहुमंजिला इमारतों का जंगल निरंतर बढ़ता जा रहा है। औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रहीं हैं। बडे-बडे संस्थान खोले जा रहे हैं। आबादी का घनत्व विस्फोटक स्थिति तक पहुंचता जा रहा है। सैकडों फुट गहरे बोर अब हजार का आंकडा पार करने लगे हैं। नदियां को बालू माफियों ने रेतस्थान बना दिया है। भयावह होती स्थिति की ओर से आंखें बंद करने वाले अनेक उत्तरदायी वेतनभगियों की नजर महीना पूरा होने के बाद केवल बैंक खाते में आने वाली मोटी तनख्वाय, मिलने वाली अन्य सुविधाओं और फर्जी बिलों के भुगतान पर ही टिकी रहती है। कार्यपालिका के ऐसे महारथियों से प्रशिक्षण प्राप्त कर-के विधायिका के अनेक चेहरे स्वयं के लाभ हेतु हमेशा विपक्ष पर दोष मढ? का सत्तासिध्द उपाय ही सुझाते हैं। दायित्वबोध और कर्तव्यबोध के साथ-साथ अब तो राष्ट्रबोध तक अस्तित्वहीन होने की कगार पर पहुंच गया है। स्वार्थवाद के दलदल में आकण्ठ डूबे लोगों के लिए व्यक्तिवाद, परिवारवाद और स्वजनवाद ही सर्वोच्च होता जा रहा है। ईमानदार करदाताओं, अनुशासित नागरिकों और लोकतंत्र की आखिरी पायदान पर खडे लोगों के समर्पण को शारीरिक विलासता पर लुटाने वालों की नैतिकता पूरी तरह से मर चुकी है। टूटती सांसों पर राजनीति करने वालों को सिखाना होगा सबक अन्यथा वे निरीह की लाश पर भी चंदा वसूलने से नहीं चूकेंगे। सत्ता के नशे की आदत में मदहोश हो चुके लोगों को किसी भी कीमत पर सिंहासन की दरकार होने लगी है। आदर्श, सिध्दान्त और मान्यता के मायने खोने लगे हैं। सरकार बनाने के लिए विरोधी विचारधाराओं के पोषक अब आपस में आलिंगनबध्द हो रहे हैं। पार्टियों के आधारभूत दर्शन से लेकर व्यवहारिक स्वरूप तक में परिवर्तन दिखने लगे हैं। सार्वजनिक मंचों से अतीत का संदर्भ लेकर कडी आलोचना करने वाले अब स्वार्थपूर्ति हेतु एक-दूसरे की शान में कसीदे पढने लगते हैं ऐसे में पार्टी के पक्ष में मतदान कर चुके लोगों के पास स्वयं को कोसने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। जनप्रतिनिधि बनने की पात्रता के स्थानीय मापदण्ड अब प्रतिभा, सेवा और समर्पण के हटकर ठेकेदारों की दम पर जागीर, वंश और अधिकार के रूप में परिवर्तित हो चुके हैं। ऐसे में अवसर मिलते ही प्रतीकात्मक विरोध करना नितांत आवश्यक है अन्यथा लोकतंत्र के लबादे में लिपटा चन्द परिवारों का राजदम्भ, अनियंत्रित होकर तानाशाही की परिभाषा बनकर हावी हो जायेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## संपादकीय

# कश्मीर में चुनाव की बयार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में थे। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उनका कश्मीर का यह पहला दौरा है। आतंकी हमलों के बीच मोदी का कश्मीर दौरा  काफी अहम माना जा रहा है। उन्होंने अपने भाषण में आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया। पिछले दिनों यहां लगातार चार आतंकी हमले हुए जिन्होंने सुरक्षा बलों और गृह मंत्रालय की चिंता बढ़ा दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में हिचकिचाएंगे नहीं। लोक सभा का चुनाव यहां शांतिपूर्ण हुआ और लोगों ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। जाहिर है इसके कारण मतदान प्रतिशत में भारी इजाफा हुआ। अलगाववादियों और आतंकवादियों को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने एक के बाद एक हमले किए जिनमें तीर्थयात्री भी शामिल थे। वास्तव में आतंकी विश्व जनमत को संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर में सबकुछ सामान्य नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रदेश में लोक सभा के चुनाव हुए। इस चुनाव में लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए जिस उत्साह से घरों से बाहर निकले उससे प्रधानमंत्री मोदी भी उत्साहित हुए। उन्होंने कहा कि सबको बांटने वाले अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। वास्तव में 5 अगस्त, 2019 का ऐतिहासिक दिन कश्मीर और समूचे भारतवासियों के लिए बंदिशों से आजादी का दिन था। अब यहां पर्यटक बेखौफ होकर आ रहे हैं। युवा वर्ग अपने करियर के बारे में जागरूक हो गया है। अनुकूल वातावरण को देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में जब भी विधानसभा के चुनाव होंगे और इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कश्मीर के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नजरिये ह्यइंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियतह्ण को याद करते हुए कहा कि इसे हम हकीकत में बदलते हुए देख रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव जल्द होंगे और लोकप्रिय सरकार का गठन होगा। लेकिन केंद्र सरकार को सतर्क रहना होगा क्योंकि आतंकवादी चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

## चिंतन-मनन


# शाश्वत प्रेम अंतहीन है

प्रेम कितना ही होता जाए, अधूरा ही बना रहता है। वह परमात्मा जैसा है। कितना ही विकसित होता जाए, पूर्ण से पूर्णतर होता जाता है, फिर भी विकास जारी है। जैसे प्रेम का अधूरापन ही उसकी शाश्वतता है। ध्यान रखना कि जो चीज पूरी हो जाती है, वह मर जाती है। पूर्णता मृत्यु है; क्योंकि फिर बचा नहीं कुछ करने को, होने को कुछ बचा नहीं, आगे कोई गति न रही। जो चीज पूर्ण हो गयी, वह मर गयी। मर ही जायेगी, क्योंकि फिर क्या होगा? सिर्फ वही जी सकता है जो शाश्वत रूप से अपूर्ण है, अधूरा है, आधा है। तुम कितना ही भरो, वह अधूरा रहेगा। आधा होना उसका स्वभाव है। तुम कितने ही तृप्त होते जाओ, फिर भी पाओगे कि हर तृप्ति और अतृप्त कर जाती है। जितना पीते हो, उतनी ही प्यास बढ़ती चली जाती है। यह ऐसा जल नहीं है कि पी लो और तृप्त हो जाओ। यह प्यास को और जलाएगा।

इसलिए प्रेमी कभी तृप्त नहीं होता। उसके आनंद का कोई अन्त नहीं है। क्योंकि आनंद का वहीं अन्त हो जाता है, जहां चीजें पूरी हो जाती हैं। कामी तृप्त हो सकता है, प्रेमी नहीं। काम का अन्त है, सीमा है; प्रेमी का कोई अन्त नहीं, कोई सीमा नहीं। प्रेम आदि-अनादि है। वह ठीक परमात्मा के स्वरूप का है। इस जगत में प्रेम परमात्मा का प्रतिनिधि है, समय की धारा में समयातीत का प्रवेश है, मनुष्य की दुनिया में अतिमानवीय किरण का आगमन है। प्रेम प्रतीक है यहां परमात्मा का और उसका स्वभाव परमात्मा जैसा है। परमात्मा कभी पूरा नहीं होगा, नहीं तो समाप्त हो जाएगा। उसकी पूर्णता बड़ी गहन अपूर्णता जैसी है। उपनिषद कहते हैं कि उस पूर्ण से पूर्ण को निकाल लो तो भी वह पूर्ण ही रहता है। उस पूर्ण में और पूर्ण को डाल दो, तो भी वह उतना ही रहता है, जितना था। वह जैसा है, वैसा ही है; उसमें घट-बढ़ नहीं होती।

प्रेम भी जैसा पहले दिन होता है, वैसा ही अंतिम दिन भी होगा। जो चुक जाये, उसे तुम प्रेम ही मत समझना; वह काम वासना रही होगी। जिसका अन्त आ जाये, वह शरीर से सम्बन्धित है। आत्मा से जिस चीज का भी सम्बन्ध है, उसका कोई अन्त नहीं है। शरीर भी मिटता है, मन भी मिटता है; आत्मा तो चलती चली जाती है। वह यात्रा अनन्त है। मंजिल कोई है नहीं, क्योंकि अगर मंजिल हो तो मृत्यु हो जायेगी। तो कबीर कहते हैं : ढाई आखर प्रेम का! वे प्रेम के ढाई अक्षर की तरफ इशारा तो करते ही हैं, गहरा इशारा है प्रेम के आधेपन का। प्रेमी और प्रेयसी के बीच एक अदृश्य धारा है, एक अदृश्य आंदोलन है, एक सेतु है जिससे वे दोनों जुड़ गये हैं और एक हो गये हैं।

# पक्षियों पर भी काल की छाया



मुकेश तिवारी



जिस तेजी से पृथ्वी पर जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है उसी तेजी से वनों का भी विनाश हो रहा है। और वनों के खत्म होने के साथ ही वन्य जीवों की अनेक प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त होती जा रही है । कड़वा सच तो यह है कि 50 वर्ष से भी कम समय में वन्य जीवो की संख्या 69 प्रतिशत तक कम हो गयी। वन्य जीवों के अस्तित्व पर आए संकट का एक अन्य कारण भी है आदमी के अविवेकपूर्ण क्रियाकलाप। जिसमें पैसा कमाने की हवस के चलते वन्य जीवो को निर्ममता से मारकर उनके अंगों का अनेक प्रकार से उपयोग किया जाता है। प्राकृतिक आवासों के विनाश। फैलती सघन कृषि तथा तस्करों का शिकारियो के सम्मिलित प्रहार से परिंदों का अस्तित्व भी संकट में पड़ गया है। पक्षियों के तस्करों व शिकारियों ने देश में पाई जाने वाली तकरीबन 1200 प्रजातियों में से कई के अस्तित्व को मिटा कर रख दिया है । काबिलेगोर बात है कि दुनिया में 8600 पक्षियों की प्रजातियो में से 180 प्रजातियां ऐसी हैं ।जो केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है दुर्भाग्यवश इन पर ही सबसे ज्यादा खतरा मडरा रहा है।

कोयल की कूक, कौओं की कांव कांव, चिड़ियों की चहचहाहट, झींगुरों की झनकार, मेढकों की टर टर जंगली तोतों की नकल करती आवाजें बहुत जल्द ही अतीत का हिस्सा बन सकतीं हैं। दुनिया भर में पाई जाने वाली तोतों की तकरीबन 330 प्रजातियों में से 100 से अधिक की जान संकट में है। सुंदर व खूबसूरत प्रजाति कैरोलिना, परकीत विलुप्त हो गई है। हेसिथमेका व स्कारलेट मैका नामक प्रजातियां खतरे में है।कैरीलिग तोता यात्री कबूतर।क्षुपी मुर्गी तथा पहाड़ी मैना इत्यादि तो बिल्कुल लुप्त हो चुके हैं। कुक्कुट सारस ।गजदंत चोंच। कठफोड़वा। हवाई राजहंस आदि पक्षी प्रजातियां अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है ।मध्य प्रदेश व राजस्थान के जंगलों में पाए जाने वाले खरमोर व भटुक कड़ी अंधा धुंध शिकार की वजह से लाल सूची में आ गए हैं ।मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में खरमोरे अभ्यारण में इन्हें संरक्षित किया जा रहा है ।लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद भी केवल भारत में पाई जाने वाली दुर्लभ पक्षी प्रजाति की संख्या केवल 1500 से भी कम रह गई है ।सोन चिरैया या गोड़ावन विश्व के दुर्लभतम पक्षियों में से एक है। दो दशक पहले तक इनकी संख्या मध्य प्रदेश के करैरा और घाटीगांव क्षेत्र में बहुत थी लेकिन खनन कार्य व वनों के कटने से इस प्रजाति का अस्तित्व समाप्ति की ओर है। हालांकि इस प्रजाति को संरक्षित करने के लिए करेरा और घाटीगांव में अभ्यारण बनाकर इन्हें संरक्षित करने का प्रयास किया गया था लेकिन अथक प्रयासों के बावजूद इनकी संख्या में इजाफा नहीं हो सका।

तमाम सारे पक्षियों की प्रजातियां जो शीतकाल में गर्म क्षेत्रों में प्रवास करती थी अब घटाते वनों और प्राकृतिक आवास के कारण समाप्ति के कगार पर है। दुर्लभ प्रजाति के पक्षी साइबेरियन सारस निरंतर घटती जा रहा रहीं हैं। यही नहीं बंगाल फ्लोरिंकन सफेद कौआ। डोडो व हिमालय क्षेत्र के अनेक परिंदों का अस्तित्व अंधाधुंध शिकार की वजह से मिट गया है। हालात यह है कि सुबह चिड़ियों की चहचहाहट ।शाम को कीड़े मकोड़ों के शोर से लेकर रात में सिंहों की दहाड़, सियार, लोमड़ी की आवाजें कम हो रही है।

इसी तरह राष्ट्रीय पक्षी मोर भी अब मांस के लिए बड़ी संख्या में मारा जा रहा है हालात यही रहे तो आने वाली पीढ़ी बहुत सारे वन्य जीवों का दीदार करने से वंचित हो जाएगी।

# यह है कानून का राज : हम कब करेंगे आत्मावलोकन?



स्विट्जरलैंड की एक अदालत ने ब्रिटेन के सबसे अमीर भारतीयों में गिने जाने वाले भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को अपने नौकरों के शोषण के मामले में दोषी करार देते हुए उन्हें चार से साढ़े चार वर्ष तक की कारागार की सजा सुनाई है। स्विस प्रशासन इस परिवार द्वारा अपने नौकरों का शोषण किये जाने पर गत 6 वर्षों से नजर रख रहा था। हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अपने जेनेवा स्थित बंगले में काम करने के लिए भारत से कामगारों को बुलाया और उनका शोषण किया। इस परिवार पर मानव तस्करी के भी आरोप हैं। हिंदुजा परिवार ने अपने नौकरों के पासपोर्ट जब्त कर लिये थे और उन्हें न्यूनतम से भी कम मजदूरी दे रहे थे। साथ ही इन कामगारों के बाहर निकलने व कहीं आने-जाने पर भी हिंदुजा परिवार की ओर से पूरी रोक लगी हुई थी। सरकारी वकील के मुताबिक हिंदुजा परिवार अपने एक कुत्ते पर एक नौकरों से ज्यादा पैसे खर्चकरता था। " मिसाल के तौर पर इस परिवार ने एक नौकरानी जो एक दिन में 18 घंटे काम करती थी उसे तो केवल 7 पाउंड मिलते थे। जबकि स्विस कानून के अनुसार कर्मचारियों को इसके लिए कम से कम 70 पाउंड का भुगतान किया जाना चाहिए था। परन्तु यही परिवार अपने एक कुत्ते के रखरखाव और खाने पर सालाना 10 हजार अमेरिकी डॉलर खर्च करता था। कई नौकरों को बिना छुट्टी के पूरे सप्ताह काम करना होता था। उन्हें वेतन भी स्विस करेंसी यानी फ्रैंक्स में देने के बजाय भारतीय रुपये में दिया जाता था। हालाँकि यह अदालती फैसला आने के एक सप्ताह पहले हिंदुजा परिवार ने भारी रकम चुकाकर तीन पीड़ित कामगारों से अदालत के बाहर समझौता भी किया था। गौर तलब है कि मूल रूप से भारतीय, हिंदुजा परिवार का लगभग 47 बिलियन डॉलर का कारोबारी साम्राज्य है। हिंदुजा समूह का निवेश मुख्यतः कंस्ट्रक्शन,होटल, कपड़े, ऑटोमोबाइल, ऑयल, बैंकिंग और फाइनेंस जैसे क्षेत्र में है। ब्रिटेन में हिंदुजा परिवार की अनेक बहुमूल्य इमारतें भी हैं। जेनेवा के इस अदालती फैसले ने एक बात तो साबित कर ही दी है कि स्विट्जरलैंड में न केवल कानून का राज है बल्कि वहां का कानून इस बात की भी परवाह नहीं करता कि आरोपी कितना अमीर व कितना रसूखदार है। साथ ही यह भी कि शोषित व पीड़ित वर्ग का व्यक्ति कितना ही गरीब व असहाय क्यों न हो मानवाधिकारों का पक्षधर वहां का कानून उसके साथ है।

अब जरा इसी अदालती फैसले के सन्दर्भ में हम अपने देश के वास्तविक हालात का भी आंकलन करें। भारत सरकार द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के अनुच्छेद 24 के अनुसार कारखानों, खदानों एवं जोखिम भरे कार्यों में किसी बालक, जिसकी आयु 14 वर्ष से कम हो, नहीं लगाया जायेगा। हमारे देश में बाल संरक्षण कानून के अतिरिक्त विस्तृत श्रम कानून भी बने हुये हैं। इन कानूनों की पालना व इन्हें लागू करवाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर बाकायदा विभाग हैं,विशेष अदालते हैं। गोया पूरी मशीनरी श्रम व बाल संरक्षण हेतु दिखाई देती है जिनपर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च भी होते हैं। परन्तु इन सब के बावजूद धरातलीय स्थिति क्या है यह कौन नहीं जानता। मुख्य मार्ग के ढाबों से लेकर मंत्रियों सांसदों विधायकों व अधिकारियों के घरों तक में श्रम व बाल संरक्षण कानून की धज्जियाँ उड़ती देखी जा सकती हैं। मजदूरों की तो बात छोड़िये अनेक निजी स्कूल्स तक में अधयापकों व अध्यापिकाओं को वेतन कुछ दिया जाता है तो रजिस्टर में दस्तखत अधिक धनराशि लिखकर कराई जाती है। हद तो यह है कि बंधुआ मजदूरी कानून बने होने के बावजूद अभी भी ठेकेदारी प्रथा के तहत तमाम बंधुआ मजदूर काम करते मिल जायँगे जिन्हें ठेकेदार अपनी मनमानी रकम देकर उनसे 8 से 12 घंटे तक काम करवाता है। ईंट के भट्ठों से लेकर सड़क व भवन निर्माण क्षेत्र में भी ऐसे तमाम मजदूर काम करते देखे जा सकते हैं।

अपने देश में 'कानून का राज 'कितना कायम है यह देखने के लिये आपको दर्जनों ऐसे उदाहरण मिल जायेंगे जबकि किसी जघन्य अपराधी ने सत्ता में आने के बाद अपने ही ऊपर चल रहे आपरधिक मुकददमों को ही वापस ले लिया। यह उदाहरण भी मिलेगा कि सत्ता के करीबी व्यक्ति पर चलने वाला दंगे,फसाद,बलात्कार व हत्या तक का मुकददमा सरकार द्वारा वापस ले लिया गया। कई बार देश के बड़े बड़े कानूनविद यहाँ तक कि अनेक पूर्व न्यायाधीश यह कह चुके हैं कि देश की जेलें आमतौर पर ऐसे गरीब व असहाय लोगों से भरी पड़ी हैं जो आर्थिक रूप से गरीब हैं और लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ पाने में असमर्थ हैं। भारत में अभी पिछले दिनों हुआ बहुचर्चित पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट मामला भी एक बड़ा उदाहरण है जिसमें दो इंजीनियरों को कुचल दिया गया था। इस मामले में नाबालिग चालक ने दावा किया था कि दुर्घटना के समय उसका ड्राइवर कार चला रहा था। लेकिन जांच में उसका यह बयान झूठा निकला। यहाँ भी पैसे और रसूख के बल पर वह अपने ड्राइवर को पैसों के एवज में जेल भेजकर स्वयं को बचाना चाह रहा था परन्तु चूँकि मीडिया ने इस मामले को तूल दे दिया था और कार का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था,उधर कुचले गए दो व्यक्ति भी इंजीनियर थे इसलिये जाँच निष्पक्ष करनी पड़ी और रसूखदारों की साजिश धरी रह गयी। परन्तु उनका यह दुस्साहस स्वयं यह बताता है कि भारत में ऐसा संभव है कि रसूखदार स्वयं को बचने के लिये अपने ड्राइवर या नौकर को आगे कर देते हैं।

याद कीजिये फरवरी 2022 में जब सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने कहा था कि- 'जवाहर लाल नेहरू का भारत ऐसा बन गया है जहां मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लोकसभा में लगभग आधे सांसदों के खिलाफ बलात्कार और हत्या के आरोप लंबित हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि इनमें से कई आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। ' उस समय प्रधानमंत्री ली सीन लूंग द्वारा भारतीय सांसदों को लेकर दिए बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने आपत्ति भी जताई थी। परन्तु क्या हम इस सवाल से बच सकते हैं कि विदेशी सांसदों में भारत के बारे में ऐसी शर्मनाक टिप्पणियों की नौबत ही क्यों आती है? क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश और दुनिया ने यह नहीं देखा कि किस तरह विपक्षी दलों के नेताओं यहाँ तक कि मुख्यमंत्रियों तक को भ्रष्टाचार के मामलों में निशाना बनाते हुये उन्हें जेल भेजा गया,अनेक नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारियां की गयीं। परन्तु जब वही अपराधी सत्ता की शरण में चला गया तो उसे मंत्री या सांसद बनाकर महिमामंडित किया गया? ऐसी सरकार व उसके अंतर्गत चलने वाले शासन प्रशासन से आखिर कानून का राज स्थापित होने की हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? हिंदुजा परिवार को लेकर स्विट्जरलैंड की अदालत से आया फैसला क्या हमें यह सोचने के लिये मजबूर नहीं करता कि अपने देश में कानून का राज स्थापित करने को लेकर आखिर हम कब आत्मावलोकन करेंगे?

-तनवीर जाफरी



# घर में पालना चाहते हैं तोता, तो रखें वास्तु शास्त्र के नियमों का ध्यान

**वास्तु शास्त्र में घर में सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए विस्तार से बताया है कि कौन सी वस्तु को किस स्थान पर रखना चाहिए। यहां तक वास्तु शास्त्र में पशु-पक्षियों को घर में रखने के नियम बताए गए हैं। वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करने से घर में नकारात्मकता दूर होती है।**

वास्तु शास्त्र में घर में सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए विस्तार से बताया है कि कौन सी वस्तु को किस स्थान पर रखना चाहिए। यहां तक वास्तु शास्त्र में पशु-पक्षियों को घर में रखने के नियम बताए गए हैं। वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करने से घर में नकारात्मकता दूर होती है। कई लोगों को घर में तोता पालना अच्छा लगता है, लेकिन क्या आपको पता है कि यह घर के लिए शुभ है या नहीं।

## वास्तु शास्त्र के अनुसार तोता पालना शुभ या अशुभ

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर में तोता पालने से सकारात्मकता का माहौल बनता है। यह घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर देता है। तोते का बोलने घर के लिए शुभ माना जाता है।

## तोता को घर में रखनी की दिशा

वास्तु शास्त्र के नियमों को मानें तो तोते को उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ रखा जा सकता है। उत्तर दिशा बुध ग्रह की दिशा होती है। बुद्ध बुद्धि के प्रतीक समझें जाते हैं। ऐसे में इस दिशा में तोते को रखने से बच्चों का पढ़ाई में मन लगा रहेगा। पूर्व दिशा को माना जाता है कि वह सूर्य की दिशा है। सूर्य शक्ति और सफलता के प्रतीक हैं। ऐसे में इस दिशा में तोता रखने से आपके घर में समृद्धि का वास होगा।

पिंजरे में तोता रखना सही या गलत

तोता को पिंजरे में रखने के बाद यह जरूर देखें कि वह खुश तो है। ऐसा माना जाता है कि तोता अगर पिंजरे में रहना पसंद नहीं करता है, तो घर से खुशियां चली जाती हैं। यह आपके घर में नकारात्मकता का माहौल बना देगी।



# कब है कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी शुभ मुहूर्त और महत्व

**चतुर्थी के दिन गणेश जी का पूजन किया जाता है। बप्पा को प्रसन्न करने के लिए यह दिन खास होता है। आय, सुख और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। भगवान गणेश के साथ-साथ इस दिन चंद्रमा की पूजा का भी विधान है। चंद्रमा की पूजा के बिना ये व्रत अधूरा माना जाता है।**

मान्यताओं के अनुसार, आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। हर चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित होती है, इसलिए इस दिन भी विधि-विधान से बप्पा की पूजा की जाती है। साथ ही व्रत भी रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान गणेश की आराधना करने से जीवन में व्याप्त सभी संकट दूर होते हैं। यह चतुर्थी कृष्ण पक्ष में पड़ती है, इसलिए इसे कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है।

## कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी तिथि

पंचांग के अनुसार, इस साल आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि मंगलवार को पड़ रही है। इस तरह कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी 25 जून 2024 को मनाई जाएगी। कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी की तिथि 25 जून 2024 को रात 1.23 से प्रारंभ होगी, जो रात 11.10 तक रहेगी। इस दिन भगवान गणेश की पूजा के लिए शुभ समय सुबह 5.30 से 7.08 तक रहेगा। वहीं, शाम में 5.36 से रात 8.36 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा।

इस तिथि पर भगवान गणेश की विशेष पूजा करने से सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक कष्टों से छुटकारा मिलता है। चतुर्थी तिथि के दिन चंद्र देव की भी पूजा की जाती है। यह महत्वपूर्ण होती है। रात के समय चंद्रमा की पूजा की जाती है और इसके बाद व्रत खोला जाता है। संकष्टी चतुर्थी के दिन चंद्रोदय रात 11.27 पर होगा।

## कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि

- कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए।
- फिर व्रत का संकल्प करें। सूर्य देव को अर्घ्य दें।
- इसके बाद मंदिर की साफ-सफाई करें।
- फिर एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। भगवान को हल्दी और कुमकुम का तिलक लगाएं।
- चावल और फूल चढ़ाएं। घी का दीपक जलाएं।
- बप्पा को मोदक, मिठाई और फल का भोग लगाएं।
- भगवान गणेश के मंत्रों का जाप करें।



# शुक्र ग्रह कमजोर होने पर घट जाती है सुंदरता ऐसे करें मजबूत

**शुक्र ग्रह को सुंदरता का कारक माना जाता है। शुक्र यदि कमजोर हो तो सुंदरता घट जाती है। यदि कुछ उपाय किए जाए जो शुक्र ग्रह को कुंडली में मजबूत किया जा सकता है।**

ज्योतिष शास्त्र में नव ग्रहों का विशेष स्थान दिया गया है। प्रत्येक ग्रह के अपने अलग-अलग कारक होते हैं। साथ ही ग्रहों का जातकों के जीवन में भी अलग-अलग असर पड़ता है। शुक्र ग्रह का भी ज्योतिष में विशेष महत्व बताया गया है। शुक्र कमजोर हो, तो आंखों में परेशानी होने लगती है। साथ ही मधुमेह की बीमारी हो सकती है। शुक्र ग्रह को महिलाओं के लिए काफी शुभ माना गया है। इस ग्रह को महिलाओं की सुंदरता से जोड़कर देखा जाता है। माना जाता है कि जिस महिला की कुंडली में शुक्र शुभ होता है, वे काफी सुंदर होती हैं। वहीं जब शुक्र कमजोर हो तो इसका शरीर पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। यहां आपको बताते हैं शुक्र कमजोर होने के क्या संकेत है और इसे कैसे मजबूत किया जा सकता है।

## शुक्र कमजोर होने के क्या संकेत हैं

- चेहरे पर मुंहासों का अचानक निकलना शुक्र के कमजोर होने का संकेत माना जाता है।
- चेहरे पर इंफेक्शन भी शुक्र कमजोर होने का संकेत है।

## ऐसे मजबूत करें शुक्र ग्रह

- शुक्रवार के दिन सफेद रंग के कपड़े पहनने चाहिए
- सफेद रंग की वस्तुओं का दान करना शुभ होता है
- शुक्र यंत्र को घर में स्थापित करना चाहिए
- सफेद गाय को चारा खिलाने से शुक्र के प्रकोप से मुक्ति मिलती है
- केमिकल वाले परफ्यूम की जगह प्राकृतिक महक वाले इत्र का इस्तेमाल करना चाहिए
- गंदे और फटे-पुराने कपड़े पहनने से शुक्र ग्रह अशुभ फल देता है। ऐसे में इस तरह के कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

# शनिदेव को नाराज कर सकती हैं अनजाने में हुई ये गलतियां

**शनिदेव व्यक्ति के अपराधों की सजा महादशा, ढैया या साढ़ेसाती के दौरान देते हैं। शनिदेव की वक्र दृष्टि से वही जातक बच पाता है जिसने निम्नलिखित 8 में से कोई भी कार्य नहीं किया हो। कहते हैं कि शनिदेव की नाराजगी व्यक्ति को एक झटके में बर्बाद कर देती है। यदि आप भी ये 8 गलतियां कर रहे हैं तो सतर्क हो जाएं। शनिदेव डालते हैं इन पर अपनी वक्र दृष्टि :**

- यदि आप ब्याज का धंधा करते हैं तो एक ना एक दिन आप पर शनिदेव की वक्र या कहें कि तिरछी दृष्टि पड़ेगी और बर्बादी शुरु हो जाएगी।
- यदि आप अपनी पत्नी के अलावा किसी अन्य महिला से संबंध रखते हैं तो निश्चित ही एक दिन शनिदेव की वक्री दृष्टि पड़ेगी और बर्बादी शुरु हो जाएगी।
- यदि आप नियमित शराब पीते हैं और खासकर मंगलवार, गुरुवार, शनिवार, प्रदोष काल, एकादशी, चतुर्थी, अमावस्या, पूर्णिमा के दिन शराब पीते हैं तो बहुत जल्द आप शनिदेव की दृष्टि की चपेट में आएंगे।
- यदि आप किसी गरीब, सफाईकर्मी, दिव्यांग, विधवा, अबला आदि को सताते हैं या उनका अपमान करते हैं तो आप तैयार रहें शनि का दंड भुगतने के लिए।
- यदि आप धर्म, देवता, गुरु, पिता और मंदिर का अपमान करते हैं या किसी भी रूप में उनका मजाक उड़ाते हैं तो दंडनायक के दंड का इंतजार करें बहुत जल्द वे हिसाब किताब पूरा कर देंगे।
- यदि आप जुआ या सट्टा खेलते हैं तो पांडवों की तरह वनवास भुगतने या कौरवों की तरह नाश होने के लिए तैयार रहें। आपके जीवन में घटना और दुर्घटना के योग बढ़ जाएंगे।
- अप्राकृतिक रूप से संभोग करना, लिव इन रिलेशनशिप में रहना, अवैदिक विवाह करना और पत्नी को सताने वाला बहुत जल्द शनि की क्रूर दृष्टि की चपेट में आ जाता है।
- झूठी गवाही देना, निर्दोष लोगों को सताना, किसी के पीठ पीछे उसके खिलाफ कोई कार्य करना, चाचा-चाची, माता-पिता, सेवकों और गुरु का अपमान करना, ईश्वर के खिलाफ होना, दांतों को गंदा रखना, तहखाने की कैद हवा को मुक्त करना, भैंस या भैसों को मारना, सांप, कुत्ते और कौवों को सताना इन सभी से शनिदेव नराज होकर व्यक्ति के जीवन को खराब कर देते हैं।
- शनिदेव से बचने का इस कलयुग में मात्र एक ही उपाय है हनुमानजी की भक्ति करना।





# भगवान विष्णु की यह शर्त पूरी नहीं कर पाई थीं देवी लक्ष्मी, धारण करना पड़ा था गरीब स्त्री का रूप

**भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी से जुड़ी एक पौराणिक आज भी प्रचलित है, जिसके मुताबिक माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु धरती पर भ्रमण के लिए निकले थे। देवी लक्ष्मी के कारण भगवान विष्णु की आंखों से अश्रु बहने लगे थे। इसके कारण देवी मां को सजा भी भुगतनी पड़ी थी।**

गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है और गुरुवार व्रत कथा का पाठ भी किया जाता है। भगवान विष्णु को पीला रंग प्रिय है। ऐसे में इस दिन पीले वस्त्र पहनने चाहिए। साथ ही भगवान को पीले रंग की मिठाइयों का भोग भी लगाना चाहिए। भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार देवी लक्ष्मी के शर्त न मानने के कारण भगवान विष्णु की आंखों से अश्रु बहने लगे थे।

## भगवान विष्णु ने रखी थी शर्त

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार श्रीहरि पृथ्वी भ्रमण पर निकले थे। तब देवी लक्ष्मी ने उनसे कहा कि वह भी उनके साथ जाना चाहती हैं। तब विष्णु जी ने कहा कि वे केवल एक शर्त पर ही उनके साथ जा सकती हैं। जब लक्ष्मी जी ने शर्त पूछी तो विष्णु जी ने कहा कि पृथ्वी पर चाहे कैसी भी परिस्थिति आए, उन्हें उत्तर दिशा की ओर नहीं देखना है। लक्ष्मी जी ने शर्त स्वीकार कर ली और श्रीहरि के साथ चली गईं।

दोनों धरती पर घूम रहे थे, देवी की नजर उत्तर दिशा में पड़ी। वहां इतनी हरियाली थी कि देवी लक्ष्मी बगीचे की ओर चल पड़ीं। उन्होंने वहां से एक फूल तोड़ा और विष्णु जी के पास आ गईं। लक्ष्मी जी को देखते ही विष्णु जी रोने लगे। तब मां लक्ष्मी को विष्णु जी की शर्त याद आई। श्रीहरि ने कहा कि बिना किसी से पूछे किसी भी वस्तु को छूना अपराध माना जाता है। यह सुनकर देवी लक्ष्मी ने अपनी गलती का अहसास किया। उन्होंने माफी मांगी। श्री हरि ने कहा कि केवल बगीचे का माली ही उन्हें माफ कर सकता है। लक्ष्मी जी को माली के घर दासी बनकर रहना होगा। यह सुनकर लक्ष्मी जी तुरंत एक गरीब स्त्री का रूप धारण करके माली के घर चली गईं।

## देवी लक्ष्मी ने दिया माली को आशीर्वाद

माली ने देवी लक्ष्मी से कई तरह के काम करवाए। जब माली को पता चला कि वह मां लक्ष्मी हैं, तो वह रोने लगा। उसने देवी लक्ष्मी से कहा कि जो कुछ भी उसने किया, उसके लिए उसे माफ कर दें। तब लक्ष्मी जी ने मुस्कुराते हुए कहा कि जो कुछ हुआ वह भाग्य था। इसमें किसी का दोष नहीं है। लेकिन माली ने लक्ष्मी जी को अपने परिवार का सदस्य माना, इसलिए उन्होंने जीवनभर के लिए उसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। जिसके बाद वे विष्णु लोक लौट आईं।

# फैशन डिजाइनर ने स्वर्ण मंदिर में किया योगा, गुरुद्वारा कमेटी खफा

**–पुलिस में शिकायत दर्ज, मकवाना ने सोशल मीडिया पर मांगी माफी**

अमृतसर।21 जून को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था।भारत में इस दिन जगह जगह कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।वहीं अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में एक महिला ने योग किया इसको लेकर गुरुद्वारा कमेटी नाराज हो गई और उसने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने फैशन डिजाइनर और लाइफस्टाइल इंफ्लुएंसर अर्चना मकवाना पर स्वर्ण मंदिर में योगाभ्यास और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। कमेटी ने मकवाना के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।हालांकि मकवाना ने इस मामले में माफी मांगी है। मकवाना ने कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था।बता दे कि शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वर्ण मंदिर पहुंचीं मकवाना ने परिक्रमा पथ पर योग किया था। गुरुद्वारों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कर्तव्य निर्वहन ठीक से नहीं करने का आरोप लगाते हुए अपने तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। कमेटी प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि मकवाना के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस आयुक्त को शिकायत की है। उन्होंने कहा कि किसी को भी स्वर्ण मंदिर में सिख आचरण के खिलाफ हरकत करने की इजाजत नहीं है लेकिन कुछ लोग जानबूझकर इस पवित्र स्थल की पवित्रता और ऐतिहासिक महत्व को नजरअंदाज कर आपत्तिजनक हरकतें करते हैं। उन्होंने कहा कि इस हरकत से सिखों की भावनाओं और मर्यादा को ठेस पहुंची है।बाद में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में मकवाना ने माफी मांगी और कहा कि मैंने किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से कुछ पोस्ट नहीं किया था।मुझे इस बात की जानकारी नहीं थी कि गुरुद्वारा साहिब परिसर में योग का अभ्यास करना कुछ लोगों के लिए अपमानजनक हो सकता है।उन्होंने कहा कि मैं ईमानदारी पूर्वक माफी मांगती हूं और भविष्य में और सावधानी बरतने का वादा करती हूं।

# अमेरिका में गोलीबारी में मरने वाले चार लोगों में भारतीय युवक भी शामिल

अमरावती। अमेरिका के अर्कांसस में शुक्रवार को हुई एक किराना स्टोर में गोलीबारी में चार लोगों की जान चली गई थी।इस गोलीबारी में भारत के आंध्र प्रदेश का रहने वाला एक 32 वर्षीय युवक भी मौत हुई है।इस युवक की पहचान बापटला जिले के मूल निवासी दासारी गोपीकृष्ण के रूप में हुई है। वह 8 माह पहले ही अमेरिका गया था।वह अर्कांसस के एक छोटे शहर फोर्डिस में मैड बुचर किराना स्टोर में काम करता था। 21 जून को एक बंदूकधारी ने स्टोर में गोलीबारी की, जिसमें बिलिंग काउंटर पर मौजूद गोपीकृष्ण को गोली लगी और वह गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। गोलीबारी में मृतक गोपीकृष्ण का परिवार खबर मिलने के बाद सदमे में है। उसके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। स्टोर के अंदर और पार्किंग में बंदूकधारी ने गोलीबारी की जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए थे।इस बीच, हमलावर के स्टोर में घुसने और काउंटर पर मौजूद व्यक्ति पर गोलियां चलाने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।जैसे ही पीड़ित जमीन पर गिरा, बंदूकधारी काउंटर के उस पार कूद गया और शेल्फ से कुछ लेकर भाग गया।पुलिस ओरापी की तलाश की रही है।

# मणिपुर में मैइती और कुकी समुदाय में फिर गोलीबारी, सुरक्षा बल तैनात

कांगपोकपी।मणिपुर में कई महीनों से दो समुदाय के बीच विवाद जारी है। दोनों समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच एक बार फिर से गोलीबारी हुई है।पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना उस समय हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां बरसाईं। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भी जवाब में गोली चलाई।इलाके में स्थिति को नियंत्रण करने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक घंटे बाद गोलीबारी थम गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंफाल घाटी में रहने वाले मैइती और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। काफी कोशिशों के बाद भी दोनों समुदाय में आए दिन हिंसा की झड़पों की खबर सामने आती रहती है।

# नक्सलियों ने घात लगाकर किया ब्लास्ट, दो कोबरा जवान शहीद

सुकमा।छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया है।इस हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई 'कोबरा' 201 बटालियन के दो जवान, जिनका नाम विष्णु आर और शैलेंद्र बताया जा रहा है, शहीद हो गए हैं।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि 'कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन' (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई।अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है।उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

# कैंसर से प्रतिवर्ष 1.75 लाख से अधिक लोगों की मौत, अवेयरनेस कार्यशाला

नयी दिल्ली ।वैश्विक कैंसर शोध संस्थानों में हर साल 4 लाख से अधिक किडनी कैंसर के नए मामले होते हैं।जिसमे से 1.75 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है।साल 2020 में कैंसर के करीब 4.30 लाख से अधिक मामले आये थे। एक डॉ के अनुसार किडनी कैंसर के शुरुआती चरणों में आमतौर पर कोई भी लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। कैंसर अवेयरनेस के लिये राजधानी दिल्ली में एक




कार्यशाला हुई है। हालांकि समय के साथ इसके लक्षण बढ़ते जाते हैं। किडनी कैंसर के कारण पीठ में अक्सर दर्द रहता है।इस दौरान भूख भी नही लगती है। बिना किसी प्रयास के वजन कम होता है। अक्सर थकान बनी रहती है। अगर ऐसे लक्षणों हों तब आपको सावधान हो जाना चाहिए।जेनरल सर्जन डॉ संतोष कुमार ने कहा की किडनी कैंसर का सबसे अच्छा इलाज सर्जरी है। 10-12 वर्ष पहले किडनी कैंसर का सर्जरी का मरीज आज स्वस्थ जीवन जी रहा है।यदि शुरूआत में ही इसका पता चल जाए तो 100 फीसदी इलाज संभव है।वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ कुमार राजेश रंजन के अनुसार किडनी कैंसर तब होता है।जब किडनी में मौजूद कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ कर ट्यूमर का रूप ले लेती हैं। यह ट्यूमर घातक हो सकता है।धूम्रपान, मोटापा, उच्च रक्तचाप, वंशानुगतता और गुर्दे की किसी बीमारी के अलावा अन्य कई कारक किडनी कैंसर के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। किडनी कैंसर के उपचार के लिए आमतौर पर सर्जरी के अलावा कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी का उपयोग किया सकता है। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक आनंद के अनुसार यदि कोई चाहता है कि उसे किडनी कैंसर ना हो तो कुछ तरीके अपना कर इस जोखिम को कम किया जा सकता है।इसमें मुख्य की धूम्रपान से बचना, ब्लड प्रेशर और शरीर का वजन ठीक रखना और खाने में फलों और सब्जियों का सेवन करना व जंक फूड का इस्तेमाल बंद करना तथा नियमित व्यायाम करना है।

# मायावती ने पलटा अपना फैसला, भतीजे आकाश आनंद को फिर बनाया बसपा का राष्ट्रीय संयोजक

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को लखनऊ में राष्ट्रीय स्तर की एक समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में केंद्रीय पदाधिकारियों के अलावा राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद पहली बार आयोजित हुई बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। इस बैठक में सबसे अहम फैसला जो लिया गया वो ये था कि मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। इतना ही नहीं आकाश को दोबारा से बहुजन समाज पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक भी बना बनाया गया है। एक दिन पहले शनिवार को आकाश को उत्तराखंड और पंजाब उपचुनाव के लिए पार्टी का स्टार प्रचारक बनाने की घोषणा की गयी थी।



## विवादित बयान की वजह से छिन गया था आकाश का पद

आकाश आनंद ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान सीतापुर में एक चुनावी रैली में भाजपा को आतंकवादी पार्टी बता दिया था, जिसके बाद मायावती ने बड़ा कदम उठाते हुए उन्हें बसपा के राष्ट्रीय संयोजक पद से हटा दिया था। मायावती ने उस समय दिए अपने बयान में कहा था कि आकाश को अभी और परिपक्व होने की जरूरत है। बता दें, तमाम कोशिशों और जबरदस्त प्रचार के बावजूद पार्टी लोकसभा चुनाव में अपना खाता नहीं खोल पायी थी। पार्टी को चुनाव में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था।

बसपा प्रमुख ने सात मई की रात एक्स पर पोस्ट किये गये अपने एक संदेश में कहा था, बसपा एक पार्टी के साथ ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान, स्वाभिमान तथा सामाजिक परिवर्तन का भी आंदोलन है, जिसके लिए कांशीराम जी व खुद मैंने भी अपनी पूरी जिंदगी समर्पित की है और इसे गति देने के लिए नई पीढ़ी को भी तैयार किया जा रहा है।' अपने सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा, 'इसी क्रम में पार्टी में अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के साथ ही आकाश आनन्द को राष्ट्रीय समन्वयक व अपना उत्तराधिकारी घोषित किया लेकिन पार्टी व आंदोलन के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है।'

## समीक्षा बैठक के बाद क्या बोली मायावती?

समीक्षा बैठक के बाद मायावती ने कहा कि बसपा आने वाले चुनावों में मजबूती के साथ लड़ती हुई दिखेगी। साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। मायावती ने स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी किसी भी अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करने नहीं जा रही है।

# एक छात्र ने की उत्तरप्रदेश की ऐसी परिभाषा, कांग्रेस नेता की पोस्ट, खूब मिल रहे लाइक

नई दिल्ली।आज पूरे देश में पेपर लीक का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।हर कोई अपनी-अपनी तरफ से कयास लगा रहा है और कुछ सबूत भी मिले हैं।इसी बीच सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़े कई पोस्ट वायरल हो रहे हैं।एक ऐसे ही पोस्ट जो खूब वायरल हो रहा है।उसकी तारीफ कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरुर ने की है। शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। ये सवाल यूपी से जुड़ा हुआ है और जवाब भी कहीं से कम नहीं है। वायरल हो रही आंसर शीट में सवाल पूछा गया है कि 'उत्तर प्रदेश किसे कहते हैं?' इसके जवाब में छात्र ने लिखा है-'वह प्रदेश जहां परीक्षा से पहले उत्तर का पता चल जाए, उसे उत्तर प्रदेश कहते हैं।' छात्र के जवाब को देखते हुए टीचर ने भी उसे पूरे-पूरे नंबर दिए हैं।इसके साथ ही रिमार्क दिया है-'सम्मान लायक हो बेटा!' सोशल मीडिया पर वायरल ये आंसर शीट कब और कहां की है, ये तो पता नहीं लेकिन कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इसे शेयर किया है।थरुर ने इसके साथ कैप्शन लिखा है-शानदार! उनकी इस एक्स पोस्ट को कुछ ही घंटों में करीब दो लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस पर अलग-अलग तरह के कमेंट भी आ रहे हैं. किसी यूज़र ने इसे मज़ेदार बताया तो किसी ने लिखा-किसी राजनेता के बेटे की कॉपी है।

# शिक्षा व्यवस्था को 'माफिया' के हवाले कर दिया, मोदी सरकार पर प्रियंका गांधी ने कसा तंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'नीट-यूजी' सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को ''माफिया'' और ''भ्रष्टाचारियों'' के हवाले कर दिया है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के ठीक एक दिन पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार निकाय राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा और परीक्षा में सुधार की सिफारिशों के लिए एक समिति गठित की है। केंद्र सरकार ने शनिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक) में अनियमितताओं की



जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी। प्रियंका ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'नीट-यूजी' परीक्षा का प्रश्नपत्र ''लीक'' हुआ, वहीं नीट-पीजी, यूजीसी नेट और सीएसआईआर-नेट ''रद्द'' कर दिए गए। उन्होंने पोस्ट में कहा, ''आज, देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का यह हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है।'' प्रियंका ने पोस्ट में कहा, ''लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंपने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपस से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।'' उन्होंने कहा कि हालत यह हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती। पोस्ट में कहा गया है, ''आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी है। देश के काबिल युवा अपना बेशकीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गंवा रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं।''

# बिहार में फिर गिरा पुल, एक सप्ताह में यह तीसरी घटना, कोई हताहत नहीं



**–लोग बोले–घटिया तरीके से पुल का किया जा रहा था निर्माण**

**मोतिहारी (एजेंसी)।** ऐसा लग रहा है कि बिहार में पुल गिरने का दौर जारी है। अभी बारिश शुरु भी नहीं हुई और उससे पहले ही एक हफ्ते में तीसरा पुल गिरने की घटना सामने आई है। इससे पहले अररिया और सिवान में भी पुल गिर चुके हैं। अब मोतिहारी से भी एक निर्माणधीन पुल गिर गया है। यह डेढ़ करोड़ की लागत से बनाया जा रहा था।

बिहार के पूर्वी चंपारण के मोतिहारी के घोड़ासहन ब्लॉक में पुल गिर गया। यहां घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क पर पुल का निर्माण किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि इस पुल की लंबाई करीब 40 फिट थी और इसे करीब 1.50 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा था। पुल ढलाई का काम कल ही हुआ था। इसके बाद रात में अचानक पुल भरभरा कर गिर गया। सुबह जब गांव के लोगों की नजर पुल पर पड़ी तो, खबर आग की तरह फैल गई।

गांव वालों का कहना है कि घटिया तरीके से पुल का निर्माण किया जा रहा था, जिसकी वजह से यह गिर गया। बिहार के सीवान में भी शनिवार को पुल गिरने की घटना हुई थी। यहां के महाराजगंज-दरोंदा विधानसभा के बॉर्डर को जोड़ने वाला पुल गिर गया था। लोगों की कहना है कि बिना आंधी-बारिश के ही पुल गिर गया। यह पुल पटेढ़ी-गरौली को जोड़ने वाली नहर पर बना था1 इसके अलावा मंगलवार को अररिया में करीब 180 मीटर लंबा एक नवनिर्मित पुल ढह गया था। यह पुल अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर पुल बनाया गया था जो उद्घाटन के पहले ही ढह गया। यह 12 करोड़ की लागत से बनाया गया था।

# कनिष्क विमान धमाके पर 39 साल बाद कनाडा लगा रहा मरहम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एअर इंडिया के कनिष्क विमान में हुए बम धमाके को लेकर कनाडा पुलिस ने अब बयान जारी करते हुए इस आतंकी वारदात के पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने की कोशिश है। एअर इंडिया का कनिष्क विमान 23 जून 1995 को कनाडा के मांट्रियल से लंदन के रास्ते नई दिल्ली आ रहा था, तभी रास्ते में लंदन में लैंडिंग से पहले विमान में जोरदार धमाका हुआ। इस विमान धमाके में 329 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के बदले के रूप में किया गया था। इस धमाके को आज 39 साल पूरे हो गए हैं।

39वीं बरसी पर कनैडियन पुलिस ने बयान जारी करते हुए बताया कि इस मामले की जांच जारी है। रॉयल कनैडियन मॉन्टेड पुलिस में प्रशांत क्षेत्र के कमांडर डेविड टेबोल ने इस बम धमाके को देश के इतिहास में 'कनाडाई लोगों को प्रभावित करने वाली और उनसे जुड़ी सबसे बड़ी आतंकी क्षति' बताया और पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति और समर्थन की पेशकश की। टेबोल ने कहा, 'एयर इंडिया की जांच सबसे लंबी और निश्चित रूप से आरसीएमपी के इतिहास में की गई सबसे जटिल घरेलू आतंकवाद जांचों में से एक है।' उन्होंने कहा, 'हमारे जांच प्रयास सक्रिय और जारी हैं।' भारत की तरफ से आयोजित यह श्रद्धांजलि सभा खालिस्तानी आतंकवादियों के मुद्दे पर कनाडा के साथ भारत के संबंधों में तनाव के बीच हो रही है। पिछले साल सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का आरोप लगाया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका और प्रेरित' बताते हुए खारिज कर दिया है। भारत का कहना है कि दोनों देशों के बीच मुख्य मुद्दा यह है कि कनाडा अपनी धरती से गतिविधियां चला रहे खालिस्तान समर्थक तत्वों को बिना किसी रोक-टोक के जगह दे रहा है। भारत ने बार-बार कनाडा के सामने अपनी 'गहन चिंता' जाहिर की है और नई दिल्ली को उम्मीद है कि ओटावा ऐसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगा।

# विधानसभा चुनाव से पहले उठी हरियाणा की अलग राजधानी बनाने की मांग

**–पूर्व सीएम के ओएसडी ने लिखा पीएम मोदी को पत्र**

**चंडीगढ (एजेंसी)।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर राज्य की अलग राजधानी बनाने की मांग उठने लगी है। हरियाणा बनाओ अभियान के तहत पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के ओएसडी रहे एम.एस. चोपड़ा ने अलग राजधानी और हाईकोर्ट बनाने के लिए मुहिम छेड़ दी है। इस मांग को लेकर चोपड़ा ने पीएम मोदी को एक पत्र भी लिखा है।

हरियाणा के पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के ओएसडी रहे एमएस. चोपड़ा हरियाणा की अलग राजधानी बनाने के लिए मुहिम चला रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि पंजाब से हरियाणा को अलग हुए 57 साल हो हो चुके हैं, लेकिन हरियाणा को आज तक अलग राजधानी और हाईकोर्ट नहीं मिला है इसलिए इस समस्या का समाधान जल्द किया जाए। उन्होंने पीएम, सीएम, सांसदों और विधायकों से मांग की है कि राजनीतिक शक्ति का उपयोग हरियाणा के निर्माण में किया जाए।


गौरतलब है कि एक नवंबर 1966 में पंजाब से अलग होकर हरियाणा एक अलग राज्य बना था। राज्य पुनर्गठन के दूसरे दौर में पंजाब के विभाजन से हरियाणा राज्य का जन्म हुआ था। आज हरियाणा 57 साल का हो चुका है। आज भी हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ है। बीते कई सालों से पंचकूला को हरियाणा की नई राजधानी बनाने की मांग उठती रही है। हरियाणा विधानसभा चुनाव आते ही हरियाणा की अलग राजधानी बनाने की मांग अक्सर उठती है। हरियाणा के सेवानिवृत्त मुख्य सचिव एससी चौधरी ने भी अप्रैल 2024 में पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा कर अलग राजधानी बनाने की मांग की थी।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है : मनोज सिन्हा

**रियासी (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है और हालिया आतंकवादी घटनाएं दुश्मन की हताशा का संकेत हैं। रियासी जिले के तलवाड़ा में सहायक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 16वें बुनियादी भर्ती प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बैच की पासिंग आउट परेड में सिन्हा ने कहा, हमें आतंकवादियों और उन्हें आश्रय देने वाले उनके सहयोगियों का पता लगाना चाहिए। कुल 860 कांस्टेबल ने प्रशिक्षण पूरा होने पर परेड में भाग लिया। उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई गई।

उपराज्यपाल ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा, आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है और इसने हमारे पड़ोसी (आतंक के निर्यातक को) हताश कर दिया है। हालिया आतंकी घटनाएं हमारे दुश्मन की हताशा का संकेत हैं। सिन्हा ने कहा कि उनके प्रशासन का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह से सफाया करना है। सिन्हा ने कहा, मुझे जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और हमारी सुरक्षा एजेंसियों पर बहुत भरोसा है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हमेशा उच्च स्तर की पेशेवर उत्कृष्टता दिखाई है।

उन्होंने कहा, हम पुलिस बल के आधुनिकीकरण और पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कैडेटों को सम्मानित भी किया और उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किये। पुलिस महानिदेशक आरआर



स्वैन ने भी भर्ती हुए सभी नए कांस्टेबल को शुभकामनाएं दीं और उनसे ईमानदारी से काम करने और लोगों की सेवा के प्रति खुद को समर्पित करने के लिए कहा।

# उच्च स्तरीय बैठक में अमित शाह ने बारिश-बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की

नयी दिल्ली।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की।हर साल मानूसन में बारिश के कारण विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ने की वजह से बिहार, असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के बड़े हिस्से जलमग्न हो जाते हैं।गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, ''गृह मंत्री ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और देश में बाढ़ प्रबंधन के लिए तैयारियों की समीक्षा की।'' उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और कुछ अन्य राज्यों को भी मानसून के दौरान भूस्खलन और बारिश से जुड़ी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है।पिछले कुछ वर्षों में तमिलनाडु, केरल और जम्मू कश्मीर में भी बाढ़ आयी है।केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विभिन्न मंत्रालयों और गृह, जल संसाधन, नदी विकास, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, सड़क परिवहन विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।अधिकारियों के अनुसार, अभी असम में बाढ़ से 10 जिलों में 1.17 लाख लोग प्रभावित हैं।असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बाढ़ से इन जिलों के 27 राजस्व मंडल के 968 गांव जलमग्न हो गए हैं।उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने अभी 134 राहत शिविर और 94 राहत वितरण केंद्र स्थापित किए हैं जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ली है।अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 37 पर पहुंच गयी है जबकि एक व्यक्ति लापता है।

# दिल्ली में जल संकट को लेकर आप और भाजपा के बीच सियासत जारी

**– भाजपा सांसद ने आप नेत्री और जल मंत्री आतिशी के अनशन पर बड़े सवाल उठाए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच सियासत जारी है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आप नेत्री और जल मंत्री आतिशी के अनशन पर बड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आतिशी का अनशन उनकी ही सरकार और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ है, क्योंकि राजधानी में आम आदमी पार्टी की ही सरकार है और उसकी ही जल मंत्री आतिशी अनशन पर बैठ गईं हैं। उन्होंने आतिशी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि, जब वो अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने की सुगबुआहट सुनती हैं, तो अनशन पर बैठ जाती हैं। इन सबके पीछे बहुत कुछ चल रहा है। आप सरकार की ओर इशारा करते हुए कहा मनोज तिवारी ने कहा कि अगर आप से काम नहीं हो पा रहा है तो सरेंडर कर दो। इसके 15 दिन के अंदर टैंकर माफियाओं पर चोट लगेगी और पानी जिनके हक में है उन्हें मिलने लगेगा।भाजपा सांसद ने कहा कि पहले दिल्ली नगर निगम भाजपा के पास था, इसलिए वो हम पर हर चीज का दोष लगा दिया करते थे। अब एमसीडी, दिल्ली सरकार, जल बोर्ड और डीटीसी सभी आप के पास है इसलिए अब कोई बहाना नहीं चलेगा। अब चाहे अनशन पर बैठो या कुछ भी करो, अगले पांच महीने में दिल्ली की जनता आप को स्थायी रूप से जमीन पर बैठा देगी। मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली सरकार का कोई ऐसा सेक्टर नहीं है जहां लोग दुखी न हों। डीटीसी कर्मचारी, वोकेशनल टीचर्स, गेस्ट टीचर्स सभी आप की सरकार से परेशान हैं। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने 594 वोकेशनल शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया है। वो हमारे पास आए हैं और हमने उनकी समस्या को उप राज्यपाल वीके सक्सेना तक पहुंचाया है। एलजी ने उनकी सारी बातों को ध्यान से सुना



और समाधान का आश्वासन दिया है। अब दिल्ली की जनता भाजपा की सरकार को मौका देने जा रही है, इसके बाद सारी समस्या हल हो जाएगी।

# नया मोबाइल वनप्लस नॉर्ड सीई4 लाइट 5जी आज होगा लांच

## -फोन के कई खास फीचर्स का कर दिया खुलासा

**नई दिल्ली ।**

स्मार्ट फोन बनाने वाली कंपनी वनप्लस अपने बजट नॉर्ड सीरीज़ का नया मोबाइल वनप्लस नॉर्ड सीई4 लाइट 5जी को कल 24 जून को लांच करेगी। लॉन्च से पहले ही वनप्लस ने इस फोन के कई खास फीचर्स का खुलासा कर दिया है, जिनमें बैटरी, डिस्प्ले, कैमरा और चार्जिंग शामिल हैं। पता चला है कि वनप्लस नॉर्ड सीई4 लाइट 5जी में 2,100 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ अमोलेड पैनल दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नॉर्ड सीई4 लाइट, ओप्पो के12एक्स का रीब्रांडेड वर्जन हो सकता है। अगर ये सच हुआ तो फोन में 120 एचझेड रिफ्रेश रेट के सपोर्ट के साथ 6.67-इंच का फुल एचडी+ अमोलेड डिस्प्ले मिल सकता है। पावर के लिए वनप्लस के इस फोन में 5,500 एमएएच की बैटरी हो सकती है, जो रिवर्स वायर्ड चार्जिंग के साथ 80वॉट फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी। कैमरे के तौर पर इस फोन में 50 मेगापिक्सल का सोनी लिटिया प्राइमरी सेंसर होगा। हालांकि सेकेंडरी सेंसर के बारे में जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। इसमें सेल्फी लेने और वीडियो कॉल करने के लिए 16 मेगापिक्सल का फ्रंट-फेसिंग शूटर भी हो सकता है।ये फोन क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 695 प्रोसेसर से लैस हो सकता है और ग्राफिक्स के लिए इसे एड्रेनो 619 जीपीयू के साथ जोड़ा जा सकता है। ओप्पो के12एक्स की कीमत चीन में लगभग रुपए 15,000 से शुरू हुई और टॉप-ऑफ-द-रेंज मॉडल के लिए लगभग रुपए 21,000 तक है। इसी तरह से ये कहा जा सकता है कि वनप्लस का आने वाला फोन 20,000-25000 रुपये के करीब लॉन्च किया जा सकता है। हालांकि फोन के असल फीचर्स और कीमत को ऑफिशियल लॉन्च के बाद ही कंफर्म होगी।

# जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्सपेयर्स को राहत

## - रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट होगा सस्ता

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक हुई,` जिसमें टैक्सपेयर्स को राहत देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सीतारमण ने कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा दी जाने वाली प्लेटफॉर्म टिकट जैसी सेवाओं को जीएसटी से छूट दी गई है। यानी ` कि आने वाले दिनों में रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट सस्ता हो जाएगा। बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि काउंसिल ने टैक्स डिमांड नोटिस के दंड पर ब्याज माफ करने की सिफारिश की है। जीएसटी काउंसिल ने टैक्स अधिकारियों के अपीलेट ट्रिब्यूनल के समक्ष अपील दायर करने के लिए 20 लाख रुपये, हाईकोर्ट के लिए एक करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की सीमा की सिफारिश की है। वित्त मंत्री ने कहा कि फेक इनवॉइस पर रोक लगाने के लिए चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लागू किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी काउंसिल ने सभी दूध के डिब्बों पर 12 फीसदी की एक समान दर की सिफारिश की। जीएसटी काउंसिल ने शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रावास के रूप में दी जाने वाली सेवाओं के लिए प्रति व्यक्ति प्रति माह 20,000 रुपये की छूट



दी। जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में सभी प्रकार के कार्टन बॉक्स पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बाकी एजेंडे पर चर्चा के लिए काउंसिल की अगली बैठक अगस्त में आयोजित की जाएगी।

# मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाएगी

## - पूरे देश में कम हो जाएंगे पेट्रोल-डीजल के दाम



**नई दिल्ली ।**

नरेंद्र मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए विचार कर रही है। इसके लिए वह सभी राज्यों को इस पर सहमत होने का इंतजार कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।

गौरतलब है कि देश में जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, उसमें एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य शुल्कों को शामिल किया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी कानून में शामिल करने का प्रावधान पहले ही कर दिया है। अब बस राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करने के लिए चर्चा करना होगा। सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक के बाद कहा कि एक बार यह निर्णय हो जाने के बाद इसे अधिनियम में शामिल कर दिया जाएगा।

एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी में एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य शुल्कों को शामिल किया गया था। हालांकि, यह फैसला किया गया कि पांच वस्तुओं, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा।

# सालभर में 65 फीसदी बढ़े खाद्य पदार्थों के दाम

## - सबसे ज्यादा भाव प्याज, आलू और टमाटर के बढ़े

**नई दिल्ली ।**

देश में लगातार खाने-पीने की चीजों में भी बेतहासा बढ़ोतरी हो रही है। बीते एक साल में खाद्य पदार्थों के दाम 65 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इसमें रोजाना उपयोग होने वाली सब्जियां भी शामिल हैं। सब्जियों की बढ़ती कीमतों की वजह से ज्यादातर घरों की रसोई से अब सब्जियां ही गायब होने लगी हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मुताबिक इस दौरान सबसे ज्यादा दाम प्याज, आलू और टमाटर के बढ़े हैं। इसके साथ ही दाल, चावल और खाने-पीने की अन्य वस्तुएं भी काफी महंगी हुई हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट पर उलपब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल 21 जून को चावल की कीमत 40 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 45 रुपए प्रति किग्रा हो गई है जबकि मूंग दाल के दाम 109 रुपए से बढ़कर 119 रुपए पहुंच गए हैं। वहीं मसूर दाल की कीमत 92 रुपए से बढ़कर 94 रुपए हो गई है और चीनी के दाम 43 रुपए से बढ़कर 45 रुपए प्रति किलोग्राम हो गए हैं। वहीं दूध की कीमत 58 रुपए से बढ़कर 59 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं इस दौरान खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। मूंगफली तेल का दाम लगभग स्थिर बने हुए हैं जबकि सरसों का तेल 142 रुपए से घटकर 139 रुपए लीटर पर आ गया है जबकि सोया तेल के दाम 132 से कम होकर 124 रुपए लीटर हो गए हैं। वहीं पाम ऑयल की कीमत 106 रुपए से गिरकर 100 रुपए प्रति लीटर पर आ गए हैं जबकि चाय का भाव 274 रुपए से बढ़कर 280 रुपए प्रति किग्रा हो गया है। वहीं खुदरा बाजारों के आंकड़ों के मुताबिक, सब्जियों की कीमतें भी आसमान पर हैं।

बाजार में फूलगोभी 80 रुपए प्रति किग्रा तो खुदरा बाजार में परवल का भाव 60 रुपए प्रति किलोग्राम चल रहा है जबकि लौकी का भाव 60 रुपए प्रति किग्रा हो गया है। वहीं आलू का भाव आलू 22 रुपए से बढ़कर 32 किग्रा हो गया है जबकि प्याज 23 रुपए से बढ़कर 38 रुपए प्रति किग्रा हो गई है। टमाटर के दाम 32 रुपए से चढ़कर 48 रुपए प्रति किग्रा तक पहुंच गए हैं जबकि अरहर दाल का भाव 128 रुपए से बढ़कर 161 रुपए प्रति किग्रा हो गया है जबकि उड़द दाल 112 से 127 रुपए प्रति किग्रा पर पहुंच गई है।

# ओएनजीसी अब दीन दयाल गैस क्षेत्र के लिए तलाश रही भागीदार

**नई दिल्ली ।**

सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने अब बंगाल की खाड़ी के केजी बेसिन में दीन दयाल गैस क्षेत्र को बचाने के लिए भागीदारों की तलाश शुरू कर दी है। कंपनी इस क्षेत्र पर करीब 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर चुकी है और सात साल में उसे काफी सीमित सफलता मिली है। निविदा दस्तावेज के अनुसार ओएनजीसी ने 12 जून को इस क्षेत्र में भागीदार के रूप में जरूरी तकनीकी विशेषज्ञता वाली तथा वित्तीय रूप से मजबूत वैश्विक तेल एवं गैस कंपनियों से रुचि पत्र (ईओआई) मांगे हैं। इसके पीछे मकसद क्षेत्र के लिए व्यावहारिक रणनीति को मजबूत करना है। जनवरी, 2017 में ओएनजीसी ने देश के पूर्वी तट पर केजी-ओएसएन-2001/3 ब्लॉक में गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम (जीएसपीसी) की 80 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। उसके बाद से यहां नगण्य मात्रा मे गैस का उत्पादन हुआ है। इस ब्लॉक में दीन दयाल वेस्ट (डीडीडब्ल्यू) गैस या कंडेनसेट क्षेत्र शामिल है जिसकी खोज लगभग दो दशक पहले जीएसपीसी ने की थी। गुजरात सरकार की कंपनी ने जब अपना कर्ज कम करने के लिए ओएनजीसी को अपनी हिस्सेदारी बेची थी तो उसने इसे एक बेहद संभावना वाले क्षेत्र के रूप में दिखाया था। इस क्षेत्र के बारे में शुरू में कहा जाता था कि इसमें 20,000 अरब घन फुट गैस का भंडार है। यह देश में गहरे समुद्र वाले क्षेत्र में सबसे अधिक होता। हालांकि, बाद में भंडार के इस अनुमान को घटाकर पहले की तुलना में मात्र 10 प्रतिशत कर दिया गया। ओएनजीसी ने निविदा दस्तावेज में कहा है कि क्षेत्र में आज की तारीख तक विकास के लिए कुल सात कुएं खोजे गए हैं। कंपनी अब इस क्षेत्र के लिए एक वैश्विक भागीदार चाहती है जो डीडीडब्ल्यू के विकास में मदद कर सके।

## आईटीसी के शेयर में लगातार 9 कारोबारी सत्रों में आई गिरावट

**नई दिल्ली ।** आईटीसी का शेयर लगातार 9 कारोबारी सत्रों से गिर रहा है। पिछले कारोबारी सीजन में भी यह एक फीसदी के करीब गिरकर 419.60 रुपये पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में इस शेयर में करीब पांच फीसदी की गिरावट आई है। साल 2024 में यह शेयर अब तक 10 फीसदी गिर चुका है। खास बात यह है कि शेयर बाजार में तेजी के बावजूद भी आईटीसी शेयर कमजोरी दिखा रहा है लेकिन फिर भी बाजार एनालिस्ट्स इस शेयर पर बुलिश हैं। आईटीसी शेयर को ट्रैक करने वाले 34 विशेषज्ञों में से 30 ने इस शेयर को खरीदने की सलाह दी है। शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड बना हुआ है।` विशेषज्ञों का मानना है कि ऊंचे लेवल से बिकवाली आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लगातार बढ़ने के बाद बाजार हेल्दी कलेक्शन कर सकता है। विशेषज्ञ का कहना है कि ऐसे में मार्केट में प्रॉफिट बुकिंग होती है तो निवेशकों को ऐसे शेयरों में एंट्री लेनी चाहिए जिनकी वैले यूएशन उचित लग रही हो. वैसे ट्रेंड यह रहा है कि प्रॉफिट बुकिंग के माहौल में अक्सर निवेशक एफएमसीजी सेक्टर का रुख करते हैं। आईटीसी ऐसा स्टॉक है जो मार्केट की तेजी के दौर में भी लगातार गिरावट में रहा है।

## जीएसटी परिषद जीओएम का पुनर्गठन करेगी

**नई दिल्ली ।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसकी वजह 11 राज्यों के नए मंत्री परिषद में शामिल होना बताई गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हाल ही में हुई जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए। जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को आयोजित की गई थी। परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। जीएसटी से प्राप्त राजस्व के विश्लेषण पर गठित मंत्री समूह में ओडिशा से नए वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है। ओडिशा में भाजपा ने विधानसभा चुनाव जीतकर इसी महीने सरकार बनाई है। हरियाणा से नए वित्त मंत्री का नाम भी परिषद में शामिल किया जाना है। रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में गठित मंत्री समूह का पुनर्गठन किया जाना है, क्योंकि बिहार के वित्त मंत्री बदल गए हैं। पवार की अध्यक्षता में जीएसटी प्रणाली सुधार पर गठित समूह का पुनर्गठन किया जाना है, जिसमें असम, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से पांच नए मंत्री शामिल होंगे।

## बीआईआई भारत के ईवी पारिस्थितिकी तंत्र पर करेगी 30 करोड़ डालर का निवेश

**नई दिल्ली ।** ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट (बीआईआई) भारत के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पारिस्थितिकी तंत्र पर बड़ा निवेश करने पर विचार कर रही है। बीआईआई ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान बीआईआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि हम भारत के ईवी पारिस्थितिकी तंत्र में अगले तीन साल में 30 करोड़ डॉलर का और निवेश करेंगे। बीआईआई ने महिंद्रा समूह की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई को अपना समर्थन दिया है। इसके अलावा यूलर मोटर्स, टर्नो और बैटरी स्मार्ट जैसी अन्य स्टार्टअप कंपनियों को भी बीआईआई से सहयोग मिला है। बीआईआई पहले ही भारत के ईवी क्षेत्र में 30 करोड़ डॉलर का निवेश कर चुकी है। उसे भारत के ईवी विनिर्माण, कलपुर्जों और वित्तपोषण क्षेत्र में निवेश की काफी संभावनाएं नजर आ रही हैं। अधिकारी ने एक साक्षात्कार में कहा` कि भारत काफी विकसित वाहन बाजार है। ईवी के मामले में अभी इसकी पैठ बाकी दुनिया से पीछे है। भारत में ईवी की पहुंच लगभग छह प्रतिशत है। हमें उम्मीद है कि इसका काफी आसानी से विस्तार किया जा सकता है। काफी तेजी से इस पहुंच को दोगुना किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा` कि आज चीन सबसे आगे हैं। लेकिन हमें लगता है कि भारत आज जहां है उसके काफी आगे जा सकता है। हम भारत को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बीआईआई ने वाणिज्यिक ईवी विनिर्माता यूलर मोटर्स, टर्नो और बैटरी स्मार्ट में भी निवेश किया है। आगे बीआईआई के निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा` कि कोई आंकड़ा देना मुश्किल है। पिछले तीन साल में हमने 30 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। आगे भी हमारा निवेश इतना ही रहने की उम्मीद है।

## बजाज देश पहली सीएनजी बाइक करेगी लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी कंपनी बजाज देश पहली सीएनजी बाइक जल्द लॉन्च करने जा रही है। बजाज ने अभी तक अपनी विरासत को बरकरार रखा है। बजाज की सीएनजी बाइक अगले महीने भारत में लॉन्च हो जाएगी। इसकी लॉन्च के लिए तारीख भी तय कर दी गई है। 5 जुलाई 2024 को भारत में बजाज की सीएनजी बाइक लॉन्च हो जाएगी। गौरतलब है कि बजाज पिछले काफी समय से सीएनजी बाइक पर काम कर रहा है। ट्रायल के दौरान कई बार सड़कों पर सीएनजी बाइक को देखा गया था। ऐसा कहा जा रहा है कि अगले महीने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में इस बाइक को लॉन्च किया जाएगा। बाइक कैसी होगी इसके बारे में अभी कुछ भी पुष्ट तौर पर नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, रिपोर्ट के हवाले से कहा जा रहा है कि यह बाइक 110–150 सीसी के इंजन में आ सकती है। यह भी हो सकता है कि यह बाइक हाइब्रिड स्टाइल अपनाए। यानी जरूरत पड़ने पर इसे पेट्रोल में भी स्विच किया जा सके। अगर सीएनजी खत्म हो जाती है तो उस समय बाइक को चलाने के लिए पेट्रोल की भी छोटी टंकी दी जा सकती है। टेस्ट मोटरसाइकल में कई आम बाइक वाले फीचर देखे गए हैं। मसलन, टेलिस्कोप फोर्क्स, इंडिकेटर्स, एक मोनोशॉक यूनिट, एलॉय व्हील्स, सिंगल पीस सीट, डिस्क और ड्रम ब्रेक का मिक्स आदि। बता दें कि 25 साल पहले भी पहली बार देश में सीएनजी ऑटो बजाज ने ही उतारा था। अब एक बार फिर मोबिलिटी के क्षेत्र में बजाज कुछ अलहदा करने जा रहा है।

# मानसून और जुलाई में आने वाले बजट पर रहेगी बाजार की नजर

## - डॉलर के मुकाबले रुपया और कच्चे तेल की कीमत पर भी बाजार की नजर रहेगी

**मुंबई ।**

इस सप्ताह निवेशकों की नजर मानसून की प्रगति, जुलाई में आने वाले बजट, विदेशी निवेशकों द्वारा किये जाने वाले निवेश, डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल, कच्चे तेल की कीमत और वैश्विक बाजार पर भी बाजार की नजर रहेगी। वहीं वैश्विक स्तर पर अमेरिका में पहली तिमाही का जीडीपी डाटा और व्यक्तिगत उपभोग व्यय मूल्य सूचकांक के आंकड़े 27 और 28 जून को जारी किये जाएंगे। इनका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सरकार के खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने से हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह मजबूत रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक के नतीजों का असर भी बाजार पर रहेगा। पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 217 अंक और निफ्टी में 35 अंक का इजाफा हुआ। निफ्टी बैंक बाजार का स्टार परफॉर्मर रहा। इसने करीब तीन प्रतिशत का रिटर्न दिया। भारतीय शेयर बाजारों के लिए पिछला सप्ताह कंसोलिडेशन वाला रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब 0.2 प्रतिशत की मामूली बढ़त रही। यह लगातार तीसरा सप्ताह था,




जब बाजार में साप्ताहिक रिटर्न सकारात्मक रहा है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि बाजार इस सप्ताह एक सीमित दायरे में रह सकता है। इसकी वजह बाजार में खरीदारी और बिक्री के लिए किसी मजबूत संकेत का न होना है। हालांकि, बाजार में अंडरकरेंट तेजी का है। अगर कोई भी गिरावट आती है तो वह खरीदारी का मौका होगी। वहीं अगर कोई बड़ी तेजी आती है तो मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। निफ्टी 23,400 अंक से 23,700 अंक की रेंज में रह सकता है। बैंक निफ्टी की टोन बुलिश है, लेकिन 51,500 अंक के ऊपर टिके रहना होगा।

अगर 52,200 अंक के ऊपर जाता है तो 53,000 अंक को छू सकता है। सपोर्ट 49,900 अंक से लेकर 50,500 अंक के बीच है। अगर यह रेंज टूटती है तो यह 49,000 अंक तक भी उतर सकता है।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ बढ़ी

## - मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये हो चुके हैं खर्च

**नई दिल्ली ।**

देरी और अन्य कारणों से बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया



समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 554 पर आ जाएगी।रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 831 परियोजनाओं में से 245 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 188 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने से अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 831 परियोजनाओं में विलंब का औसत 35.1 महीने है।इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इसके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिए जाने में विलंब, परियोजना की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है।

## एफपीआई ने जून में अब तक शेयरों में 12,170 करोड़ निवेश किया

**नई दिल्ली ।**

आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूती के साथ वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अब तक भारतीय शेयर बाजार में 12,170 करोड़ रुपये डाले हैं। नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकाली थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी 11,194 करोड़ रुपये रही है। मोजोपीएमएस के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि वर्तमान में भारतीय शेयर बाजार के उच्च मूल्यांकन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का प्रवाह प्रभावित रहेगा। इसके अलावा वृद्धि को समर्थन देने वाले बजट की उम्मीद से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में 10,575 करोड़ रुपये डाले हैं।

## इस वर्ष सरकार ने सुरक्षित भंडार के लिए 71 हजार टन प्याज खरीदा

**नई दिल्ली ।** सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के कुल लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज खरीदा है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 74,071 टन प्याज खरीदा गया था। अधिकारी ने कहा` कि इस वर्ष मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति पिछले वर्ष के बराबर है। हालांकि, रबी उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि सरकार मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन की खरीद का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्याज की कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार बफर स्टॉक से प्याज को रोकने या जारी करने का विकल्प अपनाएगी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्याज की कीमतों में वृद्धि प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में कम बारिश के कारण उपज में लगभग 20 प्रतिशत की कमी के कारण हुई है।

# टी20 विश्वकप : भारतीय टीम सुपर आठ के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने उतरेगी

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** भारतीय टीम सोमवार को टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर आठ के तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक सुपरआठ में अपने दोनो ही मुकाबले जीते हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम ने पहले अफगानिस्तान और फिर बांग्लादेश को हराया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले मैच में बांग्लादेश को हराया था पर दूसरे मैच में उसे अफगानिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसका मनोबल गिरा है।

अफगानिस्तान से हारने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया की सेमीफाइनल की राह भी कठिन हो गयी है। उसे सेमीफाइनल में पहुंचनले के लिए भारतीय टीम के खिलाफ जीत के साथ ही ये भी उम्मीद करनी होगी कि अफगानिस्तान टीम बांग्लादेश से हार जाए। भारतीय टीम में इस मैच के लिए बदलाव की उम्मीद नहीं है क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे भी फार्म में आते दिख रहे हैं। वहीं गेंदबाजी में स्पिनर कुलदीप यादव जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में यहां की स्पिन लेती पच पर उनका सामना करना ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए बेहद कठिन रहेगा। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी पर कंगारु टीम की संभावनाओं को भी कम नहीं माना जा सकता क्योंकि वह इस मैच में जीत के लिए पूरा जोर लगा देगी।

ऑस्ट्रेलिया को हालांकि इस मैच में अपनी बल्लेबाजी ठीक करनी होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ उसके बल्लेबाज विफल रहे थे हालांकि



गेंदबाजों का प्रदर्शन ठीक था। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों को स्पिनर एडम जम्पा और तेज गेंदबाज पैट कमिंस से सावधान रहना होगा। जम्पा एक शानदार स्पिनर हैं और यहां की पिच पर उन्हें सहायता भी मिलेगी। वहीं कमिंस ने पिछले दो मैच में लगातार हैट्रिक लेकर दिखाया है कि वह अभी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में शामिल हैं।

### टीम

**भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया-** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

# नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए मूत्र के नमूने नहीं दिए थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल (एडीडीपी) ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा कि यह आपके लिए औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थाई रूप से निलंबित हैं। पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

## पंत की गिलक्रिस्ट के साथ तुलना.... अभी ठीक नहीं, पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना

**सेंट लूसिया (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन अगर पंत अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है, तब वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है। स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी पंत विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है। पंत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं, लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं।

स्मिथ ने कहा, पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वे बेहतरीन फॉर्म में नाराज आ रहे है। वह बेहद कुशल खिलाड़ी है। वह आक्रामक है, वह खतरनाक खिलाड़ी है। गिलक्रिस्ट की तरह पंत ने भी दिखा दिया है कि वह प्रत्येक प्रारूप में किसी भी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। टी20 विश्व कप में उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जा रहा है और उन्होंने अभी तक इस फैसले को सही साबित किया है। स्मिथ ने कहा, 'वह किसी भी खिलाड़ी का अच्छी तरह से साथ निभा सकते हैं फिर चाहे वह कोहली हो या रोहित शर्मा। उन्होंने कहा, 'वह पहली गेंद को ही हिट कर सकता है और गेंद को सीमा रेखा के पास पहुंचा सकता है। उसके पास रन बनाने के अन्य विकल्प भी हैं। पंत ने टीम में केएल राहुल जैसे अच्छे खिलाड़ी की जगह ली है। केएल राहुल विश्व स्तरीय क्रिकेटर है और उसकी जगह लेना मायने रखता है। 26 वर्षीय क्रिकेटर की गिलक्रिस्ट से तुलना करने के लिए हालांकि अभी इंतजार करना होगा। स्मिथ ने कहा, 'गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए पंत अभी काफी रास्ता तय करना होगा। दोनों एक तरह के ही क्रिकेटर हैं जो टेस्ट क्रिकेट में निचले क्रम और सीमित ओवरों की क्रिकेट में ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए उसमें और गिलक्रिस्ट में समानता है।

# टी20 विश्व कप सुपरआठ : अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया

**– गुरबाज, जादरान ने लगाये अर्धशतक, गुलबदीन ने लिए चार विकेट**



**किंग्सटन (एजेंसी)।** रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान के अर्धशतकों के बाद गुलबदीन नाईब की घातक गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी टी20 विश्व कप सुपरआठ में सबसे बड़ा उलटफेर किया है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 6 विकेट पर 148 रन बनाये। इसके बाद 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम 127 रनों पर ही आउट हो गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम अफगान गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती दिखी। तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने ऑस्ट्रेलायई टीम को शुरुआती झटके दिये जिससे टीम संभल नहीं पायी। इसके बाद गुलबदीन नाईब ने चार विकेट लेकर कंगारुओं को दबाव में ला दिया। गुलबदीन ने 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट लिए। गुलबदीन ने मार्कस स्टोइनिस और अर्धशतक जमाकर खेल रहे ग्लेन मैक्सवेल को आउट किया। इसके बाद टिम डेविड और फिर पैट कमिंस को भी पेवेलियन भेज दिया। केवल मैक्सवेल की कुछ हद तक टिक पाये और उन्होंने 35 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्के जमाते हुए 59 रन बनाये पर अपनी टीम को हारी से नहीं बचा पाये। इस मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम ने गुरबाज और जादरान की शतकीय साझेदारी से अच्छी शुरुआत की। गुरबाज ने 60 और जादरान ने 51 रन बनाये। इसके बाद के बल्लेबाजों ने टीम का स्कोर 148 रन तक पहुंचाया।

## जाफर ने मीम शेयर कर ऑस्ट्रेलिया का मजाक उड़ाया

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व ओपनर वसीम जाफर ने अफगानिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद कंगारुओं का मजाक उड़ाया है। जाफर ने इस मैच को लेकर एक मीम शेयर किया है। जाफर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से लगातार एक से बढ़कर एक मीम शेयर किये हैं। जाफर ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें आईसीसी में ऑस्ट्रेलिया ने कैसे अफगानिस्तान को हराया था इसको लेकर बात है और साथ ही इसके जवाब में टी20 विश्व कप में अफगान टीम की जीत की भी चर्चा है।

## जब गेंद निकालने स्टेज के नीचे घुसे विराट



एंटीगुआ । आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारत और बांग्लादेश के बीच हुए सुपरआठ के दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 50 रनों से हरा दिया। इस मैच में एक ऐसा भी वाकया देखने को मिला जिससे दर्शक भी हैरान हो गये। इस मैच में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली गेंद निकालने के लिए स्टेज के नीचे घुस गए। विराट ने इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 3 छक्के और 1 चौका लगाकर 28 गेंदों पर 37 रन बनाए और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं इस मैच में बांग्लादेश की बल्लेबाजी के दौरान उसके बल्लेबाज रिशाद हुसैन ने एक छक्का लगाया और गेंद सीमा रेखा से बाहर रखे एक छोटे स्टेज के नीचे घुस गई पर तब सभी हैरत में पड़ गये जब विराट गेंद निकालने के लिए स्टेज के नीचे घुस गए। उन्होंने गेंद निकाली तब जाकर मैच वापस शुरू हुआ। इसका एक वीडियो भी आया है, इसमें विराट स्टेज के नीचे घुसते दिख रहे हैं।

## हम बहुत स्मार्ट हैं, हम बल्ले और गेंद से अच्छे रहे : रोहित शर्मा

खेल डैस्क । टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई है। टीम इंडिया का सेमीफाइनल लगभग तय हो गया है। लेकिन उन्हें इसे पक्का करने के लिए गुयाना के मैदान पर उतरना ही होगा। क्या कोई उन्हें रोक सकता है? यह टूर्नामेंट के आगे बढ़ने पर हमें पता चल जाएगा। वहीं, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ अहम जीत दर्ज करने के बाद अपने खिलाड़ियों की तारीफ की है। रोहित ने साफ शब्दों मे कहा कि सभी खिलाड़ियों का मिला जुला प्रदर्शन ही उन्हें आगे लेकर जा रहा है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद बल्लेबाजी में आक्रमण रुख अपनाने पर कहा कि मैं लंबे समय से इस बारे में बात कर रहा हूं। हमें मैदान पर जाकर अपना काम करना होगा। आज सब कुछ ध्यान में रखते हुए हमने परिस्थितियों के अनुरूप ढलकर वास्तव में अच्छा खेला। यहां थोड़ा हवा का प्रभाव है, कुल मिलाकर हम बहुत स्मार्ट हैं, कुल मिलाकर हम बल्ले और गेंद से अच्छे थे। सभी 8 बल्लेबाजों को अपनी भूमिका निभानी होगी, चाहे वह कुछ भी हो। हमने देखा कि एक खिलाड़ी ने 50 रन बनाए और अब हम 197 रन तक पहुंचे। रोहित ने कहा कि टी20 में मुझे नहीं लगता कि हमें अर्द्धशतक और शतक बनाने की जरूरत है, मायने यह रखता है कि आप गेंदबाजों पर कितना दबाव डालते हैं। शुरू से ही सभी बल्लेबाज इसी तरह खेले। टीम में काफी अनुभव है। वहीं, हार्दिकि के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा कि मैंने पिछले गेम में भी कहा था, उसकी अच्छी बल्लेबाजी हमें अच्छी स्थिति में लाती है। हम शीर्ष 5, 6 के बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम जानते हैं कि हार्दिक क्या करने में सक्षम है। वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, अगर वह ऐसा करना जारी रखता है तो यह हमें अच्छी स्थिति में पहुंचा देगा। उत्साह और अगर हम गेंदबाज के साथ कुछ चर्चा करते हैं और जब वह सामने आता है, तो यह अच्छा है।



# मैं ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करता हूं : कुलदीप यादव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्रोस आइलेट -कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट ले लिए हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।

कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिए लैंग्थ काफी मायने रखती है। इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है। इसके लिए काफी आक्रामक होना पड़ा है। मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी20 विश्व कप में भी। अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं।

उन्होंने कहा कि जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिए और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब वह आप पर हमले की कोशिश करें तो आपके पास रणनीति होनी चाहिए। ऐसे में विकेट लेने की संभावना अधिक होती है।

कुलदीप ने संकेत दिया कि उन्हें वेस्टइंडीज में टीम संयोजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका में नहीं खेला। मैं वहां 12वां खिलाड़ी था और ड्रिंक्स लेकर जा रहा था। यह खेलने जैसा ही था। मैंने वहां गेंदबाजी नहीं की लेकिन करना चाहता था। उन्होंने कहा कि वहां विकेट आस्ट्रेलिया की तरह था। मैंने यहां 2017 में टी20 और वनडे में पदार्पण किया और मुझे हालात का पता था। स्पिनर के लिए यहां गेंदबाजी करना अच्छा अनुभव है।



## नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

नई दिल्ली । भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों में शामिल सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। सुमिन ने स्वयं कहा कि उन्होंने पुरुष एकल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है। नागल अब दूसरी बार ओलंपिक खेलेंगे। उन्होंने इससे पहले टोक्यो ओलंपिक में भी भाग लिया था। नागल ने सोशल मीडिया पर लिखा, ' मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है. क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है.' नागल ने कहा, 'टोक्यो ओलंपिक के बाद अब पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना मेरा लक्ष्य था। अब मेरा लक्ष्य सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।' वहीं अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने कहा कि इससे पहले जब खिलाड़ियों की रैंकिंग पर विचार किया गया था तब नागल वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची में थे पर अब उन्होंने क्वालीफाई कर लिया है। .वहीं भारत के ही रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी पुरुष युगल स्पर्धा में शामिल होंगे। बोपन्ना को शीर्ष 10 खिलाड़ियों में होने के कारण अपना जोड़ीदार तय करने का अधिकार मिला हुआ था और इसके लिए उन्होंने बालाजी का नाम आगे रखा। जिससे एआईटीए ने मान लिया।

## अश्विन ने गंभीर की तारीफ करते हुए उन्हें एक फाइटर बताया

नई दिल्ली । अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बनने जा रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि गंभीर एक फाइटर हैं पर उन्हें गलत समझा गया है। इसके अलावा वह मेरे लिए प्रेरणास्रोत भी रहे हैं क्योंकि टेस्ट करियर के शुरुआती दिनों में मुझे उनसे काफी सहायता मिली। भारतीय टीम के नये मुख्य को की दौड़ में गंभीर अभी सबसे आगे हैं। वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्वकप से समाप्त हो रहा है। गंभीर का हाल ही में बीसीसीआई समिति ने साक्षात्कार भी लिया था। ऐसे में गंभीर के कोच बनने की अटकलों को देखते हुए अश्विन ने गंभीर की प्रशंसा करते हुए साल 2012 की एक घटना को याद किया। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली श्रृंखला खेल रहा था। तब गंभीर ने मुझे मेरे करियर की शुरुआत में बहुत आत्मविश्वास दिया। मुझे जबकि ऐसी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, गंभीर को बहुत गलत समझा जाता है। यह सब धारणा है कि वह बेहद सख्त हैं पर । हममें से कई लोगों के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम अपने दिमाग में किसी एक को हीरो बना देते हैं और अन्य लोगों को भूल जाते हैं। गंभीर एक प्रतियोगी है। जीतने की उसकी इच्छा और भूख अविश्वसनीय है। मेरे मन में उसके लिए बहुत सम्मान है।

# भारत से मुकाबले के लिए तैयार हैं : मार्श


**– दबाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है ऑस्ट्रेलिया**



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने माना है कि भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में उनकी टीम पर जीत हासिल करने का दबाव रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपने दूसरे सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान ने उलटफेर का शिकार बनाया था पर मार्श ने कहा कि उनकी टीम इस हार से उबरकर भारत के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेगी। साथ ही कहा कि उनकी टीम को दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना आता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अगर भारत के खिलाफ सुपर आठ में हारती है तो वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया को इस मैच में भारत के खिलाफ जीत हासिल करने के साथ ही अपना नेट रन रेट भी बेहतर बनाए रखना होगा। मार्श ने कहा कि यह अहम मैच है और इसमें हमें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर हमारी इस टीम के इतिहास को देखें तो हमारे खिलाड़ी दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से इस कठिन मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए चीजें अब स्पष्ट हैं। हमें अपने पर भरोसा रखना होगा। हमारे पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और मेरा मानना है कि हम सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं। हमें सब कुछ भूलकर आगे बढ़ना होगा तभी टीम को सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ टीम ने कुछ ज्यादा ही रन दे दिये थे। वहीं दिन भी उनके लिए अच्छा नहीं रहा। हार में वह टॉस की भूमिका को नहीं मानते। टीम की हार का कारण खराब प्रदर्शन रहा।

## कमिंग टी20 विश्वकप में दो बार हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बने

सेंट विंसेंट । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने इस टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरी बार हैट्रिक लेकर एक नया रिकार्ड बनाया है। कमिंस टी-20 विश्व कप के दो मैचों में लगातार हैट्रिक लेने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बने हैं। कमिंस ने सुपर आठ के पहले मैच में बांग्लादेश और दूसरे मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक लगायी है। कमिंस ने अफगानिस्तान के खिलाफ 18वें ओवर की अंतिम गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की शुरुआती दो गेंदों में उन्होंने करीम जनत और गुलबदीन नईब के विकेट लेकर अपनी हैट्रिक पूरी की। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ भी कमिंस ने इसी प्रकार 17 ओवर की अंतिम दो गेंदों और 18 ओवर की पहली गेंद पर विकेट लिया था। .टीम 20 विश्व कप की पहली हैट्रिक साल 2007 में खेले गए शुरुआती सत्र में ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट ली ने बांग्लादेश के खिलाफ लगायी थी। इसके बाद दूसरी हैट्रिक 14 साल बाद कर्टिस कैम्फर ने 2021 में नीदरलैंड्स के खिलाफ लगायी ली। उस सत्र में वानिंदु हसरंगा और कागिसो रबाडा ने भी ये कारनाम किया था जबकि 2022 सत्र में कार्तिक मेयप्पन और जोश लिटिल ने हैट्रिक ली थी।



# सूर्यकुमार को मिला बैस्ट फील्डर का मैडल, विव रिचर्ड्स ने पंत को देखकर दी बड़ी मुस्कान

**नॉर्थ साउंड (एंटीगुआ) (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप सुपर-8 मैच में बांग्लादेश पर भारत की 50 रनों की जीत के बाद वेस्टइंडीज के महान सर विवियन रिचर्ड्स ने सूर्यकुमार यादव को बेस्ट फील्डर का मेडल दिया। एंटीगुआ में सूर्यकुमार ने लिटन दास को आउट करने के लिए दौड़ते हुए कैच लिया था। इसको लेकर टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में फील्डिंग कोच टी दिलीप ने घोषणा की कि यह पुरस्कार वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी द्वारा दिया जाएगा, जिनके नाम पर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम का नाम रखा गया है।

दिलीप ने बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में कहा कि आज हमारे पास एक सच्ची किंवदंती है, जिसका नाम मैदान पर निडर खेल और बेजोड़ करिश्मा का पर्याय है। हर मायने में गेमचेंजर, जिसने हर मायने में दिखाया; महानता के लिए प्रयास करने का क्या मतलब है। यह कोई और नहीं बल्कि सर विवियन रिचर्ड्स हैं।

सूर्यकुमार को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक पदक प्रदान करने के बाद रिचर्ड्स ने हंसते हुए कहा कि मैं केवल यह कह सकता हूं कि अगर विंडीज टीम विश्व कप में अपना काम पूरा नहीं कर पाई तो मैं आपके कमरे में वापस आ जाऊंगा। रिचर्ड्स ने दुर्घटना के बाद वापसी के लिए ऋषभ पंत की भी सराहना की और कहा कि पंत तुम जिस दौर से गुजर चुके हो उसके बाद तुम्हें वापस आते देखना बहुत अच्छा है। हमें महान प्रतिभा की कमी महसूस होगी और वास्तव में तुम भविष्य में क्या पेश कर सकते हो। विंडीज दिग्गज ने टूर्नामेंट में अब तक भारत के प्रदर्शन की सराहना करते हुए समापन किया।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शान्तो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने हार्दिक पांड्या के 50, विराट के 37, ऋषभ पंत के 36, शिवम दुबे के 34 रनों की बदौलत 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम 8 विकेट गंवाकर 146 रन बनाने में ही सफल रही और 50 रनों से मुकाबला गंवा दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 3, बुमराह और अर्शदीप ने 2-2 विकेट लिए।



## खाना-ए-काबा के चाबीधारक डॉ. सालेह अल-शैबी का निधन



रियाद। खाना-ए-काबा के सादिन यानी मुख्य चाबीधारक और देखभालकर्ता डॉक्टर सालेह अल-शैबी का 79 वर्ष की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। उनका इंतकाल मक्का में हुआ। डॉ सालेह अल-शैबी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और उन्होंने धर्म और इतिहास पर अनेक पुस्तकें लिखीं जो प्रकाशित भी हुईं। डॉ. सालेह बिन ज़ैनुल आबिदीन अल-शैबी काबा के 109वें सादिन यानी देखभालकर्ता थे। जानकारी अनुसार डॉ सालेह ज़ैनुल आबिदीन अल शैबी का इंतकाल मक्का में शनिवार को हो गया। वो 79 वर्ष के थे। डाक्टर सालेह अल-शैबी खाना-ए-काबा के सादिन (मुख्य चाबीधारक) थे। वो खाना-ए-काबा के अंदर मेंटेनेंस के कामों की जिम्मेदारी भी संभालते थे। डॉक्टर सालेह अल-शैबी साल 2013 से खाना-ए-काबा के 109वें सादिन के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे। डॉक्टर सालेह का जन्म सन 1945 में मक्का में हुआ था। उन्हें इस्लामिक शोधकार्य के लिए पीएचडी उपाधि प्रदान की गई थी। डॉ सालेह मक्का की उम्मुल क़ुरा युनिवर्सिटी में बतौर प्रोफेसर अपनी खिदमात दीं और वहीं से वो सेवानिवृत्त भी हुए। इस्लामिक इतिहास और अकीदे पर डॉ सालेह ने करीब एक दर्जन पुस्तकों का लेखन किया। डॉ सालेह अल-शैबी जैसी दुनियां की एक महान हस्ति का शनिवार को मक्का में देहांत हो गया। उनकी आखिरी रसूमात दूसरे दिन रविवार को अदा की गईं।

## इजरायल ने किए ताबड़तोड़ धमाके, 42 फिलिस्तीनियों की मौत



गाजा। गाजा में लगातार इजरायली हमले हो रहे हैं। हजारों लोगों की जान जा चुकी है। बीते रोज शहर के अलग अलग इलाकों में धमाके हुए हैं जिसमें 42 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।इजरायली युद्धक विमानों ने अल-शती शरणार्थी शिविर पर हमला किया जिसमें लगभग 18 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। नागरिक सुरक्षा दल अभी भी शव और घायलों को मलबे से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। शिविर खंडहर में बदल गया है। इजरायली सेना ने गाजा में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर राएद साद को निशाना बनाया। अभी तक, उसकी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हमास के संचालन के प्रमुख के रूप में पहचाने जाने वाले साद के बारे में माना जाता है कि वह मार्च में इजरायली छापे के दौरान गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल में था, लेकिन उस समय वह वहां नहीं मिला। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में कहा कि गुरुवार तक इजरायली सैन्य अभियानों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 37,431 हो गई है, जबकि 85,653 अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों के अल-शती शरणार्थी शिविर पर हमले में सात घर नष्ट हो गए। हमास ने एक प्रेस बयान में कहा कि एक अन्य घटना में शनिवार को गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फाह में घरों पर इजरायली हवाई हमलों के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 24 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि उसके युद्धक विमानों ने गाजा शहर में हमास के दो सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया।

## घरों पर टपकने लगे चीनी रॉकेट के टुकड़े, लोगों में मची अफरा तफरी

बीजिंग। चीन और फ्रांस ने मिलकर संयुक्त रूप से लॉन्च किए गए उपग्रह ले जाने वाले लॉन्ग मार्च 2-सी रॉकेट में विस्फोट हो गया। इसका एक हिस्सा पृथ्वी पर एक आवासीय क्षेत्र में गिर गया। इससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर तक लोगों को लगा कि आसमान से कोई चीज धरती पर गिरी है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें रॉकेट एक आबादी वाले इलाके में गिरता हुआ दिखाई दे रहा है।



यान का हिस्सा गिरने से लोगों में दहशत फैल गई और वे बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) को दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च -2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। जानकारी के अनुसार, स्पेस वेरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) नामक उपग्रह के साथ अंतरिक्ष यान ने 22 जून (स्थानीय समय) को सुबह 3.00 बजे ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद रॉकेट का एक हिस्सा वापस धरती पर गिर गया। धरती पर रॉकेट का जो हिस्सा गिरा, उसे बूस्टर कहा जाता है। हालांकि, चीनी अधिकारियों ने मिशन को सफल घोषित करते हुए पुष्टि की कि उपग्रह अब तक का सबसे शक्तिशाली उपग्रह है और सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुंच गया है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, उपग्रह का मिशन गामा-किरण विस्फोट सहित खगोलीय घटनाओं का अध्ययन करना है। यह चीन और फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया पहला खगोल विज्ञान उपग्रह है, जो अंतरिक्ष और चंद्र अन्वेषण में चीन की बढ़ती ताकत को दिखाता है।

## घनी दाढ़ी....के बाद इस देश में हिजाब पर लगा प्रतिबंध

दुशांबे। मध्य एशियाई देश ताजिकिस्तान ने 19 जून को संसद के ऊपरी सदन द्वारा विधेयक को मंजूरी देने के बाद हिजाब प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विधेयक संसद के ऊपरी सदन मजलिसी मिल्ली के 18वें सत्र के दौरान पारित किया गया, जिसकी अध्यक्षता इसके प्रमुख रुस्तम इमोमाली ने की। अपने विधेयक में, मिल्ली ने दो सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी त्योहारों - ईद-उल-फितर और ईद-उल-अज़हा के लिए विदेशी परिधान और बच्चों के जश्न पर प्रतिबंध लगा दिया। इन मुस्लिम त्योहारों को ईदगरदक के नाम से जाना जाता है, जिसके दौरान बच्चे लोगों को बधाई देने के लिए अपनी गलियों में घरों में जाते हैं। 8 मई को, देश की संसद के निचले सदन मजलिसी नमोयंदगोन ने विधेयक को मंजूरी दे दी। यह पारंपरिक परिधानों, विशेष रूप से हिजाब, जो एक इस्लामी सिर का दुपट्टा है, पर लक्षित है। यह घटनाक्रम मजलिसी नमोयंदगोन द्वारा प्रशासनिक उल्लंघन संहिता में संशोधन को मंजूरी दिए जाने के बाद हुआ है। नए संशोधनों के अनुसार, कानून का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, सांसदों ने अपराधियों के लिए जुर्माना लगाया है, जो व्यक्तियों के लिए 7,920 सोमोनी से लेकर कानूनी संस्थाओं के लिए 39,500 सोमोनी तक है। इसके अलावा, सरकारी अधिकारियों और धार्मिक अधिकारियों पर दोषसिद्धि होने पर क्रमश: 54,000 सोमोनी से लेकर 57,600 सोमोनी तक का जुर्माना लगाया जाता है।



चीन ने जियांग उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से एक लांग मार्च 2 सी रोकेट दागा।

## शहबाज शरीफ ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान

इस्लामाबाद,। पाकिस्तान में तालिबान प्रायोजित आतंकियों के पैर जमाने के बीच पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि आतंकवाद से लड़ना सभी संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। एनएपी की बैठक को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि प्रांतों को भी देश में आतंकवाद से निपटने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। यह शीर्ष समिति देश से आतंकवाद को खत्म करने के उपायों के कार्यान्वयन की देखरेख करने वाली सर्वोच्च संस्था है। पाकिस्तान पीएम शरीफ ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमारा सामूहिक कर्तव्य और देश की सभी संस्थाओं का प्राथमिक दायित्व है। यह आपके और मेरे बारे में नहीं, बल्कि हमारे बारे में है। हमें इसे मिलकर खत्म करना होगा। 16 दिसंबर, 2014 को पेशावर स्कूल हमले के मद्देनजर आतंकवाद को खत्म करने के लिए 20 सूत्री एनएपी एजेंडा सरकार द्वारा अपनाया गया था और विपक्षी दलों द्वारा अनुमोदित किया था। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान पिछले ढाई दशकों से आतंकवाद का सामना कर रहा है और अपराध, मादक पदार्थ, तस्करी, उग्रवाद और धार्मिक आतंकवाद की संलिप्तता के कारण इससे निपटना जटिल है। शीर्ष समिति की बैठक ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान ने हाल में आतंकवादी कृत्यों में बढ़ोतरी का सामना किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में 2023 के दौरान 789 आतंकवादी हमलों और आतंक-रोधी अभियानों में 1,524 मौतें हुईं और 1,463 लोग घायल हो गए।



# बिना हाथ लगाए ताइवान को दबोच सकता है चीन

### -अमेरिका के थिंक टेंक ने चेताया, बढ़ी टेंशन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** वाशिंगटन के थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों के बीच कायम समुद्री सीमा में तनाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है क्योंकि चीन ताइवान के खिलाफ क्वारंटाइन स्ट्रेटिजी अपना रहा है जिसके तहत ताइवान को अलग-थलग करने की रणनीतिक कोशिश साफ सामने है। चीन अमेरिका से सीधे सीधे टकराव को अवॉइड करते हुए ताइवान पर प्रेशर बड़ा रहा है। अमेरिका हमेशा से ताइवान का पक्ष लेता रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं कि चीन के साथ ताइवान के आर्थिक संबंधों के चलते चीन के इन कदमों से इंटरनेशनल रिलेशन्स और वैश्विक व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। इस रणनीति से चीन ताइवान को दुनिया से पूरी तरह काटेगा नहीं बल्कि ताइवान के समुद्री और हवाई कॉमर्स पर कंट्रोल करने लग सकता है। खान पान और दवा जैसी जूररी आवश्यकताएं ताइवान को मिलती रहेंगी जिससे चीन यह दावा कर सकेगा कि किसी तरह की कोई परेशानी है ही नहीं। मगर वह कुछ खास सेगमेंट की सप्लाई रोकेगा जैसे कि ताइवान को अमेरिकी हथियारों की शिपमेंट। वैसे जानकार मानते हैं कि चीन की इस रणनीति से ताइवान को अपनी स्वतंत्रता की आधिकारिक घोषणा करनी पड़ सकती है जिसका चीन हमेशा से जबरदस्त विरोध करता आया है।ताइवान की स्वतंत्रता के कट्टर समर्थकों के लिए बाकायदा दंड का ऐलान किया है। यहां तक कि 'विशेष रूप से गंभीर' मामलों के लिए मौत की सजा को शामिल करने की घोषणा तक कर दी थी और इस बारे में करने के बारे में एक नोटिस जारी किया था। ताइवान ने इस बीच कहा कि बीजिंग का 'पूरे ताइवान पर कोई कानूनी अधिकार क्षेत्र नहीं है' और उसके नियमों का 'हमारे लोगों को मानने के लिए कोई जबरदस्ती नहीं है।

# भविष्यवाणी: पहले भीषण गर्मी से लोग मरेंगे फिर बाढ़ बढ़ाएगी मुश्किलें

**पेरिस (एजेंसी)।** मशहूर भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस ने 2024 को लेकर अपनी भविष्यवाणी में चेतावनी दी थी कि इस साल धरती पर जलवायु परिवर्तन का कहर टूटेगा। इसमें कहा गया है कि सूखी धरती और अधिक झुलस जाएगी और जब यह नजर आने लगेगा तो एक भयंकर बाढ़ आएगी। नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी ग्रीनहाउस प्रभाव के कारण बढ़ते वैश्विक तापमान और गर्मी की लहर का संकेत हो सकता है। जिस तरह से धरती का तापमान इस समय तेजी से बढ़ रहा है, यह नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी के बेहद करीब जाता दिखाई दे रहा है। बीते महीने को ही देखें तो इसने अब तक के सबसे गर्म मई होने का रिकॉर्ड बना लिया है। मई महीने में औसत वैश्विक तापमान 12.97 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था,



जो 1991-2020 के औसत से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। वहीं, 1850-1900 के पूर्व औद्योगित औसत से तुलना करें तो यह 1.52 डिग्री सेल्सियस गर्म रहा था। जुलाई 2023 के बाद से यह महीना लगातार 11वां महीना था, जो पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित 1.5 डिग्री से ज्यादा गर्म रहा।

हालात ये हैं कि भारत समेत पूरी दुनिया में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान 1000 से ज्यादा मौतें हों या दक्षिण एशिया से लेकर दक्षिण पूर्व एशिया तक चल रही खतरनाक हीटवेव, इन सबके पीछे धरती का लगातार बढ़ता तापमान जिम्मेदार है। यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के अनुसार, मई 2024 अब तक रिकॉर्ड इतिहास में सबसे गर्म मई दर्ज की गई है।

सिर्फ यही नहीं, यह लगातार 12वां महीना रहा है जब पृथ्वी का तापमान रिकॉर्ड रूप से उच्च दर्ज हुआ है। जून 2023 के बाद से हर महीनी रिकॉर्ड स्तर पर सबसे गर्म रहा है। भयंकर पड़ रही गर्मी ने एक बार फिर मशहूर भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस की उस भविष्यवाणी की चर्चा तेज कर दी है, जो उन्होंने साल 2024 के लिए की थी।

# यूक्रेन के हमलों से ज़ापोरीज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र खतरे में, रुस कर सकता है बड़ी कार्रवाई



**मॉस्को (एजेंसी)।** रुस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब अपने परिणाम की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। दरअसल यूक्रेन ने ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं, जिससे रुस खासा नाराज है और आशंका जाहिर की है कि इससे उसके परमाणु ऊर्जा संयंत्र को खतरा हो सकता है। इसके बाद रुस बड़ी कार्रवाई करने की स्थिति में आ गया है।

जानकारी अनुसार यूकेन के ड्रोन हमलों से परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर खतरा मंछरा रहा है। ज़ापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के गृह नगर एनरगोडार पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने हाल ही में ड्रोन हमले किए था। इन हमलों से परमाणु सुविधा की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंताएं खड़ी हो गईं हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ड्रोन हमलों के चलते अनेक जगह की बिजली गुल हो गई थी। जेडएनपीपी के निदेशक यूरी चेर्निचुक का इस संबंध में कहना है कि शुक्रवार को रेडुगा सबस्टेशन पर ड्रोन हमले हुए जिस कारण जेडएनपीपी के कई डिवीजनों में बिजली चली गई, प्रभावित क्षेत्रों में प्रिंटिंग हाउस, पीने के पानी की आपूर्ति करने वाले पंप स्टेशन और उत्पादन और तकनीकी उपकरण प्रबंधन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह हमला स्टेशन के संचालन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर सीधा किया गया है। ऐसे में हमला जेडएनपीपी की सुरक्षा प्रभावित करता है।

## अमेरिका में बाढ़ से घर छोड़ने को मजबूर लोग, कई क्षेत्र भीषण गर्मी झेल रहे



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के आयोवा राज्य में लगातार हो रही बारिश से आई बाढ़ ने लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। वहीं अमेरिका के ज्यादातर हिस्से अब भी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। आयोवा के रॉक वैली में सुबह सायरन बजने लगे और लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया। लोगों को बताया कि क्षेत्र की नदी 'रॉक' में बारिश के कारण जलस्तर बढ़ गया है और तटों को तोड़ते पानी शहर में घुस रहा है।

मेयर केविन वान ओटरलू ने कहा कि एक सरकारी हेलीकॉप्टर मदद के लिए आ रहा था लेकिन यह देखा गया कि नावें जलमग्न इलाकों में निवासियों तक पहुंचने में सक्षम हैं तो उसे वापस बुला लिया। उन्होंने कहा कि कल रात डेढ़ घंटे में चार इंच बारिश हुई। गवर्नर किम रेनॉल्ड्स ने उत्तरी आयोवा के 21 काउंटी के लिए आपदा की घोषणा की है, जिसमें सिउक्स काउंटी भी शामिल है और रॉक वैली भी।

स्थानीय शेरिफ ने ड्रोन से लिए वीडियो पोस्ट किए जिसमें सड़क दिखाई नहीं दे रही, केवल छतें और पेड़ों की चोटियां पानी से ऊपर दिखाई दे रही हैं। अमेरिका के कई हिस्सों में तेज गर्मी और उमस के हालात भी बने हुए हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि करीब डेढ़ करोड़ लोग ऐसे स्थानों पर हैं जहां 'गर्मी की चेतावनी' जारी की गई है वहीं नौ करोड़ लोग ऐसे स्थान पर हैं जहां के लिए गर्मी की थोड़ी कम स्तर की चेतावनी जारी की गई है। देश भर में लाखों लोगों का जीवन तेज गर्मी के कारण अस्त-व्यस्त हो गया है।

# इजरायली सेना की दरिंदगी, घायल को बोनट पर बांधकर शहर में घुमाया

**जेनिन (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध खत्म नहीं हो रहा है और यह युद्ध क्रूरता की हदें पार कर रहा है। इजरायली रक्षा बलों की दरिंदगी और हैवानियत लगातार दुनिया के सामने आ रही हैं। इजरायली सैन्य बलों ने पहले राहत शिविरों में सो रहे मासूमों पर बम बरसाकर उन्हें मौत की नींद सुला दिया और तबाही मचाई।



अब एक और घटना ने आईडीएफ के दावों की पोल खोल दी है। शनिवार को अपने कब्जे वाले पश्चिमी तट के शहर जेनिन में इजरायली रक्षा बलों ने एक घायल फिलिस्तीनी व्यक्ति को जीप के बोनट पर बांधकर शहर में घुमाया। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। और लोग इजराइल सेना की क्रूरता की निंदा कर रहे हैं। घटना सामने आने के बाद इजरायल ने मामले में जांच शुरू करने का आदेश दिया है।

इजरायली रक्षा बलों की दरिंदगी दिखा रहे इस वीडियो में दिख रहा है कि एक फिलिस्तीनी युवक मुजाहिद आज़मी है, उसे एक जीप के बोनट पर बांधकर घुमाते हुए देखा जा सकता है। जीप दो एंबुलेंस को पार करते हुए आगे बढ़ते दिखाई दे रही है। उधर, इज़रायली सेना ने कहा कि उसके सैन्य बलों पर गोलीबारी की गई और दोनों ओर से गोलीबारी हुई, जिसमें एक संदिग्ध घायल हो गया और उसे पकड़ लिया। सैनिकों ने सैन्य प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। बयान में कहा गया है कि घटना के वीडियो में दिख रहे बलों का आचरण इजरायली सेना के मूल्यों के अनुरूप नहीं है और इस घटना की जांच की जाएगी तथा उससे निपटा जाएगा। सेना ने बताया कि व्यक्ति को उपचार के लिए चिकित्सकों के पास भेजा है।

उधर, आज़मी के परिवार के मुताबिक छापेमारी के दौरान यह घटना हुई। उनका कहना है कि आजमी की गिरफ्तारी के लिए इजरायली सेना बड़ी संख्या में जबरन उनके घर में घुस गई। गोलीबारी के दौरान वह घायल हो गए। जब परिवार ने एम्बुलेंस की मांग की तो सेना जबरन उसे जीप के बोनट पर बांधकर अपने साथ ले गई।

## महिला को रास नहीं आया बिना काम पैसा, कंपनी पर लगाया केस, 20 साल तक दिया वेतन

पेरिस। दुनिया में कोई कंपनी बिना काम के वेतन नहीं दे सकती। फिर भी कोई कंपनी बिना काम किए अपने कर्मचारी को सैलरी दे, तो ये खुसकिस्मती ही कही जाएगी। लेकिन यहां सबकुछ उल्टा है। एक महिला ने केस इसलिए लगाया कि उसे बिना काम के 20 साल तक वेतन क्यों दिया गया। फ्रांसीसी महिला ने दूरसंचार दिग्गज कंपनी ऑरेंज पर हैरान कर देने वाला मुकदमा दायर किया है। दरअसल महिला ने कंपनी पर आरोप लगाया कि कंपनी ने उसे कोई काम नहीं दिया। इस दौरान कंपनी उसे सैलरी देती रही। लॉरेंस वैन वासेनहोवे का दावा है कि विकलांगता के कारण ट्रांसफर का अनुरोध करने के बाद कंपनी ने उसे प्रभावी रूप से किसी भी प्लान में शामिल करना बंद कर दिया। आंशिक पक्षाघात और मिर्गी से पीड़ित वासेनहोवे को कथित तौर पर 1993 में ऑरेंज के पूर्ववर्ती फ्रांस टेलीकॉम द्वारा काम पर रखा गया था। वह आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हैं। शुरुआत में, उन्होंने अपनी सीमाओं के अनुरूप भूमिकाएं निभाईं, सचिव और मानव संसाधन के रूप में काम किया।

# ब्रिटेन पीएम की कंजर्वेटिव पार्टी के अधिकारी पर लगा सट्टेबाजी का आरोप

### -ऋषि सुनक सहयोगियों पर लगे आरोपों के बारे में सुनकर हुए दुखी

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के एक अधिकारी पर सट्टेबाजी का आरोप लगा है। आरोप है कि अधिकारी ने आम चुनाव की तारीख का ऐलान होने से पहले ही उस पर सट्टा लगा दिया था, ब्रिटेन का जुआ आयोग इस बात की जांच कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन के जुआ आयोग ने पहले ही दो कंजर्वेटिव चुनाव उम्मीदवारों और पार्टी के अभियान निदेशक पर चार जुलाई के चुनाव की तिथि पर सट्टा लगाने के आरोप की जांच शुरू कर दी है।

अधिकारी का नाम निक मेसन बताया जा रहा है जो कंजर्वेटिव पार्टी में मुख्य डेटा अधिकारी है। मेसन ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रिपोर्ट में मेसन के प्रवक्ता के हवाले से कहा कि उन्होंने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है। बताया जा रहा है मेसन अपने ऊपर आरोप लगने के बाद छुट्टी पर चले गए हैं।

घोटाले को लेकर बढ़ते आरोपों ने पीएम सुनक के विरोध दल लेबर पार्टी को उनपर हमला करने का मौका मिल गया है। वहीं, आम चुनाव में पहले से जनमत सर्वेक्षणों में पिछड़ रही सुनक की पार्टी को ये नया झटका लगा है। सुनक ने कहा कि वह अपने पार्टी सहयोगियों के खिलाफ आरोपों के बारे में सुनकर दुखी और उनसे नाराज हैं। वहीं, घोटाले में नामित कंजर्वेटिव उम्मीदवारों में से एक, क्रेग विलियम्स ने पहले ही इस गलती के लिए माफी मांग ली है और पार्टी के अभियान निदेशक टोनी ली ने छुट्टी ले ली है। दूसरी ओर सुनक के आवास मंत्री माइकल गोव ने एक साक्षात्कार में सट्टेबाजी के आरोपों की तुलना पार्टीगेट घोटाले से की। उन्होंने कहा कि यह सबसे अधिक नुकसानदायक है। गोव 14 सालों तक सांसद रहने के बाद इस चुनाव से हट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टीगेट के समय पार्टी को नुकसान हुआ था और यहां भी यह नुकसानदायक है।



# संक्षिप्त खबरें

## ग्रामीण विकास एवं मानव अधिकार संगठन का हुआ विस्तार, स्टेट कोऑर्डिनेटर चुने गए शेसांक व सुरेश चंद्र भक्त



**जादूगोड़ा(बिभा):** जादूगोड़ा थाना अंतर्गत आदिवासी बालिका उच्च विद्यालय गोपालपुर स्थित स्कूल परिसर में ग्रामीण विकास एवं मानव अधिकार संगठन की रविवार बैठक हुई।इधर बैठक की अध्यक्षता संगठन सचिव ओमियो रंजन भकत ने की जहा सर्वसम्मति से संगठन को धार - दार बनाने के लिए राज्य स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। इस राज्य स्तरीय कमिटी में कोऑर्डिनेटर के तौर पर शेसांक भकत व सुरेश चंद्र भकत को बनाया गया। इसी तरह पूर्वी सिंहभूम जिला स्तरीय कमिटी में अध्यक्ष लुगु मुर्मु व कोषाध्यक्ष उत्पल भकत व जिला संयोजक की जिम्मेदारी सूरज भकत ( पोटका) गौतम भकत व जोगिंदर भकत को दी गई है।इन सभी चयनित पदाधिकारी को संगठन सचिव ओमियो भक्त की अनुशंसा के बाद नियुक्ति पत्र सौपी गई। बैठक के बाद संगठन सचिव ओमियो रंजन भकत ने कहा की संघटन पूरे राज्य महान जागरण अभियान चलाकर लोगो को सदस्य बनाएगी व कंबल वितरण,ब्लड कैंप समेत आने वाले दिनों में बहडागोड़ा में ओल्ड एज होम की स्थापना की जायेगी । इस बैठक में संगठन की ओर से सुभाषिनी, सरदार रीना रानी बेरा, मुरारी लाल भक्त, देवदास भक्त सनातन सिंह समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जादूगोड़ा में मनी पुण्यतिथि, दी गई श्रद्धांजलि



**जादूगोड़ा(बिभा):** जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जादूगोड़ा स्थित यूसील कॉलोनी में उनकी पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इधर इस मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मनोज प्रताप सिंह ने कहा की उनकी कुबार्नी की वजह से ही कश्मीर से धारा 370 हटना संभव हो सका ।उनकी कुर्बानियों को देश कभी भुला नहीं सकता। इसके पूर्व कंपनी कॉलोनी में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर जादूगोड़ा मंडल अध्यक्ष दिलीप पुराण, एस टी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लिटा राम मुर्मू, मंडल महामंत्री मनोज सिंह,पूर्व प्रमुख रुपाली सवैया, सोमेन कुमार भक्त रिक्की भकत ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी व देश के प्रति उनके योगदान को जन -जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सर्पदंश से महिला गंभीर, सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

**लोहरदगा(बिभा):** बगड़ू थाना क्षेत्र के निचे बगड़ू में सर्पदंश से एक महिला गंभीर हो गई है, जिसे परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी अनुसार नीचे बगड़ू निवासी सुजीत उरांव की पत्नी सबिता उरांव को मवेशी चराने के क्रम में सांप ने डंस लिया। साबित ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, परिजनों ने सबिता को इलाज के लिए सबिता को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

## मकड़ी के काटने से किशोर गंभीर, सदर अस्पताल में भर्ती

**लोहरदगा(बिभा):** कैरो थाना क्षेत्र के हुदू गांव में जहरीला मकड़ी के काटने से एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी अनुसार गोवर्धन महली का 16 वर्षीय पुत्र छोटू महली को घर पर ही जहरीले मकड़ी ने काट ली थी जिससे उसकी तबियत बिगड़ने लगी, परिजनों ने आनन-फानन में छोटू को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है,चिकत्सकों ने छोटू की स्तिथि में सुधार होने की बात बताई है।

## सेवा भारती द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिवीर आयोजित

**लोहरदगा(बिभा):** सेवा भारती द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 106 वां निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए,आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ,41 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा बदलते मौसम पर अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है और कहा कि जीव सेवा- मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इससे आगे कुछ नहीं, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए,जिससे होने वाले कई बीमारीयों की जानकारी मिल सकती है जिससे कि समय पर उसका इलाज कराकर स्वस्थ हो सकते हैं,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,शशि भुषण सिंह,सचिव जयप्रकाश शर्मा,सह सचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है,लोगों ने शुगर,बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉक्टर से परामर्श भी लिए,आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,अवधेश मित्तल,जयप्रकाश शर्मा,संजय चौधरी,शशि भूषण सिंह,सुबोध महतो,गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,अंजलि सर्राफ,मीना देवी,पायल अग्रवाल,अतुल सर्राफ,मनमोहन प्रसाद,राजीव कुमार सिंह,रेखा देवी,महेश कास्यंकार,इंदु देवी,अशोक शाह,सुनैना देवी,मीना देवी,मनोज प्रसाद,ओम प्रकाश गुप्ता,ज्ञानेश गुप्ता,राधेश्याम प्रसाद,अनिल मोदी,अनूप महतो,रेणु देवी,विजय गुप्ता,उदय कास्यंकार,बिहारी उरांव,देवनारायण प्रसाद गुप्ता,सूरज साहू आदि उपस्थित थे।

# द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम कल से

बिभा संवाददाता



**देवघर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री विशाल सागर की अध्यक्षता में रविवार को परिसदन सभागार में द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के सफल संचालन को लेकर राजनीतिक दलों बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि आयोग के निर्देश पर 01 जुलाई , 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचि का विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

इसके अलावे बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गई कि 25 जून से 24 जुलाई तक द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनिरीक्षन कार्यक्रम चलाए जाएगा। साथ ही बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा एवं छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, ईपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले पहचान करना आदि कार्य सर्वेक्षण किया जाना है। आगे उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घर-घर सत्यापन कार्य के दौरान 01 जुलाई 2024 को 18 साल की अगला आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को मतदाता सूची में लेख सम्मिलित करना एब्सेंट, शिफ्टेड एंड डेथ मतदाताआ का फॉर्म -7 भरना आदि कार्य किया जाना है। साथ 1500 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र को चिन्हित करने के अलावा मतदान केंद्र जर्जर हो गया है तो उसके लिए सुविधायुक्त स्थल का चयन करने से जुड़ी जानकारियों से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही शतप्रतिशत सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की बात कहीं, ताकि एक भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूचि में न छूटे।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री शैलेस कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम रूम का सायरन बजने पर दौड़ी पुलिस

**रांची।** राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत किशोरगंज रोड पर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम रूम का सायरन रविवार को अचानक बजने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। बताया गया कि मशीन के कार्ड स्ट्रिप को बदलने की कोशिश की गई थी। इसी वजह से सायरन बजने लगा था। सायरन बजने के बाद पुलिस ने बैंक के मैनेजर को बुलाया और उनसे एटीएम में छेड़छाड़ की जांच करने को कहा। एटीएम के कार्ड स्ट्रिप के जांच करने पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान एटीएम में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है। सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# भाजपाइयों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। बलिदान दिवस कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण कर शुरूआत की गई।कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे। भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता है। वे सम्पूर्ण भारत को एक मानते थे। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। श्रीचंद प्रजापति ने कहा कि भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान शुरू किया, इसके लिए उन्हें अपने प्राणों को त्यागना पड़ा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके साकार हो गए। वर्तमान काश्मीर की विकास देख पड़ोसी देश और विश्व अचंभित हैं। वहीं धारा 370 लोगों का प्लायान और पत्थरबाजी, आतंकवादियों का तांडव थे जो लगभग समाप्त हैं। एक बार डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि वह दिन दूर नहीं जब अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप समूचा बंगाल पाकिस्तान का अधिकार क्षेत्र बन जाएगा। उन्होंने की तुष्टिकरण की नीति का सदैव खुलकर विरोध किये थे। यही कारण था कि उनको संकुचित सांप्रदायिक विचार का द्योतक समझा जाने लगा। परंतु आज उन्हीं के संघर्षों ने नए विचारों को जन्म दिया और पूरे देश में एक विधान, एक प्रधान, एक निशान स्थापित हो गया। वही बंगाल को देखकर जो उनके मन में डर लगा था आज हम सभी प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ही देश हित में हाथ लेते हुए सभी समस्याओं को धीरे-धीरे खत्म कर रही है बहुत जल ऐसी समस्याओं को भी निपटा जाएगा। कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यालय परिषद में वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गयी । अभी लगातार भाजपा किसी कार्यक्रम करने से पहले वृक्ष के पौधे लगाने का कार्य पहले करेंगे तब कार्यक्रम की शुरूआत होगी। वहीं भाजपा का एक कार्यकर्ता अपनी मां के नाम एक वृक्ष जरुर लगाएंगे साथ ही उसे लोगों को प्रेरित करने के लिए मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक ट्विटर पर अपलोड करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री चंद्र प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो, जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, विमलकांत सिंह, मोहन साहू, पशुपतिनाथ पारस, सजल कुमार, मनीष शिखर , सुरेश बैठा, प्रकाश नायक, सुरेश लोहारा, सुधांशु कुमार, शंकर लोहारा, सहित अन्य उपस्थित थे।

## बस ड्राइवर ने फादर के साथ की मारपीट आक्रोशित लोगों ने चैनपुर मुख्य मार्ग को किया जाम



बिभा संवाददाता

**चैनपुर:** चैनपुर मुख्यालय के बारवे उच्च विद्यालय के सह प्राचार्य फा.अजित कुजूर के साथ वैभव बस के ड्राइवर के द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है।जिसके बाद रविवार की सुबह आक्रोशित लोगों ने चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फा.अजित कुजूर शनिवार की रात अपने जरूरी काम से बस स्टैंड के समीप खड़े थे, तभी पीछे से वैभव बस आकर लगी और किसी कारणवश दोनों की गाड़ी आपस में सट गई। जिसके बाद बस ड्राइवर ने गाड़ी से उतरकर फादर के साथ धक्का मुक्की कर दी। जिससे फादर जमीन पर गिर गये और उनको हाथ में चोट लगी जिसके बाद स्थानीय लोगों ने फादर को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।इधर फादर के साथ मारपीट की घटना पूरे चैनपुर में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद आक्रोशित रविवार को लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जिसके बाद मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव अपने दल बल के साथ जाम स्थल पर पंहुच कर लोगों को समझाया और कहा कि आप थाना में आवेदन दे। पुलिस कार्रवाई जरूर करेगी जिसके बाद लोगों ने जाम को हटा लिया गया। इधर लगभग दो घंटे से लगे जाम में दोनों ओर गाड़ी की लंबी कतार लग गई थी.

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही सेगराटोली विमेंस कॉलेज के समीप लोहरदगा- भंडरा मुख्य पथ पर अनियंत्रित मोटरसाइकिल से चालक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोहरदगा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम और भंडरा निवासी रंजीत साहू ने तत्काल 108 एंबुलेंस के सहारे घायल मोटरसाइकिल सवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। घायल की पहचान तिवारीदुरा निवासी नरेश ठाकुर के पुत्र चंचल ठाकुर के रूप में हुई है।

मौके पर हसीब अंसारी, अफरीदी अंसारी,अफरोज अंसारी के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक प्रतिक चिन्हों का राजनीति कार्यक्रमों में उपयोग बर्दाश्त नही





बिभा संवाददाता

**रांची :** धूमकुड़िया भवन, करमटोली, रांची में आदिवासी सरना धर्म संरक्षण समिति के तत्वावधान में विभिन्न सरना समितियों/आदिवासी संगठनों और आदिवासी बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसधार्मिक-सामाजिक बैठक में प्रमुखता से प्रकृति पूजक आदिवासी सरना समाज पर किये जा रहे लगातार हमले और सरना झंडा , सरना धर्म से जुड़े प्रतीकों/ चिन्हों का दुरुपयोग को लेकर चर्चा की गई । इस बैठक में विभिन्न आदिवासी संगठनों और सरना समिति के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी समितियों/आदिवासी संगठनों और आदिवासी बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं ने जोर देकर सरना धर्म और समाज को वैचारिक रुप से मजबूत करने और इसके लिए आदिवासी सरना जन समुदाय को एकजुट करने की बात कही।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आदिवासी चिंतक आदिवासी बुद्धिजीवि लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी सरना धर्मावलंबियों को अंदर और बाहर दोनों तरफ से किये जा रहे हमले को पहचानना होगा। आज यह समाज चौतरफा संकटों से घिरा हुआ है।

सरना सदान मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि आज सरना धर्म इसके झंडे और इसके प्रतीकों/चिन्हों को बचाने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रमों और विभिन्न जगहों पर सरना झंडा, कलशा और रंपा-चंपा जैसे धार्मिक प्रतीक चिह्न का दुरुपयोग किया जा रहा है।

कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुंडा ने कहा कि आदिवासी सरना समुदाय की धार्मिक सामाजिक भावनाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जाएगा। इसमें आदिवासी समुदाय के बीच लागू करने के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मीनारायण मुंडा, सुरज टोप्पो, जगलाल पहान, बबलू मुण्डा, फुलचन्द तिर्की, रवि तिग्गा,बल्कू उराँव, सोनू खलखो, डब्लू मुंडा, अशोक मुण्डा, अमित मुण्डा ,मिथिलेश कुमार, चंम्पा कुजूर, तानसेन गाड़ी, दिनकर कच्छप, दरिद्र चंद्र पहान, साधुलाल मुंडा, मोहन तिर्की, साधुलाल मुंडा, बिक्की करमाली, मोहन तिर्की, मिथलेश कुमार, सुरेश मिर्धा, जगेश्वर मुंडा, अशोक पहान, सहित कई लोग उपस्थित थे।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातु,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com